हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





सीएम नायब सैनी ने पुष्पांजलि अर्पित की

# योगगुरु स्वामी रामदेव ने दी माता परमेश्वरी देवी जी को श्रद्धांजलि

# बोले: चार पीढ़ियों को दिया आशीर्वाद, अब रहेंगी प्रेरणा बनकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

**रविवार को एमडीयू के टैगोर सभागार में आयोजित की गई श्रद्धांजलि सभा**

**श्रद्धांजलि सभा के दौरान 20 मिनट की एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रस्तुत की गई, जिसमें माता परमेश्वरी देवी जी के साधारण किंतु प्रभावशाली जीवन का चित्रण किया गया**

आर्य समाज, वैदिक परंपरा और योग की भावना को अपने जीवन में पूरी तरह आत्मसात कर जीवन को एक उदाहरण बनाने वाली पूज्य श्रद्धामयी माता परमेश्वरी देवी जी को योगगुरु स्वामी रामदेव ने श्रद्धा और भावनाओं के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की।

रविवार को एमडीयू के टैगोर सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बाबा रामदेव ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी का जीवन एक तपस्विनी, अनुशासित और उदार नारी ▸▸ शेष पेज 5 पर

### बेटे की तरह दुलार करतीं तो डांटती भी थी

बाबा रामदेव ने कहा कि माता जी उन्हें बेहद स्नेह करती थीं। उन्होंने बताया कि मां मुझे अपने बेटों की तरह मानती थीं। मुझे प्यार करती थीं, डांटती थीं, समझाती थीं। एक बार उन्होंने मुझसे कहा कि तू सबके पांव ठीक करता है, मेरे पांव भी ठीक कर दे वरना लाठी से तेरे पांव तोड़ दूंगी। यही उनका स्नेह और अपनापन था। वह 15 दिन पहले ही माताजी से मिलने आए थे, और उन्हें क्या पता था कि मात्र तीन दिन बाद उनके ▸▸ शेष पेज 5 पर

### भजनों ने किया भावुक

वैदिक दिनेश की भजन मंडली ने कई भजन प्रस्तुत किए। उन्होंने जब चिट्ठी न कोई संदेश, जाने वो कौन सा देश भजन गाया तो हॉल में बैठे हर किसी व्यक्ति की आंखें नम हो गई। इसके अलावा उन्होंने - कहां हो मां, तुझे तेरे ▸▸ शेष पेज 5 पर

### माताजी-एक सामाजिक विरासत की वाहक

माता परमेश्वरी देवी अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। जिसमें उनके 6 बेटे और 3 बेटियां शामिल हैं। उनके बेटों के नाम रुद्रसेन, वीरसेन, व्रतपाल, कैप्टन ▸▸ शेष पेज 5 पर




माताजी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित करते बाबा रामदेव

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पुणे से हैदराबाद जा रही इंडिगो की फ्लाइट डायवर्ट

**नई दिल्ली।** पुणे से हैदराबाद जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई-6473 को हैदराबाद एयरस्पेस में भारी ट्रैफिक के चलते विजयवाड़ा डायवर्ट करना पड़ा। विमान ने रविवार सुबह 8:43 बजे पुणे एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी और हैदराबाद एयरपोर्ट की ओर जा रहा था। एयरलाइन सूत्रों के अनुसार हैदराबाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल से सूचना मिलने के बाद पायलट ने यह निर्णय लिया। फ्लाइट को सुरक्षित रूप से विजयवाड़ा में उतार लिया गया और सभी यात्री सुरक्षित हैं। जब तक हैदराबाद में स्थिति सामान्य नहीं हो जाती।



### अनंत अंबानी को करीब 20 करोड़ वेतन, कई भत्ते

**मुंबई।** उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे पुत्र रिलायंस इंडस्ट्रीज में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किए गए। अनंत अंबानी को सालाना 10-20 करोड़ का वेतन और मुनाफे पर कमीशन सहित कई भत्ते दिए जाएंगे। शेयरधारकों को ये जानकारी दी गई है। एशिया के सबसे अमीर मुकेश अंबानी के तीनों बड़े बच्चे जुड़वां आकाश और ईशा, तथा अनंत को 2023 में गैर कार्यकारी निदेशक के रूप में कंपनी के बोर्ड में शामिल किया गया था। वहीं इस साल अप्रैल में सिर्फ अनंत को कार्यकारी निदेशक बनाया गया।



# 'मन की बात' में पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर देश को किया संबोधित

# जनभागीदारी की ताकत से देश ने आपातकाल के अंधेरे को हराया... उस दौर में 'संविधान' की हत्या

*कहा... काले दौर में भी भारतीय जनता न झुकी, न टूटी, और न ही समझौता किया*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 123वें एपिसोड में कई महत्वपूर्ण विषयों पर देशवासियों से बात की। इनमें से एक अहम मुद्दा था 1975 में कांग्रेस शासनकाल के दौरान लगाया गया आपातकाल। इस दौरान पीएम मोदी ने देशवासियों को उस दौर की भयावहता और संकट से अवगत कराने के लिए विभिन्न नेताओं के ऑडियो संदेशों को भी सुनाया। इसमें लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश की गई थी। जनभागीदारी की शक्ति से, बड़े-बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है। इसके बाद उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी भाई देसाई ▸▸ शेष पेज 5 पर




123वें एपिसोड में रखे विचार

### ऐसी ताकतों को बाहर का रास्ता दिखाया

पीएम मोदी ने इस दौरान भारत की जनता की अदम्य शक्ति की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि उस काले दौर में भी भारतीय जनता न झुकी, न टूटी, और न ही लोकतंत्र के साथ कोई समझौता किया। आखिरकार, जनता-जनार्दन की जीत हुई और आपातकाल को हटाने के साथ-साथ इसे थोपने वाली ताकतों को भी सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

### 95 करोड़ लोग ले रहे सामाजिक सुरक्षा का लाभ

*पीएम मोदी ने कहा कि 'विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को टाइकोमा फ्री घोषित कर दिया है। ये लाखों लोगों की मेहनत का फल है। जिन्होंने बिना तके, बिना रुके बीमारी के खिलाफ लड़ाई लड़ी। ये सफलता हमारे हेल्थ वर्कर्स की है। आज देश के 95 करोड़ लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ ले रहे हैं।*

### 'सिंदूर वन' ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को समर्पित

*पीएम मोदी ने कहा कि 'इस महीने हम सबने 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया। मुझे आपके हजारों संदेश मिले। कई लोगों ने अपने आस-पास के उन साथियों के बारे में बताया जो अकेले ही पर्यावरण बचाने निकल पड़े थे और फिर उनके साथ पूरा समाज जुड़ गया। यहां नगर निगम ने 'मिशन फॉर मिलिनय ट्रीज' अभियान शुरू किया है। उसका लक्ष्य है- लाखों पेड़ लगाना। यह वीरों को समर्पित है।*

## पुरी में तड़के भगदड़, तीन की मौत, करीब 50 घायल

# डीएम व एसपी का तबादला दो अन्य अधिकारी निलंबित



> सीएम माझी ने कहा मैं और मेरी सरकार महाप्रभु जगन्नाथ के सभी भक्तों से क्षमा याचना करते हैं।

एजेंसी ⏭ पुरी

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को पुरी में एक मंदिर के पास भगदड़ के लिए भगवान जगन्नाथ के भक्तों से क्षमा मांगी। इस घटना में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई है। पुरी में श्री गुंडिचा मंदिर के निकट रविवार को मची भगदड़ में कम से कम तीन व्यक्तियों की मौत हो गई और करीब 50 अन्य घायल हो गए। यह घटना तड़के करीब चार बजे हुई, जब सैकड़ों श्रद्धालु रथयात्रा उत्सव देखने के लिए मंदिर के पास एकत्रित हुए थे। सीएम माझी ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए ▸▸ शेष पेज 5 पर

### दो ट्रकों के बीच में घुसने से मची अफरा-तफरी



अधिकारियों ने बताया कि अनुष्ठान के लिए सामग्री ले जा रहे दो ट्रकों के भगवान जगन्नाथ और उनके भाई भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा ▸▸ शेष पेज 5 पर

## बेंगलुरु में दिल दहला देने वाली वारदात

# महिला की हत्या कर बोरे में ठूंसा शव और उसे कचरे वाले ट्रक में फेंक दिया

एजेंसी ⏭ बेंगलुरू

यह घटना बेंगलुरु में 33 साल की विवाहित महिला की चौंकाने वाली हत्या के कुछ सप्ताह बाद हुई है। दो बच्चों की मां हरिनी आर की कथित तौर पर यशस (25) नाम के एक तकनीकी विशेषज्ञ ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी जिसके साथ उसका प्रेम ▸▸ शेष पेज 5 पर

■ सीसीटीवी खंगालने लगी पुलिस, महिला दो बच्चों की मां





### महिला के हाथ और गर्दन बंधे हुए थे

बेंगलुरु के संयुक्त पुलिस आयुक्त सी वामसी कृष्णा ने कहा कि बोरी को रात 1 से 3 बजे के बीच कचरा ट्रक में फेंका गया था। उन्होंने कहा कि महिला के हाथ और गर्दन बंधे हुए थे और शव एक बोरी में था। (बेंगलुरु सिविक बॉडी) बीबीएमपी स्टाफ ने हमें शव के बारे में सूचना दी। हमने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रहे हैं।

## पहले चरण का आगाज अप्रैल 2026 से

**पहला चरण डिजिटल माध्यम से होगा, इस दौरान जाति की भी जानकारी ली जाएगी**

# आजादी के बाद 8वीं जनगणना, पहले मकान सूचीकरण कार्य करेंगे अधिकारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जनगणना 2026 की तैयारियां शुरू हो गई है। इसके तहत 1 अप्रैल 2026 से मकान सूचीकरण का काम शुरू होगा। बता दें कि, जनसंख्या गणना का पहला चरण डिजिटल माध्यम से होगा, इस दौरान जाति की भी जानकारी ली जाएगी। रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र लिखकर बताया कि हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन और हाउसिंग जनगणना 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगी। दो चरणों में जनगणना होगी। पहला चरण– मकान सूचीकरण काम जिसे हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) भी कहा जाता है। इसमें हर घर की स्थिति, सुविधाएं ▸▸ शेष पेज 5 पर



### क्या है मकान सूचीकरण काम?

इस चरण में सरकार यह पता लगाएगी कि घर की दीवार, छत और फर्श किस सामग्री की बनी है। घर में कितने कमरे हैं, कितने लोग रहते हैं, घर में शादीशुदा जोड़े हैं या नहीं, क्या घर का मुखिया महिला है या वह अनुसूचित जाति/जनजाति से है। इस बार की जनगणना खास होगी क्योंकि यह पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी। इसके लिए मोबाइल ऐप का इस्तेमाल होगा। साथ ही, लोगों को स्वयं से जानकारी देने की सुविधा भी दी जाएगी।

# बांकेबिहारी मंदिर में भीड़ से बिगड़े हालात

एजेंसी ⏭ वृंदावन

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार की सुबह दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी तो व्यवस्था ध्वस्त नजर आईं। रास्ते में लगे बैरियर पर रोके जाने से श्रद्धालुओं को खासी परेशानी हो रही थी।

मंदिर के अंदर और बाहर भीड़ के दबाव में हालात बिगड़ गए। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि देखने को मिली। मंदिर खुलने के साथ ही श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में डेरा डाल लिया। विभिन्न प्रकार के फूलों से सजे बंगला में विराजित ठाकुरजी के दर्शन कर श्रद्धालु प्रांगण में ही ठहर गए। ऐसे में मंदिर के बाहर चबूतरे पर श्रद्धालुओं के लिए पुलिस ने बैरियर लगाकर रोक दिया। मंदिर में श्रद्धालुओं का ठहराव खत्म नहीं करवाया जा रहा था। जबकि मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही थी। ऐसे में सिर पर तेज धूप और उमसभरी गर्मी में भीड़ के बीच फंसी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्ग श्रद्धालुओं की हालत खराब हो रही थी। लेकिन, पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दे रहे थे। जैसे ही बैरियर खुलता श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर की ओर दौड़ लगा देती।



## नई प्रणाली में बुकिंग क्षमता 1.5 लाख टिकट प्रति मिनट हो जाएगी

**भारतीय रेलवे की यात्री आरक्षण प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव, टिकटिंग होगी स्मार्ट, पारदर्शी और सुलभ**

# रेल यात्री ध्यान दें: अब ट्रेन टाइमिंग से आठ घंटे पहले पता चल जाएगा वेटिंग टिकट कंफर्म हुआ या नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे यात्री सुविधाओं को बढ़ाने और टिकटिंग प्रणाली को अधिक पारदर्शी, स्मार्ट, और सुलभ बनाने के लिए कई बड़े सुधार लागू करने जा रही है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में इन सुधारों की समीक्षा की और रेल यात्रियों के लिए एक सहज, आरामदायक, और विश्वसनीय अनुभव सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इन सुधारों में आरक्षण चार्ट की समयावधि में बदलाव, नई यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस), और तत्काल टिकट बुकिंग के लिए सुदृढ़ प्रमाणीकरण प्रणाली शामिल हैं। ये कदम भारतीय रेलवे को आधुनिक और नागरिक-अनुकूल बनाने की दिशा में मील ▸▸ शेष पेज 5 पर



### तत्काल टिकट बुकिंग में सख्ती: आधार और ओटीपी प्रमाणीकरण

*तत्काल टिकट बुकिंग में कालाबाजारी और फर्जी बुकिंग को रोकने के लिए रेलवे ने कड़े नियम लागू किए हैं। 1 जुलाई 2025 से लागू होने वाले बदलाव किये गये हैं जिनमें आईआरसीटीसी वेबसाइट और ऐप के जरिए तत्काल टिकट केवल आधार-प्रमाणित उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे। इसके लिए उपयोगकर्ताओं को अपना आईआरसीटीसी खाता आधार से लिंक करना होगा।*

### नई यात्री आरक्षण प्रणाली: दिसंबर 2025 तक क्रांति

*रेलवे की मौजूदा यात्री आरक्षण प्रणाली को और अधिक आधुनिक और सक्षम बनाने के लिए रेल सूचना प्रणाली केंद्र पिछले कुछ महीनों से काम कर रहा है। नई प्रणाली दिसंबर 2025 तक लागू होने की उम्मीद है, जो मौजूदा सिस्टम की तुलना में दस गुना अधिक लोड संभालने में सक्षम होगी। वर्तमान में प्रति मिनट 32,000 टिकट बुक किया जा सकता है। नई प्रणाली में यह क्षमता बढ़कर 1.5 लाख टिकट प्रति मिनट हो जाएगी। इससे तत्काल और सामान्य बुकिंग के दौरान सिस्टम पर दबाव कम होगा और टिकट बुकिंग तेज होगी। मौजूदा 4 लाख इंक्वायरी प्रति मिनट की तुलना में नई प्रणाली 40 लाख इंक्वायरी प्रति मिनट संभाल सकेगी। इससे यात्रियों को पीएनआर स्थिति, सीट उपलब्धता, और किराया जानकारी तुरंत* ▸▸ शेष पेज 5 पर

### उमस भरी गर्मी से लोगों को मिली बड़ी राहत

# 'लो जी आखिर दिल्ली पहुंच गया मानसून', झमाझम हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




दिन प्रतिदिन मानसून के इंतजार में बैठे दिल्ली वालों के लिए वीकेंड रविवार खुशखबरी लेकर आया और आखिर मानसून ने राजधानी में दस्तक देते हुए कई क्षेत्रों में झमाझम पानी बरसा दिया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भी अधिकृत रूप से घोषणा कर दी कि 2025 का मानसून दो दिन की देरी से दिल्ली पहुंच गया है। आईएमडी के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मानसून ने 29 जून को दिल्ली सहित राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा के शेष बचे हिस्सों में दस्तक दी है। बता दें कि आमतौर पर दिल्ली में मानसून 27 जून को पहुंचता है, लेकिन इस बार दो दिन के देरी के साथ पहुंचा है। शनिवार को भी दिल्ली के कई हिस्सों में पानी बरसा था, लेकिन आईएमडी ने मानसून आने की घोषणा नहीं कि करते हुए रविवार को पहुंचने की संभावना जताई थी। गत कई दिनों से मानसून को लेकर आईएमडी की भविष्यवाणी गलत साबित होती रही थी, जो अब जाकर सही साबित हुई है।

### झमाझम बारिश से चार डिग्री नीचे गिरा अधिकतम तापमान

शनिवार के बाद रविवार को हुई झमाझम बारिश के चलते दिल्ली के अधिकतम तापमान में चार डिग्री की बड़ी गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी व चिपचिपी उमस से राहत मिली है। आईएमडी के अनुसार वीकेंड पर दिल्ली का अधिकतम तापमान लुढ़ककर 32.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 4.4 डिग्री नीचे है। जबकि न्यूनतम तापमान रहा 26.8 डिग्री सेल्सियस जो सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस कम है। यानी दिन व रात के पारा अब सामान्य से नीचे लुढ़क गया है। जबकि दो दिन पूर्व तक दिल्ली में 39 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर तापमान पहुंच गया था।

### पालम में सबसे अधिक बारिश हुई दर्ज

मानसून की पहली बारिश के पहले दिन रविवार को शाम साढ़े पांच बजे तक दिल्ली के पालम में सबसे ज्यादा 13.6 मिमी बारिश दर्ज हुई। जबकि देर रात तक का आंकड़ा नहीं मिल सका। जबकि अधिकृत सफदरजंग वेधशाला ने 5.1 मिमी बारिश दर्ज की। इसके अलावा लोधी रोड 5.3 मिमी, रिज एरिया 0.3 मिमी, राजघाट 8.3 मिमी, आया नगर में 9.9 मिमी, पूसा में 1.0 मिमी, नजफगढ़ में 2.0 मिमी और मयूर विहार में 2.5 मिमी, जबकि शनिवार को यहां सबसे ज्यादा 23 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।

### दिल्ली वालों को अगले कई दिन राहत की बारिश मिलने की उम्मीद

आईएमडी ने रविवार को दिल्ली में झमाझम बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। अब ताजा अनुमान में आईएमडी ने कहा है कि सोमवार सहित अगले कई दिन दिल्ली में राहत भरी बारिश बरस सकती है। आईएमडी के अनुसार सोमवार को बारिश व तेज हवाओं की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया। जबकि मंगलवार से शनिवार तक हल्की बारिश व बूंदाबांदी के साथ हवाएं चलने की संभावना के तहत आईएमडी ने ग्रीन अलर्ट जारी किया है।

### 2020 के बाद मानसून ने सबसे तेजी से किया पूरे देश कवर

मौसम विभाग के आंकड़ों की मानें तो वर्ष 2020 के बाद 2025 में यह पहला मौका है जब मानसून ने इतनी जल्दी पूरे देश को कवर किया। जहां 2020 में मानसून ने 26 जून तक पूरे भारत में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी, वहीं 29 जून 2025 में लगभग पूरे देश में मानसून पहुंच चुका है। आमतौर पर मानसून 1 जून को केरल से शुरू होता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर करता है। इसके बाद, यह 17 सितंबर से उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह विदा ले लेता है। इस साल मानसून ने 24 मई को केरल में दस्तक दी, जो 2009 के बाद सबसे जल्दी थी। 2009 में मानसून 23 मई को पहुंचा था। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बने मजबूत निम्न दबाव सिस्टम की मदद से मानसून ने तेजी से कदम बढ़ाए। 29 मई तक यह मध्य महाराष्ट्र, मुंबई और पूरे पूर्वोत्तर भारत तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद 18 दिनों तक, यानी 29 मई से 16 जून तक, मानसून की रफ्तार थम-सी गई।

## बिजली मांग में आई एक हजार मेगावाट की भारी गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



राजधानी में मानसून की एंट्री के साथ ही बिजली की मांग में एक हजार मेगावाट की भारी गिरावट दर्ज हुई है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार जहां शनिवार को दिल्ली की अधिकतम बिजली खपत 7473 मेगावाट दर्ज हुई थी वहीं मानसून की एंट्री के साथ रविवार को यह मांग गिरकर 6470 मेगावाट रह गई। इस प्रकार आंकड़े बताते है कि 24 घंटे से भी कम समय के अंतराल में ही दिल्ली में बिजली की मांग में 1000 मेगावाट की भारी गिरावट देखने को मिली है। आंकड़ों अनुसार 28 जून को 7473 मेगावाट, 27 जून को 7632 मेगावाट, 26 जून को 7460 मेगावाट , 24 जून को 7177 मेगावाट, 23 जून को 7539 मेगावाट बिजली की खपत दर्ज हुई थी। इस बार गर्मियों के अब तक मौसम में बिजली की मांग 12 जून 2025 को सबसे अधिक 8442 मेगावाट पहुंच गई थी। लेकिन अभी तक ऑल टाइम बिजली की खपत 18 जून 2024 को 8,647 मेगावाट का रिकॉर्ड नहीं टूटा है। निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों टाटा पावर डीडीएल और बीएसईएस की मानें तो बेशक मानसून आ गया है लेकिन अभी 8,647 मेगावाट से अधिक ऐतिहासिक नई मांग का रिकॉर्ड दर्ज होने से इंकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि जुलाई के महीने में अकसर भारी उमस व गर्मी के चलते बिजली की खपत में काफी उछाल आता रहा है।

## वायु प्रदूषण में आई कमी वीकेंड पर एक्यूआई 85 किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दम घोटू कही जाने वाली दिल्ली में वीकेंड रविवार को सुबह 9 बजे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 85 दर्ज किया गया, जो संतोषजनक श्रेणी में आता है। मानसून के दिल्ली पहुंचने के बाद उम्मीद लगाई जा रही है कि आने वाले दिनों में यह आंकड़ा और सुधरेगा और दिल्ली वाले खुलकर साफ सुथरी हवा में सांस ले सकेगें। हालांकि शनिवार सुबह 6:30 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 80 अंक दर्ज हुआ था। जबकि सुबह 7 बजे तक दिल्ली के दस ऐसे क्षेत्र रहे जहां एक्यूआई सबसे ज्यादा दर्ज हुआ। इनमें मुंडका 129, द्वारका 126, वजीरपुर 111, रोहिणी 111, सोनिया विहार 110, सिरी फोर्ट 111, ओखला 121, जहांगीरपुरी 109 और नरेला 98 एक्यूआई शामिल है। हालांकि बारिश के बाद एक्यूआई में मामूली गिरावट देखने को मिली। सीपीसीबी के अनुसार शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम , 201 और 300 के बीच खराब , 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच एक्यूआई गंभीर माना जाता है।

## प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के 94 हजार पैकेट जब्त, दो गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में पुलिस ने एक गोदाम पर छापेमारी करके प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के 94 हजार पैकेट बरामद किए और कर्नाटक निवासी एक व्यक्ति समेत दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान स्थानीय निवासी परीक्षित (22) और कर्नाटक निवासी पी पी चेंगप्पा (40) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी यूनान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से सिगरेट आयात करके दिल्ली-एनसीआर सहित दक्षिण भारत में उसकी आपूर्ति करते थे। पुलिस ने कहा कि एक आवासीय इमारत के बेसमेंट में स्थित गोदाम से कई विदेशी ब्रांड के सिगरेट के पैकेट बरामद किए गए, जिन पर कोई अनिवार्य स्वास्थ्य चेतावनी या अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) नहीं लिखा था, जो सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए) का उल्लंघन है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 27 जून को एक टीम को इलाके में अवैध सिगरेट के भंडार के बारे में सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जिसमें कई विदेशी ब्रांड की सिगरेट बरामद की गईं। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को वसंत कुंज के नांगल देवत इलाके से गिरफ्तार किया गया।

अधिकारी ने बताया कि वसंत कुंज साउथ पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## 'केवाईसी अपडेट' के नाम पर बुजुर्गों से ठगी करने वाला युवक चार साल बाद किया अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने 'केवाईसी अपडेट' के नाम पर बुजुर्गों से ठगी करने के आरोप में पश्चिम बंगाल के 24 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है, जो चार साल से फरार था। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मल्या दास नामक यह युवक वर्ष 2021 में दिल्ली में दर्ज एक ऑनलाइन ठगी के मामले में वांछित था, जिसमें 1.5 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। दक्षिण-पश्चिम जिला के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि वर्ष 2021 में एक महिला ने 'राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल' पर शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके दादा को एक संदेश मिला था, जिसमें कहा गया था कि अगर वह अपना ई-'केवाईसी अपडेट' नहीं कराते हैं, तो उनका सिम कार्ड बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जब बुजुर्ग ने दिए गए नंबर पर कॉल किया, तो उन्हें एक लिंक भेजा गया। उन्होंने बताया कि लिंक पर क्लिक करते ही उनके फोन में एक ऐप्लिकेशन इंस्टॉल हो गया, जिससे ठगों को ओटीपी सहित अन्य जानकारियों तक पहुंच मिल गई और उन्होंने खाते से 1.5 लाख रुपये निकाल लिए। डीसीपी ने बताया कि यह मामला पहले किशनगढ़ थाने में दर्ज किया गया था, जिसे बाद में अक्टूबर 2024 में साइबर पुलिस थाना को स्थानांतरित कर दिया गया। जांच के दौरान पुलिस ने 'मनी ट्रेल' (पैसा कहां से आया और कहां गया) का पता लगाया और पाया कि ठगी गई रकम में से एक लाख रुपये दो फर्जी खातों के जरिये ऑनलाइन गेमिंग वेबसाइट के माध्यम से आरोपी के बैंक खाते में भेजे गए थे, जिसे बाद में एटीएम के माध्यम से निकाला गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के ठिकानों पर कई बार छापेमारी की गई, लेकिन वह हाथ नहीं लगा। पुलिस ने बताया कि बाद में गैर-जमानती वारंट जारी किया गया और नए सिरे से छापेमारी के बाद पश्चिम मेदिनीपुर जिले के केशियारी इलाके से उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दास ने बताया कि वह कोलकाता में दर्ज एक अन्य ठगी के मामले में भी शामिल था और वर्ष 2022 में न्यायिक हिरासत में रह चुका है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने 'मेकैनिकल इंजीनियरिंग' में डिप्लोमा की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी थी। उसने अपने बैंक खाते का इस्तेमाल ठगी की रकम के शोधन के लिए किया था, जिसके जरिये कुल 27 लाख रुपये की रकम भेजी गई। पुलिस ने कहा कि दास ने तूफान नाम के एक सहयोगी के साथ मिलकर कथित तौर पर 'मनी ट्रेल' को खत्म करने के लिए ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से पैसे निकालने की रणनीति का इस्तेमाल किया।

## अवैध रूप से रह रहे 83 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने पूर्वी दिल्ली के विभिन्न इलाकों से 33 नाबालिगों समेत 83 बांग्लादेशी नागरिकों को राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रहने के आरोप में पकड़ा है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध प्रवासियों की पहचान और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए नवंबर 2024 में शुरू किए गए विशेष अभियान का हिस्सा है। अधिकारी ने कहा कि अभियान के तहत अब तक कुल 120 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि हिरासत में लिए गए 83 लोगों में 44 महिलाएं और 39 पुरुष हैं। अधिकारी ने बताया कि ये लोग मंडावली, मयूर विहार, कल्याणपुरी, गाजीपुर तथा आनंद विहार जैसे इलाकों में रहते पाए गए। उन्होंने कहा, ''एक गुप्त सूचना के आधार पर 24 जून को चिह्नित इलाकों में कई जगह छापेमारी की गई। हिरासत में लिए गए लोगों के मोबाइल फोन से बांग्लादेशी नागरिकता से जुड़े फोटो और दस्तावेजों सहित डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए।'' पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पकड़े गए लोग भारत-बांग्लादेश सीमा पर अनधिकृत नदी मार्गों से अवैध रूप से भारत में घुसे थे और उनके पास वैध पहचान पत्र या यात्रा दस्तावेज नहीं थे। उन्होंने बताया कि विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के साथ समन्वय करके कानूनी निर्वासन औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। एफआरआरओ मुख्य रूप से भारत में विदेशी नागरिकों के पंजीकरण और उनके प्रवास की निगरानी के लिए जिम्मेदार है।

### दोनों संदिग्धों के दाहिने पैर में लगी गोली

# अमेरिकी नागरिकों से लूटपाट करने वाले मुठभेड़ में दबोचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली के एक पार्क में दो अमेरिकी नागरिकों से कथित तौर पर लूटपाट और उनपर चाकू से हमला करने वाले दो लोगों को रविवार सुबह पुलिस के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में दोनों संदिग्धों के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि 25 और 26 जून की मध्य रात्रि को दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के आस्था कुंज पार्क में अमेरिकी नागरिक और उसकी महिला मित्र टहल रहे थे, तभी लूटपाट की यह घटना हुई थी। आरोपियों ने अमेरिकी नागरिक पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया था और उसकी महिला मित्र का मोबाइल फोन छीन लिया था। पुलिस के अनुसार, पीड़ित को पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया और बाद में सर्जरी के लिए सरिता विहार स्थित एक अन्य निजी अस्पताल भेज दिया गया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पूर्व) ऐश्वर्या शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिकी नागरिक की महिला मित्र के बयान के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।₹ अमर कॉलोनी पुलिस थाने में मामला दर्ज होने के बाद एक विशेष टीम गठित की गई थी, जिसने आस्था कुंज पार्क, गढ़ी, कालकाजी और नेहरू प्लेस के आसपास के इलाकों में व्यापक छानबीन की। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय मुखबिरों के जरिए संदिग्धों की पहचान करने के बाद टीम को आरोपियों की गतिविधि के बारे में विशेष जानकारी मिली। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए देर रात करीब डेढ़ बजे बजे आस्था कुंज पार्क के प्रवेश और निकास द्वार पर जाल बिछाया गया।₹ सुबह लगभग 5:10 बजे, मुखबिरों द्वारा शिनाख्त किये गए आरोपियों जतिन उर्फ मोगली और अक्षय को इस्कॉन मंदिर की तरफ से आते देखा गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने संदिग्धों से आत्मसमर्पण करने को कहा, लेकिन उन्होंने पुलिसकर्मियों पर गोलियां चला दीं। उन्होंने कहा किअआरोपी ने तीन गोलियां चलाईं, जिसमें एक गोली एक पुलिसकर्मी की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी और दूसरी हेड कांस्टेबल की जैकेट पर लगी। हालांकि कोई भी पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ।₹ आत्मरक्षा में पुलिस टीम ने भी आरोपियों के पैरों को निशाना बनाते हुए तीन गोली चलाई। दोनों संदिग्धों के दाहिने पैर में गोली लगी और बाद में टीम के अन्य सदस्यों की मदद से उन्हें पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि उन्हें (आरोपियों को) तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ने बताया कि उनके पास से एक अत्याधुनिक पिस्तौल, दो कारतूस और एक देसी कट्टा बरामद किया गया। साथ ही, घटना के दौरान लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। आरोपियों की पहचान उत्तम नगर निवासी जतिन उर्फ मोगली (20) गढ़ी निवासी अक्षय बैठिनी (20) के रूप में हुई। मोगली पहले भी मारपीट के दो मामलों में शामिल रहा है।

## धर्मशाला में आयोजित वार्षिक विधायक सम्मेलन में भाग लेंगे विजेंद्र गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे सम्मेलन का उद्घाटन

पीठासीन अधिकारियों और विधायकों को एक मंच पर लाकर विधायी सुशासन, लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व और अंतरराज्यीय सहयोग से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करने के लिए धर्मशाला में आयोजित होने वाले दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन में दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता भाग लेंगे। इस बात की जानकारी विधानसभा सचिवालय ने रविवार को दी है। विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार यह आयोजन 30 जून और 1 जुलाई 2025 को तपोवन, धर्मशाला में किया जा रहा है। यह दो दिवसीय सम्मेलन दिल्ली, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर एवं पंजाब विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों और विधायकों को एक मंच पर लाकर विचार-विमर्श के लिए आयोजित किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष के साथ धर्मशाला जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, मुख्य सचेतक अभय वर्मा, विधायक शिखा राय एवं जितेन्द्र महाजन और दिल्ली विधान सभा के सचिव रंजीत सिंह शामिल हैं, जो इस सम्मेलन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। सम्मेलन में संविधान विशेषज्ञों, सांसदों, विधायकों एवं वरिष्ठ संसदीय अधिकारियों की सहभागिता होगी। इस अवसर का उद्देश्य बदलते सामाजिक-राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में संसद एवं विधानसभाओं की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावशाली एवं सुदृढ़ बनाने पर संवाद को बढ़ावा देना है। सम्मेलन के मुख्य विषयों में राज्य संसाधनों के प्रबंधन में विधायिकाओं की भूमिका तथा राज्य के समग्र विकास में उनके प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के उपाय शामिल हैं।

## मथुरा की तर्ज पर हमारी सरकार दिल्ली में स्थापित करेगी सीएनजी बायो प्लांट : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार भी मथुरा की तर्ज पर दिल्ली में सीएनजी बायो प्लांट की स्थापना करेगी। रविवार दोपहर मथुरा से अपने आवास पहुंची मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बायो गैस प्लांट से जुड़े आला अफसरों से बात की और उन्हें निर्देश दिए कि वे दिल्ली की डेयरियों के आसपास ऐसी और जमीनों की तलाश करें, जहां बायो गैस प्लांट जल्द और आसानी से लगाए जा सकें। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली को स्वच्छ बनाने और मां यमुना को निर्मल बनाने के लिए इस तरह के प्लांट बेहद आवश्यक हैं और हम लगातार ऐसे प्लांट लगा रहे हैं। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द ऐसी जमीन की सूचना उन तक पहुंचाएं तो ऐसे और प्लांट लगाने की प्रक्रिया शुरू की जा सके। उल्लेखनीय है कि शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मथुरा जनपद के कमार गांव में बायो-सीएनजी परियोजना वेस्ट-टू-वेल्थ का उद्घाटन किया और कहा कि पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा की दिशा में यह प्लांट एक सराहनीय पहल है। इस प्लांट से गैस के अलावा खाद का भी उत्पादन होता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा था दिल्ली सरकार भी ऐसी परियोजनाओं पर काम कर रही है। इस मसले पर उन्होंने डेयरी कॉलोनियों के लोगों को बुलाकर उनसे विचार-विमर्श किया था। मुख्यमंत्री के अनुसार दिल्ली में 12 हजार से अधिक डेयरियों से प्रतिदिन हजारों टन गोबर निकलता है और नालों के माध्यम से यमुना नदी में पहुंचकर उसे दूषित करता है। हमें पता है कि मां यमुना को स्वच्छ व निर्मल बनाने के लिए गोबर का निष्पादन जरूरी है। हमारी सरकार सीएनजी बायो प्लांट लगाने को लेकर गंभीर है। हम जल्द ही दो प्रोजेक्ट शुरू कर देंगे। हमारी सरकार दिल्ली की अधिकतर डेयरी कॉलोनियों के पास ऐसे प्लांट लगाने की गंभीर कवायद कर रही है। यह पहल न केवल यमुना को स्वच्छ रखने में सहायक होगी, बल्कि हरित ऊर्जा के उत्पादन में भी योगदान देगी।

### भाजपा-कांग्रेस 'भाई-बहन', भविष्य के चुनावों में इन्हें वोट न देना

# तोड़फोड़ अभियान के खिलाफ एकजुट हों झुग्गीवासी : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को झुग्गीवासियों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार के तोड़फोड़ अभियान के खिलाफ प्रदर्शन करने का आग्रह किया तथा उनसे भविष्य के चुनावों में भाजपा और कांग्रेस को वोट न देने की अपील की। केजरीवाल ने झुग्गी-झोपड़ियों को उजाड़े जाने के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा जंतर-मंतर पर आयोजित एक विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने कहा था कि 'जहां झुग्गी, वहां मकान', लेकिन उनके कहने का मतलब था 'जहां झुग्गी, वहां मैदान'। उनके वादे झूठे हैं और मैं आपसे आग्रह करता हूं कि भविष्य में उनके झांसे में न आएं। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने पिछले पांच महीनों में शहर को 'बर्बाद' कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमने एक बेहतरीन दिल्ली सौंपी थी। लेकिन इन लोगों ने शहर को बर्बाद कर दिया। यहां लंबी अवधि की बिजली कटौती हो रही है, विद्यालयों की फीस बढ़ा दी गई है तथा उनके मंत्री और विधायक दिल्ली को लूटने में व्यस्त हैं। केजरीवाल ने झुग्गीवासियों से एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि यहां 40 लाख झुग्गीवासी हैं। अगर आप सड़कों पर उतरेंगे तो वे तोड़फोड़ रोकने को मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अन्ना हजारे आंदोलन जंतर-मंतर से शुरू हुआ और कांग्रेस को सत्ता से हटा दिया। यहां से एक नया आंदोलन शुरू होगा और भाजपा की सत्ता पर पकड़ भी डगमगा जाएगी। 'आप' संयोजक ने लोगों से भविष्य में कांग्रेस और भाजपा में से किसी को भी वोट न देने का आग्रह करते हुए कहा कि दोनों पार्टियां भाई-बहन की तरह हैं। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब बिजली कटती थी और विद्यालयों की फीस मनमाने तरीके से बढ़ाई जाती थी। 10 वर्ष तक हमने ऐसा नहीं होने दिया। लेकिन भाजपा के सत्ता में आने के बाद फिर से वही चीजें हो रही हैं। केजरीवाल ने भाजपा पर 'आप' नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करके उन्हें निशाना बनाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और सौरभ भारद्वाज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी का यह खेल बंद करें और लोगों के लिए काम करें।




### अगर झुग्गी तोड़नी बंद नहीं की तो रेखा गुप्ता की सरकार तीन साल भी नहीं चलेगी

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर भाजपा ने झुग्गी तोड़नी बंद नहीं की तो रेखा गुप्ता की सरकार तीन साल से ज्यादा नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि इसी जंतर मंतर से कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई थी। इसी जंतर मंतर से अन्ना आंदोलन शुरू हुआ था और उसके बाद कांग्रेस का देश भर में सफाया हो गया।

### झुग्गियों को तोड़ना बंद करे, नहीं तो झुग्गीवाले पीएम के घर में घुस कर कब्जा करेंगे : राय

'आप' के वरिष्ठ नेता व गुजरात के प्रभारी गोपाल राय ने कहा कि भाजपा झुग्गियों को तोड़ना बंद करे, नहीं तो झुग्गीवाले प्रधानमंत्री के घर में घुस कर कब्जा करेंगे। राय ने कहा कि ये लड़ाई जंतर मंतर से शुरू हुई है और रुकने वाली नहीं है। उन्होंने भाजपा से कहा कि कानून और डीडीए की बहानेबाजी मत करो। पहले मकान का इंतजाम करो हम झुग्गी खुद तुमको दे देंगे।

### भाजपा कह रही है कि गरीबों को ही हटाओ : आतिशी

नेता विपक्ष आतिशी ने प्रदर्शन में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कहा अरविंद केजरीवाल कहते थे कि गरीबी हटाओ और भाजपा कह रही है कि गरीबों को हटाओ। बीजेपी ने तय कर लिया है कि एक भी गरीबों को रहने नहीं देगी। आतिशी ने कहा कि भाजपा को पता होना चाहिए गरीबों के हाथ में जो ताकत है, उससे दिल्ली और देश दोनों चलता है। गरीब पहले अपनी ताकत से दिल्ली चला रहे थे, लेकिन अब हम उस ताकत को अपने घर और रोजगार बचाने में लगाएंगे। भाजपा जैसी कोई भी ताकत इसे रोक नहीं पाएगी। झुग्गियां बचाने की इस लड़ाई में आम आदमी पार्टी झुग्गीवालों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

### 'आप' की जनसभा रही फ्लॉप, आप नेताओं के भाषणों में दिखा अराजक रूप : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा जंतर मंतर पर बुलाई गई जनसभा को लेकर रविकार को कहा कि आप की झुग्गीवासियों के नाम पर बुलाई जनसभा पूरी तरह फ्लॉप रही और जब आप नेता बोले तो एक बार फिर उनका अराजक असंवैधानिक रूप देखने को मिला। सचदेवा ने कहा कि पूरा आप नेतृत्व गत लगभग एक माह से भ्रम फैला रहा था लेकिन दिल्ली के झुग्गी वासियों ने आप के इस झूठे अभियान को ना सिर्फ नकार दिया। अब झुग्गीवासी आप नेताओं से सवाल पूछ रहे हैं की दस साल की सरकार ने झुग्गी वासियों को बेहतर जीवन देने के लिए क्या किया। सचदेवा ने कहा कि कहा कि लगभग 5 माह पूर्व चुनाव हारी आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल, गोपाल राय आदि जब झुग्गी वालों के नाम पर एकत्र अपने कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री आवास में घुसने के लिए भड़का रहे थे, उस वक्त दिल्ली का आम झुग्गीवासी पूछ रहा था कि केजरीवाल बताएं उन्होंने दस साल में खुद के लिए शीश महल बनाया पर गरीबों को नरेला बवाना में बने फ्लैट्स आवंटित क्यों नहीं किए। सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल वो दोहरे चेहरे वाले नेता हैं जो आज गरीब झुग्गी वालों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं पर कोविड काल में इन्ही झुग्गीवासी गरीबों को संरक्षण देने की जगह गांव भगाया था। सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास पर हमले की घोषणा केजरीवाल एवं गोपाल राय के काले नक्सलवादी चेहरे को फिर सामने लाये हैं और वो समझ लें कि उनके शब्दों के लिए सभ्य समाज में कोई जगह नहीं है।

### केजरीवाल ने कितने झुग्गीवालों को मकान दिए : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी की जंतर मंतर में हुई रैली को अरविंद केजरीवाल की झूठ की राजनीति को एक बार फिर से स्थापित करने का असफल प्रयास बताया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले गरीबों को पता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'जहां झुग्गी वहीं मकान' का जो वादा किया है, उसे वे पूरा कर रहे हैं और हजारों पक्के फ्लैट बनाकर दिए जा चुके हैं जबकि आम आदमी पार्टी के शासन में एक भी झुग्गीवाले को मकान नहीं दिया गया।

## भाजपा द्वारा झुग्गियां उजाड़ने पर केवल घड़ियाली आंसू बहा रहे केजरीवाल, बुलडोजर चला तब कहां थे: यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने भाजपा द्वारा झुग्गी झौंपड़ियों को उजाड़े जाने का विरोध करन पर आप पार्टी व पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अब घड़ियाली आंसू बहाने से क्या फायदा। यादव ने कहा कि कांग्रेस केजरीवाल से 10 सवाल पूछ रही है, उनका जबाव जनता को दिया जाए। उन्होंने पूछा कि क्या यह सच नहीं है कि 8 मई 2021 को अरविन्द केजरीवाल ने बतौर मुख्यमंत्री झुग्गी हटाओ योजना को मंजूरी दी थी। फिर आज वे झुग्गीवासियों के साथ खड़े होने का दिखावा क्यों कर रहे है। क्या 15 सितंबर 2021 को तत्कालीन मंत्री सत्येन्द्र जैन ने जहां झुग्गी वहीं मकान योजना को बंद करने की घोषणा नहीं की थी, आज अरविन्द केजरीवाल घड़ियाली आंसू क्यों बहा रहे है। क्या केजरीवाल ने झुग्गीवासियों से वोट लेकर अपने लिए शीशमहल नही बनवाया, फिर आज झुग्गीवासियों के बेघर होने पर आम आदमी पार्टी प्रदर्शन का ढ़ोंग क्यों कर रही है। भाजपा ने दिल्ली में हजारों लोगों को बेघर कर दिया गया, क्यों तीन बार के मुख्यमंत्री केजरीवाल आज तक एक बार भी झुग्गीवासियों से मिलने क्यों नहीं गाए। क्या केजरीवाल सरकार ने कांग्रेस की राजीव रत्न आवास योजना के तहत बने 45 हजार 857 फ्लैट्स को सिर्फ नफरत के कारण खंडहर में बदलने दिया। क्या यह सच नहीं कि केजरीवाल सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में झुग्गीवासियों के लिए एक भी नया फ्लैट नहीं बनवाया। क्या यह भी सच नहीं कि कोर्ट में हुई तमाम सुनवाइयों के दौरान केजरीवाल सरकार ने हलफनामा देकर कहा कि झुग्गी टूटने की स्थिति में वह मकान नहीं देगी। जब कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट तक जाकर झुग्गीवासियों की लड़ाई लड़ी, तो किसके इशारे पर आम आदमी पार्टी के किसी नेता ने कोई पहल नहीं की। वह बताएं कि दिल्ली विधानसभा में हर मुद्दे पर प्रस्ताव लाने वाली केजरीवाल सरकार ने झुग्गियों को बचाने पर कभी कोई प्रस्ताव क्यों नहीं लाए और दसवां सवाल है कि झुग्गीवासियों का जीवन नरक बनाने के लिए केजरीवाल कब सार्वजनिक रूप से माफी मांगेंगे, और घड़ियाली आंसू बहाने की जगह सच्चा प्रायश्चित कब करेंगे। यादव ने कहा कि 11 साल सरकार में रहते हुए केजरीवाल ने एक भी मकान इन झुग्गी झौपड़ी वालों को बनाकर नही दिया बल्कि राजीव रत्न आवास योजना के तहत जो 45000 मकान कांग्रेस सरकार ने बनाकर दिए थे उनको आवंटित करने में भी केजरीवाल पूरी तरह फेल साबित हुए।

# ग्रीन लाइन मेट्रो सेवा में डीएमआरसी ने किया फेरबदल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने ग्रीन लाइन पर सोमवार से शुक्रवार के बीच परिचालन में अस्थाई बदलाव किए है। डीएमआरसी के अनुसार आज 30 जून 2025 से अगले पांच दिन तक अस्थाई रूप से ग्रीन लाइन पर मेट्रो दो फिक्स लूप में चलाई जाएगी। इसमें पहला लूप ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन से कीर्ति नगर मेट्रो स्टेशन तक होगा। वहीं, मेट्रो का दूसरा लूप मुंडका मेट्रो स्टेशन से इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन तक रहेगा। डीएमआरसी के अनुसार इससे मेट्रो को सही ढंग से परिचालन करने में मदद मिलेगी और साथ ही पीक टाइम की डिमांड को सुधारने में काफी मदद मिलेगी। दिल्ली मेट्रो के ग्रीन लाइन पर इंटरचेंज स्टेशनों को लेकर भी बदलाव किया गया है। डीएमआरसी के अनुसार ब्रिगेडियर होशियार सिंह से इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन तक यात्रा करने वाले यात्री अशोक पार्क मेन पर इंटरचेंज करेंगे। जबकि इंद्रलोक से ब्रिगेडियर होशियार सिंह की यात्रा करने वाले यात्री राजधानी पार्क पर इंटरचेंज करेंगे। डीएमआरसी ने यात्रियों से अपील की है कि वह यात्रा करने से पहले रूट मैप और मेट्रो के अंदर व स्टेशनों पर की जा रही उद्घोषणा को ध्यान से सुने व यात्रा करें। यात्रा का प्लान बनाने से पहले मेट्रो स्टेशन के इंटरचेंज को अपने ध्यान में रखें। ग्रीन लाइन पर राजधानी पार्क और अशोक पार्क मेन इंटरचेंज की ओर जाने के लिए स्टेशन के दिशा सूचक बोर्ड आदि का अनुसरण करें। डीएमआरसी ने कहा कि यह बदलाव सिर्फ सोमवार से शुक्रवार तक लागू रहेंगे, जबकि हफ्ते के बचे हुए 2 दिन मेट्रो सेवाएं पहले की तरह ही संचालित की जाएंगी।



- पांच दिन दो फिक्स लूप में होगा परिचालन

### मंत्री कपिला मिश्रा ने आम उत्पादक किसानों और व्यापारियों के साथ सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में चल रहे आम महोत्सव में रविवार को दिल्ली के कला, संस्कृति, भाषा एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने देश के विभिन्न कोनों से आए आम उत्पादक किसानों और व्यापारियों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 123वां संस्करण सुना। यह आयोजन न केवल आम महोत्सव की गरिमा को बढ़ाने वाला रहा, बल्कि किसानों और व्यापारियों के साथ संवाद एवं जुड़ाव का एक सकारात्मक प्रयास भी रहा। मिश्रा ने कहा कि यह बहुत गर्व और प्रसन्नता की बात है कि जिन किसानों और व्यापारियों ने देश के सुदूर इलाकों से आकर इस महोत्सव को अपनी उपस्थिति से गौरवान्वित किया, उनके बीच बैठकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुनना एक अद्वितीय अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि किसानों को सीधे जोडने और उन्हें जानकारी देने का एक मंच भी बना। कई किसान भाई अपने खेतों में व्यस्त रहते हैं और 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों को सुन नहीं पाते। इस पहल से वे जान पाए कि प्रधानमंत्री उनके लिए क्या सोचते हैं, कौन-कौन सी योजनाएं केंद्र सरकार द्वारा लाई जा रही हैं, और खेती-किसानी से जुड़ी क्या नई बातें देशभर में हो रही हैं। 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सफलता,धार्मिक यात्राओं के सामाजिक और मानसिक फायदों, स्वास्थ्य सेवाओं में भारत की प्रगति, और 25 जून 1975 को देश में लगे आपातकाल जैसी ऐतिहासिक घटनाओं पर भी प्रकाश डाला।

### दिल्ली टैक्सी एन्ड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन ने किया आल इंडिया मोटर्स कांग्रेस की मीटिंग से किनारा

**नई दिल्ली।** एक जुलाई से दिल्ली में डीजल बीएस 4 के टेम्पों व ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के विरोध में की गई आल इंडिया मोटर्स कांग्रेस की मीटिंग से दिल्ली टैक्सी एन्ड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन ने किनारा किया। इस बारे में एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सम्राट ने कहा कि हमारी यूनियन में सभी सदस्य आल इंडिया टूरिस्ट टैक्सी, टेम्पो ट्रैवेलर और टूरिस्ट बसों के व्यवसाय से जुड़े है। ऐसे में हमारा बीएस 4 के टेम्पों व ट्रकों के प्रवेश से सीधा कोई संबंध नहीं है। इसलिए आल इंडिया मोटर्स कांग्रेस की मीटिंग में हमारा कोई काम नहीं था। इसलिए दिल्ली टैक्सी एन्ड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन ने किनारा किया। संजय का कहना है कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्युएम) को लेकर हमारी भी अनेक समस्याएं है जिनको लेकर संगठन ने 26 जून 2025 को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मिलकर अपनी बात रखी व ज्ञापन दिया।

## हमें पीएम की बातों को सुनने और उनसे प्रेरणा लेने का मिलता है अवसर : बैजयंत पांडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हर महीने की अंतिम रविवार को हमें यह अवसर मिलता है कि हम प्रधानमंत्री की बातों को सुन सके, उनसे प्रेरणा ले सके और उनके बताए रास्तों पर चल सके। यह बात रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' को मालवीय नगर में सुनने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने कही। उन्होंने कहा कि भारत अब ट्रेकोमा मुक्त देश बन चुका है और साथ ही इसकी सफलता के लिए पीएम ने सभी हेल्थ वर्कर्स को बधाई दी। पांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो भी कार्य किए और जो भी योजनाएं चलाई वह देश और देशवासियों के हित में है। एक पेड़ मां के नाम अभियान भी देश और दिल्ली के लिए है। प्रदूषण से मुक्ती हो, इस संकल्प के साथ दिल्ली में भी भाजपा सरकार काम कर रही है और उसी कड़ी में आज पौधारोपण की शुरुआत भी मालवीय नगर विधानसभा में हो रही है। वहीं दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम एक सरकारी कार्यक्रम नहीं रहा बल्कि अब तो यह जन-जन का कार्यक्रम बन चुका है। लोग इस कार्यक्रम के माध्यम से एक विशेष संदेश और जानकारी के लिए इसे सुनना पसंद करते हैं क्योंकि भारत के किसी भी कोने में कुछ भी अलौकिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक परिघटनाएं होती है उसको अपने कार्यक्रम के माध्यम के साथ जन जन तक पहुँचाने का काम करते हैं। सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कार्यक्रम के माध्यम से कई नई जानकारी भी साझा करते हैं जैसे आज उन्होंने मेघालय का ईरी सिल्क के बारे में जिक्र किया जो वहां का धरोहर है। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व में सरकार द्वारा इमरजेंसी लगाए जाने की भी जानकारी दी। ना सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था।इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। इसके ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।




- देश की अलौकिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक घटनाएं पीएम अपने कार्यक्रम से जन-जन तक पहुंचाते हैं : सचदेवा

### बवाना विधानसभा का मॉडल विलेज कुतुब गढ़ : जनप्रतिनिधियों की बेरूखी से लोग परेशान

# कंधों पर अर्थी...कीचड़ में पांव, शमशान भूमि तक पहुंचना बेहद कठिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बवाना विधानसभा के कुतुब गढ़ गांव में जब भी किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है तो शोक में डूबे परिजनों के लिए एक बड़ी चिंता पार्थिव शरीर को अंत्येष्टि के लिए शमशान भूमि तक ले जाना होता है। शमशान भूमि तक जाने का रास्ता इस कदर बदहाल है कि यहां से पैदल जाना लगभग असंभव ही है। शोकाकुल लोग जब अपने परिजन की अर्थी को कंधे पर लेकर चलते हैं तो कैसे वे शमशान तक पहुंचते होंगे इसका अंदाजा खबर के साथ दी गई तस्वीर को देखकर लगाया जा सकता है।

कुतुब गढ़ गांव के लोगों का कहना है कि गांववासी शमशान भूमि तक जाने वाले रास्ते के निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाते हैं तो झूठे और खोखले आश्वासन देकर लोगों को टरका दिया जाता है। 'टेंडर हो गया-टेंडर हो गया है' सुनते सुनते लोगों के कान पक चुके हैं। लोगों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और बेरूखी देखकर अब दिल्ली की मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। यूनिटी फॉर डवलपमेंट संस्था ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर कुतुब गढ़ शमशान भूमि का रास्ता बनवाने का आग्रह किया है।

कुतुब गढ़ वासी अशोक कुमार ने बताया कि बरसात के दिनों में यह रास्ता पानी से भरा नाला बन जाता है। उन्होंने कहा कि नेताओं की ये फितरत बन गई है कि चुनाव में हमने 15 दिन वोट मांगते समय हाथ जोड़े थे अब पांच साल तक जनता को हाथ जोड़ने पर मजबूर करेंगे। उन्होंने कहा कि नेता जब चुनाव लड़ते हैं तो मतदाताओं को तमाम सब्जबाग दिखाते हैं। हर समस्या का समाधान कराने का वादा करते हैं। लेकिन चुनाव जीतने के बाद लोगों की परेशानियों से ऐसे पीठ फेर लेते हैं जैसे कोई वास्ता ही ना हो। जब जनता की वोट से चुने गए जनप्रतिनिधि ऐसा रवैया रखते हों तो अधिकारियों का तो लेना देना ही क्या रह जाता है।

गांववासी सतीश ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि देश की राजधानी के मॉडल विलेज की यह हालत है। उन्होंने कहा कि कुतुब गढ़ के लोग इस कीचड़ भरे रास्ते से कंधों पर अर्थी लेकर गुजरते हैं, साथ चल रहे लोग सब कीचड़ में धंसते हुए शमशान तक पहुंचते हैं। सतीश ने सवाल पूछा कि क्या संबंधित विभागों के पास करीब आधा किलोमीटर के इस रास्ते का निर्माण करवाने का बजट भी नहीं है?

गांववासी रमेश राणा ने कहा कि विधायक रविन्द्र इंद्रराज और निगम पार्षद बबीता डबास दोनों को कुतुब गढ़ वासियों की इस समस्या से कई बार अवगत करवाया जा चुका है। लेकिन यह रास्ता पक्का करवाने की चिंता किसी को नहीं है। उन्होंने कहा कि कुतुब गढ़ की करीब 12 हजार आबादी के लिए यह एकमात्र शमशान भूमि है। रास्ता बदहाल होने के कारण गांव के लोग परेशान हैं।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से लगाई शमशान भूमि का रास्ता पक्का करवाने की गुहार
- लोग बोले, चुनाव जीतने के बाद लोगों की समस्याओं से पीठ फेर लेते हैं नेता



### नेहरू पार्क में बनेगा दिल्ली का पहला 'क्लीन एयर जोन'

**नई दिल्ली।** दिल्ली की वायु गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए वैज्ञानिक उपायों की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री व क्षेत्रीय विधायक प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने रविवार को नेहरू पार्क का दौरा किया। उन्होंने यहां दिल्ली का पहला 'क्लीन एयर जोन' बनाने की संभावना का अध्ययन किया। पर्यावरण मंत्री सिरसा ने कहा कि यह 'क्लीन एयर जोन' बनने की दिशा में एक शुरुआती अध्ययन का हिस्सा है। 85 एकड़ में फैले इस पार्क को पायलट साइट के रूप में देखा जा रहा है, जहां 150 एडवांस एयर प्यूरीफायर लगाने की संभावना पर विचार किया जा रहा है। इन मशीनों को पहले आईएसबीटी, पेट्रोल पंपों और अन्य स्थानों पर टेस्ट किया गया है, जहां उन्होंने सीमित क्षेत्र में पीएम 2.5 स्तर को घटाने में अच्छे नतीजे दिए। निरीक्षण के दौरान पर्यावरण विभाग, एनडीएमसी और पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। दोनों मंत्रियों ने मॉर्निंग वॉक पर आए लोगों से बातचीत भी की, जिससे फीडबैक लेकर इस प्रस्ताव को बेहतर बनाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### आलोक रंजन बने जीडीए के प्रभारी मुख्य अभियंता



**गाजियाबाद।** अधिशाषी अभियंता आलोक रंजन को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का प्रभारी मुख्य अभियंता बनाया गया है। इस संबंध में जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कार्यालय आदेश जारी कर दिया है। जिसके बाद रंजन ने प्रभारी मुख्य अभियंता के रूप में कार्य शुरू कर दिया है। इससे पहले मानवेन्द्र सिंह जीडीए के कार्यवाहक मुख्य अभियंता के रूप में कार्य कर रहे थे। जिनका पिछले दिनों तबादला हो गया था।

### गाड़ी चोरी करने के मामले में आरोपी काबू



**गुरुग्राम।** सेक्टर-17 क्राइम ब्रांच ने गाड़ी चोरी मामले में एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान दिल्ली के रोहिणी निवासी पारिख उप्पल के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी पहले शिकायकर्ता के मकान में किराए पर रहता था। आरोपी ने उसकी गाड़ी की चाबी चुरा ली थी और मौका पाकर गाड़ी चोरी कर ले गया। आरोपी पारिख उप्पल के कब्जा से चोरी हुई गाड़ी बरामद कर ली है।

### तेज रफ्तार वाहन ने पेंटर को कुचला, मौत



**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-1 एरिया के ग्वाल पहाड़ी में तेज रफ्तार वाहन से कुचले जाने पर पेंटर का काम करने वाले युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अज्ञात चालक पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में दिल्ली के मांडी निवासी बीरसिंह ने बताया कि वह पारस मॉल में टेलर का काम करता है। उसका साला यूपी के कोशीकला निवासी 25 वर्षीय रोहन पेंटर का काम करता है और उसके साथ रहता है। शनिवार की रात करीब 8.50 बजे रोहन मांडी से ग्वालपहाड़ी की तरफ रोड से पैदल जा रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने रोहन को टक्कर मारते हुए कुचल दिया, जिससे उसका सिर फट गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।


# मन की बात से जनता में होता है ऊर्जा और जागरूकता का संचार: कृष्णपाल गुर्जर

## फरीदाबाद जिले के सभी 877 बूथों पर सुनी गई, पीएम मोदी की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों से देशवासियों में राष्ट्र सेवा का जज़्बा पैदा होता है। मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम सुनने से जनता में उर्जा और जागरूकता का संचार होता है। मोदी जी इस कार्यक्रम के माध्यम से आम जनमानस से संवाद स्थापित करते हैं और छोटी-छोटी मगर अत्यंत महत्वपूर्ण बातों को बड़े प्रभावशाली ढंग से सामने लाते हैं।

मन की बात न केवल सरकार और जनता के बीच एक संवाद का पुल है, बल्कि यह समाज की प्रेरणादायक घटनाओं और व्यक्तियों को उजागर कर उन्हें राष्ट्रीय मंच पर लाने का कार्य करता है। इसके अलावा



भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के जिला फरीदाबाद कार्यालय अटल कमल सहित फरीदाबाद जिले के सभी 877 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रसारित मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से उत्साह के साथ सुना गया और कार्यकर्ताओं के साथ जनता ने भी प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा प्राप्त की।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा सरकार में राजस्व मंत्री विपुल गोयल, खाद्य मंत्री राजेश नागर, विधायक धनेंद्र अधलखा, महापौर प्रवीण जोशी व वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में उनके विचारों को सुना और गहराई से आत्मसात किया। रामपाल ने कहा कि हर माह की तरह इस बार भी मन की बात कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक रहा।

आज के एपिसोड में पीएम मोदी ने योग दिवस आपातकाल के काले समय को याद कर आपातकाल की आलोचना करते हुए कहा कि इमरजेंसी के समय लड़ने वाले लोगों को याद रखा जाना चाहिए, सेहत को ठीक रखने के लिए खाने में 10 फीसदी तक तेल कम करने, स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए, पर्यावरण संरक्षण, पौधा रोपण और स्वदेशी सामान खरीदने की अपील भी की। उन्होंने आंखों की बीमारी ट्रैकोमा के खात्मे, अमरनाथ यात्रा, जगन्नाथ रथ यात्रा व अन्य बहुत सी प्रेरणादायक विषयों पर बात की।

### यह लोग उपस्थित रहे

इस अवसर पर जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेंद्र जांगड़ा, पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, जिला उपाध्यक्ष वजीर सिंह डागर, अनिल नागर, लक्ष्मण तंवर, पंकज सिंगला, विक्रम अरुआ, अश्वनी गुलाटी, नीरज मित्तल, मनीष छोंकर, राज मदान, आभाष अग्रवाल, प्रवीण चौधरी, संजय अरोड़ा, अनिल मलिक, संदीप बंसल, सचिन गुप्ता, अभिषेक, त्रिपुरारी सिंह, पार्षद गण एवं अन्य सभी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सुना।

## प्रदेशाध्यक्ष शास्त्री ने कहा-शहरी निकाय विभाग के 30 हजार कर्मचारी 9 जुलाई को करेंगे हड़ताल

# मांगों की अनदेखी से नाराज़ ननि के कर्मचारियों ने किया मंत्री गोयल के कार्यालय का घेराव

घेराव के लिए जाते कर्मचारियों व पुलिस के बीच हुई तीखी नोंकझोंक

पुलिस ने सेक्टर 16 सागर सिनेमा स्थित मंत्री के कार्यालय पर जाने से रोका, लगाए बैरिकेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष नरेश शास्त्री ने कहा कि पूर्व में किए गए समझौतों में मानी गई मांगों को भी लागू नहीं किया जा रहा है। सफाई कर्मचारी सीवर मेन के रिक्त पदों पर भर्ती करने के लिए बनाई गई कमेटी को स्वीकृति देने व फायर कर्मियों की फाइल शहरी स्थानीय निकाय विभाग व आबकारी एवं कराधान तथा डिजास्टर मैनेजमेंट मंत्रालय में लंबित हैं, शहरी स्थानीय मंत्री विपुल गोयल ने कहा जल्द सभी फाइलों पर करेंगे फैसला। प्रदर्शन के मंच से संघ का ऐलान 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में 60 नगर पालिकाओं, 21 नगर परिषदों, 11 नगर निगमों व 89 फायर दमकल केन्द्रों के 50 हजार से ज्यादा कर्मचारी हड़ताल कर कामकाज करेंगे ठप्प।

गौरतलब है कि प्रदेश की पालिकाओं, परिषदों, नगर निगमों व फायर के हजारों कर्मचारी सेक्टर 16 अनाज मंडी में एकत्रित हुए और एक विशाल सभा का आयोजन किया। सभा की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री कर रहे थे। जबकि मंच का संचालन संघ के महासचिव मांगेराम तिगरा व उप महासचिव सुनील चिंडालिया ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद सभी कर्मचारी एकत्र हुए और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल के सागर सिनेमा स्थित कार्यालय पर जाने लगे।

इसी बीच पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन कर्मचारियों ने एक भी बात नहीं मानी और कार्यालय की तरफ बढ़ने लगे कर्मचारियों व पुलिस के बीच हुई तीखी नोंकझोंक हुई। बाद नगरपालिका के प्रतिनिधिमंडल ने कार्यालय में जाकर मंत्री गोयल से बातचीत की।



### कर्मियों की नियमित भर्ती न करना सामाजिक भेदभाव

शास्त्री ने हरियाणा सरकार को सफाई कर्मचारी विरोधी करार देते हुए कहा कि सरकार ने एनपीएस या यूपीएस नहीं पुरानी पेंशन कर्मचारियों का मौलिक अधिकार है, केंद्र सरकार के नक्शे कदम पर चलते हुए हरियाणा सरकार ने यूपीएस पेंशन स्कीम कर्मचारियों को यूनिफाइड पेंशन या नेशनल पेंशन स्कीम में से एक चुनने का अवसर दिया है, ये न्याय उचित नहीं। सरकार को पुरानी पेंशन को चुनने का अधिकार भी कर्मचारियों को देना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि अगर नई पेंशन स्कीम बेहतर है तो संसद से विधानसभा तक सभी सदस्यों को पुरानी पेंशन क्यों दी जा रही है। नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश तुषामड़, कोषाध्यक्ष महेन्द्र संगेलियां, संघ के उपप्रधान व अग्निशमन विभाग के राज्य प्रधान राजेन्द्र सिन्द ने कहा कि सफाई व सीवर कर्मियों की नियमित भर्ती नही करना सामाजिक भेदभाव है। उन्होंने सरकार पर 11 वर्षों में सीवर व सफाई कर्मचारियों की पक्की भर्ती न करने व 26 व 27 हजार के स्थान पर 2100 रुपए की बढ़ोत्तरी करने की घोषणा को सफाई कर्मचारियों का आर्थिक शोषण का प्रतीक बताया। संघ नेताओं ने सफाई का कार्य आवश्यक सेवाओं का हिस्सा है, सफाई कर्मी को मनुष्य न मानना सामाजिक भेदभाव है। सरकार सफाई कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों के समान वेतनमान देकर आर्थिक भेद भाव दूर करें। जीवन रक्षक यंत्र देकर सीवर, सेफ्टी टैंकों में हो रही मौतों पर विराम लगाए सरकार। पालिका, परिषदों व निगमों के सफाई कर्मचारियों की हाजरी जबरन डंडे के जोर पर तानाशाही पूर्वक ऑन लाइन लगाने के लिए मजबूर करना न्याय नही है।

### कर्मचारियों को आंदोलन करने के लिए मजबूर किया

शास्त्री ने कहा कि सफाई अभियान के नाम पर सरकार नागरिकों के साथ धोखा व सफाई, सीवर कर्मचारियों का शोषण कर रही है, जनसंख्या के आधार पर कर्मचारियों की संख्या कम है और सफाई के उपकरण व संसाधन नही है, सुरक्षा उपकरणों के अभाव में सीवर व सफाई कर्मचारियों की मौतों का क्रम लगातर जारी है। उन्होंने मंत्री को कहा कि सरकार ने 29 अक्टूबर 2022, 5 अप्रैल 2023 व 7 अगस्त 2024 को संघ व सरकार के बीच हुए समझौतों में सफाई कर्मचारियों व सीवर मेनों के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती करने, समान काम-समान वेतन एरियर सहित देने, फायर के कर्मचारियों को सृजित पदों पर समायोजित करने, वेतन वृद्धि करने, ठेका प्रथा समाप्त करने, क्षेत्रफल आबादी के तहत नए पद सृर्जित कर पक्की भर्ती करने, गुरुग्राम के 946 कर्मचारियों को पालिका रोल पर करने व 2534 सफाई कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम पर करने, हड़ताल अवधि का वेतन देने सहित दर्जनों मांगों पर सहमति बनी थी। लेकिन सरकार ने मानी गई मांगों को लागू न कर प्रदेश के पालिका, परिषद, निगम व फायर के कर्मचारियों को आंदोलन करने के लिए मजबूर किया है।

राष्ट्रवादी विचारों और मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया

## मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ स्तर पर पौधरोपण व श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भारतीय जनता पार्टी, महानगर गाजियाबाद द्वारा पार्टी के संगठनात्मक अभियान बूथों पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक बूथ स्तर पर वरिष्ठ वक्ताओं एवं भाजपा पदाधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई, जिन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं एवं 'मन की बात' संदेश को कार्यकर्ताओं व आमजन तक पहुँचाया।

कार्यक्रम के बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस को श्रद्धांजलि स्वरूप प्रत्येक बूथ पर उनका चित्र लगाकर पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं उनके बताए राष्ट्रवादी विचारों और मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया गया। पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर 10-10 पौधरोपण कर पर्यावरण चेतना का संदेश दिया गया। राजनगर मंडल में महापौर सुनीता दयाल, कविनगर मंडल में सांसद अतुल गर्ग, गांधीनगर मंडल में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, इंदिरापुरम मंडल में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, गोविंदपुरम मंडल में विधायक अजीत पाल त्यागी, प्रताप विहार मंडल में विधायक संजीव शर्मा ने बूथों पर आयोजित 'मन की बात' कार्यक्रम में विशेष रूप से अन्य जनप्रतिनिधियों सहित गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी ने निर्धारित बूथ पर 'मन की बात' सुनी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान को गति प्रदान की।

# सैकड़ों ने ली रालोद की सदस्यता

## राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। संतपुरा में मनोज त्यागी पूर्व सभासद व पूर्व नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी व सीताराम सैंन पूर्व अध्यक्ष ने छोड़कर राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता सैंकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ ग्रहण की। सदस्यता अभियान के मुख्य अतिथि लोकप्रिय सांसद माननीय डॉ राजकुमार सांगवान जी की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रामपाल चौधरी जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तेजपाल सिंह राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, चेयरमैन अमरजीत सिंह बिडडी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता , कुंवर अय्यूब अली एडवोकेट, रणवीर दहिया प्रदेश सचिव, डॉ पूनम गर्ग, अजय पूर्व प्रमुख, सुमन चौधरी, योगेन्द्र पतला, जयवीर नेहरा जिला उपाध्यक्ष, विनोद गौतम जिला उपाध्यक्ष, रवि वाल्मीकि जिला उपाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार जिला अध्यक्ष एस सी प्रकोष्ठ, दीपक चौधरी जिला सचिव, आलोक सिंह विधानसभा अध्यक्ष, अकाश गौतम एडवोकेट जिला सचिव एस सी प्रकोष्ठ, उपस्थित रहे। समाजवादी व अन्य दलों को छोड़कर सर्व पुनीत त्यागी, दिनेश सैन, टीटू चक्की वाले, किशोरी शर्मा, सुदेश शर्मा, सुनील त्यागी, अवशेष राजपूत, भूरे त्यागी, यतेंद्र त्यागी, शिवकुमार त्यागी, मनोज त्यागी, अतुल शर्मा, पिन्नू सैन, नरेश ,सोनू कश्यप, नीरज त्यागी, राजेस गुप्ता, अनिल सैन, अनिल जैन, , अनिल चौहान, मिंटू तोमर, नंदू विजयनगर, देवेंद्र त्यागी, सुंदर सैनी, अशोक त्यागी, गुरुवचन आदि ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण ली।

## दुकानदार की गोली मारकर हत्या करने के मामले में आठवां आरोपी पकड़ाया

### आरोपी वारदात में हथियार मुहैया कराने में शामिल था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच ने समोसे को लेकर हुई कहासुनी में दुकानदार की गोली मारकर हत्या करने के मामले में आठवें आरोपी को गुरुग्राम से काबू कर लिया। आरोपी हत्या की वारदात में प्रयोग किए गए हथियार मुहैया कराने में शामिल था। मामले में सात आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

दरअसल, फर्रुखनगर में बीती 12 मई की सांय अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान 4-5 युवक वहां आए और उससे समोसा मांगने लगे। उनकी राकेश से कहासुनी हुई और वे चले गए। इसके बाद दूसरे दिन सुबह वे युवक दुकान पर आए और गोली मारकर राकेश की हत्या कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। मामले में फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच के प्रभारी एसआई मनोज कुमार की टीम ने झज्जर के इस्माइलपुर निवासी पंकज (32 वर्ष), रोबिन (27 वर्ष), कृष्णा उर्फ जोनी (26 वर्ष), लोकेश उर्फ मंत्री (28 वर्ष), व विकास उर्फ तुरी, विनीत व पीयूष गर्ग उर्फ चुन्नू सहित कुल सात आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। हरियाणा के चरखी दादरी निवासी प्रशांत को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में पता चला कि हत्या की वारदात में प्रयोग किए गए हथियार आरोपी प्रशांत ने आरोपी रॉबिन को दिए थे। जबकि आरोपी रॉबिन ने आरोपी पंकज को दिए थे, जिससे हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया।

# वाहनों को ठोकने के बाद युवक को घसीटते ले गई स्कॉर्पियो, युवक गंभीर, आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने केस दर्जकर छानबीन शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर सिटी गुरुग्राम के गांव मोलाहेडा में रविवार की सुबह एक काले रंग की स्कॉर्पियो आफत बनकर आई। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने करीब आधा दर्जन गाड़ियों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया और उसकी चपेट में आए एक युवक को दूर तक घसीटते हुए ले गई। युवक को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई है।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर कुछ ही घंटों के दरमियान आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शराब के नशे में था और अपना नियंत्रण खो बैठा। पुलिस ने आरोपी के कब्जा से वारदात में प्रयोग गाड़ी भी बरामद की है। घटना, रविवार सुबह की है, जब मोलाहेड़ा गांव में एक काले रंग की स्कॉर्पियो ने पहले पांच गाड़ियों को टक्कर मारते हुए क्षतिग्रस्त किया।

इसके बाद लोगों को टक्कर मारते हुए एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया। युवक कार के नीचे फंस गया और स्कॉर्पियो उसे दूर तक करीब 20 तक घसीटते हुए ले गई। वहीं वारदात को अंजाम देकर चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। लोगों ने घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई है। वहीं इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोगों का कहना है कि मोलाहेड़ा गांव में सरेआम दबंगों के वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं। जब वे निकलते हैं तो आए दिन ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित कर दिया।

युवक को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जा से वारदात में प्रयोग गाड़ी बरामद कर उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया। आरोपी की पहचान गांव मोलाहेड़ा के विशाल के रूप में हुई। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने बहुत अधिक मात्रा में शराब पी रखी थी। जिसके कारण आरोपी नियंत्रण खो बैठा और गाड़ियों के टक्कर मारने के साथ ही एक युवक को भी घायल कर दिया।

## इनेलो जिलाध्यक्ष का बड़े गांव मोहना में हुआ स्वागत

# भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित: जिलाध्यक्ष लाम्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

इनेलो के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रुपचंद लंबा ने प्रदेश की भाजपा सरकार को विकास विरोधी करार देते हुए कहा कि इस सरकार में केवल घोषणाएं की जा रही है, उस घोषणाओं को जमीनी स्तर पर लागू नहीं किया जा रहा। आज सरकार की ज्यादती से व्यापारी, किसान, गरीब, पिछड़ा हर वर्ग प्रभावित है और ट्रिपल इंजन सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है।

इनेलो जिलाध्यक्ष रुपचंद लाम्बा पृथला विधानसभा क्षेत्र के बड़े गांव मोहना में ग्रामीणों द्वारा आयोजित विशाल स्वागत समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस



दौरान गांव की मौजिज सरदारी ने उन्हें सम्मान रुपी पगड़ी बांधी और जिलाध्यक्ष नियुक्त करने पर इनेलो शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। इस दौरान इनेलो जिलाध्यक्ष रुपचंद लाम्बा ने गांव के प्रसिद्ध सिद्धबाबा मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए 5 लाख 51 हजार रुपए की राशि अपने निजी कोष से देने की घोषणा की, जिस पर ग्रामीणों ने दोनों हाथ उठाकर श्री लाम्बा का आभार जताया। ग्रामीणों द्वारा दिए गए स्नेह रुपी आर्शीवाद से उत्साहित इनेलो जिलाध्यक्ष रुपचंद लाम्बा ने कहा कि ताऊ देवीलाल और पूर्व मुख्यमंत्री चौ. ओमप्रकाश चौटाला ने सदैव हरियाणा कि विकास को प्राथमिकता दी थी, जब-जब प्रदेश में इनेलो की सरकार रही, हर वर्ग आर्थिक व सामाजिक रुप से मजबूत हुआ। लेकिन आज भाजपा-कांग्रेस पार्टियां प्रदेश को धर्म व जाति के नाम पर बांट रही हैए ये पार्टियां लोगों का विकास नहीं बल्कि अपना विकास करने में जुटी है। श्री लाम्बा ने कहा कि इनेलो पार्टी किसान, गरीब, दलित और कमेरे वर्ग की पार्टी है और यह पार्टी सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। श्री लाम्बा ने विधायक अभय सिंह चौटाला की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह मजबूत नेतृत्व वाले व्यक्ति है और जो कहते है, उसे पूरा करते है। मुझ जैसे आम कार्यकर्ता को उन्होंने जिलाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपकर साबित कर दिया कि वह हर कार्यकर्ता का पूरा मान सम्मान रखते है। इसलिए फरीदाबाद में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर संगठन को मजबूत करने की कवायद शुरु की जाएगी और कर्मठ व मेहनती कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारियां सौंपी जाएगी। इस अवसर पर रिसाल सैक्रेटरी, ईश्वर नंबरदार, रतीराम, रणजीत, उमेद, सीताराम (कुकरिया), धर्मवीर पहलवान, समय अत्री मोहना, जीत डागर, शंभू, ओमबीर, नहार सिंह आदि।

### सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग करने वाले 8 धरे

**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला थाना क्षेत्र में शराब पीकर हुड़दंग और शोर-शराबा करने वाले आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के खिलाफ खेड़कीदौला थाने में अलग-अलग चार मामले दर्ज करके आगामी कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों की पहचान उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के नरायणा निवासी महावीर सिंह, उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के विजय विहार निवासी जितेंद्र कुमार, रेवाड़ी के टीट गांव निवासी मुकेश कुमार, रेवाड़ी के वार्ड-12 निवासी दौलत राम के रूप में हुई है। उप्र के निवासी दीपक, आजमगढ़ (उप्र) के ईसुपुर खापुर निवासी प्रदीप, केंद्रपाड़ा के रोता गांव मानस मलिक और सुशांत कुमार नायक के रूप में हुई है।

# ट्राला अनलोड करने के दौरान रोड़ियों में दबा सहचालक, मौत

## हादसे के बाद चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बादशाहपुर एरिया के बेगमपुर खटोला में चालक की लापरवाही से ट्राला अनलोड करने के दौरान रोड़ियों में दबने से सहचालक की मौत हो गई।

चालक ने बिना देखे रोड़ी से भरा ट्राला अनलोड कर दिया, जिसमें पीछे खड़ा सहचालक कई टन रोड़ियो में दब गया। हादसे के बाद ट्रॉला चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। दरअसल, राजस्थान के सीकर निवासी 35 वर्षीय संतोष कुमार ट्राला पर सहचालक था। जबकि लालचंद ट्राला पर चालक था। वे बहरोड़ से ट्राले में रोड़ी भरकर शनिवार शाम को सेक्टर 74 बेगमपुर खटोला स्थित कंकरीट प्लांट आए थे। कंकरीट प्लांट में रोड़ी अनलोड करने के लिए संतोष कुमार पीछे जाकर ट्राले का दरवाजा खोलने के लिए किल्ली हटाने गया था। जैसे ही उसने किल्ली हटाई तो चालक लालचंद ने बिना देखे ही जैक उठा दिया।

## खबर संक्षेप

### 8 आईएएस व 15 पीसीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** यूपी में 8 आईएएस व 15 पीसीएस के तबादले किए गए हैं। आईएएस आलोक कुमार को




सामान्य प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। राकेश सिंह को मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेस- से औद्योगिक विकास प्राधिकरण तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट नियुक्त किया गया। योगेश कुमार को सहकारी समितियों का प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक नियुक्त किया गया है।

### झारखंड में बहाल होंगे 44,750 शिक्षक

**रांची।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा है कि राज्य के स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर की जायेगी।



इसके लिए जल्द प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में 44750 शिक्षक बहाल होंगे। इससे इतर 26 सहायक आचार्यों की बहाली प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसका काउंसिलिंग कार्य चल रहा है। जनजातीय भाषा में भी 10 हजार शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

### सीएम नीतीश की पार्टी से एक और इस्तीफा

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले दल बदल का सिलसिला जारी है। अब सीएम नीतीश कुमार



की पार्टी में ही सेंधमारी हो गई है। सेंधमारी किसी और ने नहीं बल्कि जनसुराज ने की है और जेडीयू को एक बड़ा झटका दे दिया। जदयू के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के महासचिव धर्मेंद्र चौहान पार्टी से इस्तीफा दे दिया। वह जनसुराज पार्टी का दामन थाम लिया।

## बारिश-बाढ़ को देखते हुए मंत्री इरफान अंसारी का निर्देश

# 24 घंटे अलर्ट मोड रहें सारे डीसी और एसपी

झारखंड में भारी बारिश और बाढ़ से हालात खराब हैं। सरकार राहत कार्य में जुटी है। आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सभी अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। प्रभावित जिलों में राहत राशि का वितरण तेज कर दिया गया है। रेड अलर्ट वाले क्षेत्रों में स्कूल बंद करने की सलाह दी गई है।

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड में लगातार मूसलधार बारिश और बाढ़ जैसी स्थिति ने जनजीवन को प्रभावित किया है। इस आपदा की घड़ी में झारखंड सरकार ने संवेदनशील और सक्रिय रुख अपनाते हुए राहत कार्यों को प्राथमिकता दी है।

आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सतत निगरानी और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मंत्री डॉ. अंसारी ने सभी उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और संबंधित विभागों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है।

जलभराव, विद्युत दुर्घटना व स्वास्थ्य संकटों से निपटने विशेष निर्देश | जनता को सही जानकारी पहुंचाने एडवाइजरी का प्रचार किया जाए

### संवेदनशील और सक्रिय रुख अपनाते हुए राहत कार्यों को दे प्राथमिकता



उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में नुकसान का त्वरित आकलन हो और मुआवजा वितरण में कोई देरी न हो। उन्होंने कहा कि हर प्रभावित व्यक्ति तक राहत समय पर पहुंचे, यह हमारी मानवीय जिम्मेदारी है। सरकार ने प्रभावित जिलों में राहत राशि वितरण को तेज किया है। रेड अलर्ट वाले क्षेत्रों में स्कूल बंद करने की अनुशंसा की गई है, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।जलभराव, विद्युत दुर्घटनाओं और स्वास्थ्य संकटों से निपटने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मीडिया, जनप्रतिनिधियों और पंचायत स्तर पर एडवाइजरी का व्यापक प्रचार किया जा रहा है, ताकि जनता को सही जानकारी और सहायता मिले।

### बिहार में 2 जुलाई तक के लिए आईएमडी का अलर्ट

**पटना।** बिहार के लिए आईएमडी की ओर से 2 जुलाई तक के लिए पूर्वानुमान जारी कर दिया गया है। मौसम विभाग की माने तो, 30 जून से 2 जुलाई तक बिहार में भारी बारिश होने की संभावना है। इतना ही नहीं इस दौरान तेज गरज चमक, आंधी को क्षेत्र हुए आधे से ज्यादा बिहार में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कई जिलों में तापमान में गिरावट हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 32-34 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान 24-26 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। कई जिले में हल्के से लेकर मध्यम स्तर की बारिश का अलर्ट जारी किया गया।

## 2017 से 2024 के बीच प्रदेश में 204.92 करोड़ पौधे लगाए गए

# योगी ने चलाया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान एक दिन में लगेंगे 35 करोड़ से अधिक पौधे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वन महोत्सव-2025 को प्रदेशव्यापी जनांदोलन का स्वरूप देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह अभियान न सिर्फ पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है, बल्कि प्रदेश को हीटवेव से ग्रीनवेव की ओर ले जाने का एक निर्णायक कदम होगा। "एक पेड़ मां के नाम" थीम पर आधारित यह अभियान भावनात्मक और सामाजिक जुड़ाव को भी प्रोत्साहित करेगा। इसका उद्देश्य सिर्फ पौधे लगाना नहीं बल्कि लोगों को वृक्षों के संरक्षण और संवर्धन से भी जोड़ना है।



### यूपी की हरियाली की वापसी के संकेत

मुख्यमंत्री ने आंकड़ों के साथ बताया कि 2017 से 2024 के बीच प्रदेश में कुल 204.92 करोड़ पौधे लगाए गए हैं। यह केवल एक संख्या नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश की हरियाली की वापसी का संकेत है। देहरादून स्थित भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार, इसी अवधि में प्रदेश के ग्रीन कवर में 3 लाख एकड़ की ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। यह उपलब्धि वृक्षारोपण के प्रति सरकारी प्रयासों और जनता की भागीदारी का प्रमाण है।

### 52 करोड़ से अधिक पौधे तैयार

सरकार इस बार 35 करोड़ पौधरोपण का भव्य लक्ष्य लेकर चल रही है, जो कि प्रदेश की जनसंख्या से भी अधिक है। इसके लिए वन विभाग 12.60 करोड़ पौधे और अन्य विभाग 22.40 करोड़ पौधे लगाएंगे. 52.43 करोड़ पौधों की नर्सरी 1901 वन विभागीय, 146 उद्यान विभागीय, 55 रेशम विभागीय और 484 निजी पौधशालाओं में तैयार की गई है। सभी विभागों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति हो चुकी है, जो अभियान की निगरानी करेंगे।

### नवजातों को मिलेगा 'ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट'

योगी सरकार ने एक अनूठी पहल की शुरुआत की है, जिसके तहत वन महोत्सव के दौरान जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात को 'ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट' दिया जाएगा। इसके साथ ही उनके माता-पिता को एक पौधा भेंट किया जाएगा ताकि वह पौधा बच्चे के साथ बड़ा हो और एक भावनात्मक रिश्ता बने। यह कदम पर्यावरणीय संवेदनशीलता को जन्म से ही जोड़ने की दिशा में प्रशंसनीय प्रयास है।

### स्कूलों और अस्पतालों में होंगे छायादार वृक्ष

प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत चयनित सभी स्कूलों में व्यापक वृक्षारोपण किया जाएगा, ताकि बच्चों को स्वच्छ और हराभरा वातावरण मिल सके। मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में सहजन जैसे औषधीय और छायादार पौधों का रोपण अनिवार्य रूप से किया जाएगा। इससे न केवल पर्यावरण बेहतर होगा बल्कि मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों को भी राहत मिलेगी।

### एक्सप्रेसवे किनारे बनेगी हरित पट्टी

प्रदेश के सभी प्रमुख एक्सप्रेसवे के किनारों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा, जिससे न सिर्फ सौंदर्यीकरण होगा बल्कि प्रदूषण पर भी नियंत्रण पाया जा सकेगा। सर्विस लेन और मुख्य मार्गों के बीच हरित पट्टी बनाने के लिए चयनित पौधों का इस्तेमाल किया जाएगा। यह पर्यटकों और यात्रियों को भी सुखद अनुभव देगा।

## झुककर खुद को बचाया नेता प्रतिपक्ष ने

# जहां बोल रहे थे तेजस्वी यादव वहीं आ गिरा ड्रोन

एजेंसी ▶▶ पटना



यहां नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बाल-बाल बच गए। दरअसल तेजस्वी यादव जब भाषण दे रहे थे इसी दौरान एक ड्रोन तेजस्वी यादव के बिल्कुल करीब आ गया। तेजस्वी यादव ने किसी तरह झुक कर अपने आप को बचाया है। दरअसल बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले तेजस्वी यादव जमकर मेहनत कर रहे हैं। रविवार को राजद नेता तेजस्वी यादव दो अलग-अलग कार्यक्रमों में मौजूद थे।

दरअसल अपने पहले कार्यक्रम के तहत तेजस्वी यादव पटना के गांधी मैदान में आयोजित वक्फ बचाओ संविधान बचाओ सम्मेलन में शामिल हुए थे। इस दौरान तेजस्वी यादव जब मंच से भाषण दे रहे थे। इसी बीच कार्यक्रम में एक ड्रोन उनके बेहद करीब आ गया। करीब आने के बाद यह ड्रोन पोडियम से जा टकराया। पोडियम से टकराते ही तेजस्वी यादव हल्का से झुककर इस ड्रोन से बचते नजर आए। इस दौरान वहां मौजूद अन्य लोग और उनके सुरक्षा गार्ड भी चौक गए। सुरक्षा गार्ड और वहां मौजूद लोगों ने तुरंत पोडियम को संभाला। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सुरक्षा कर्मियो ने ड्रोन को अपने कब्जे में भी ले लिया है।

## संविधान के नाम पर भ्रमित कर रहा विपक्षः चिराग पासवान



**नालंदा।** नरेंद्र मोदी सरकार में फूड प्रोसेसिंग मंत्री चिराग पासवान ने विपक्षी दलों (कांग्रेस, राजद, वामदल) पर बड़ा आरोप लगाया है। लोजपा आरवी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि विपक्ष संविधान के नाम पर देश को भ्रमित कर रहा है। कहा है कि कांग्रेस ने इमरजेंसी थोप कर संविधान की हत्या की उसके लिए लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी देश की जनता से कब माफी मांगेगे। नालंदा के राजगीर में आयोजित भीम समागम संकल्प सभा में बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनाने की अपील की।

## पेज एक का शेष

### बोलेः चार पीढ़ियों...

का प्रेरणास्रोत उदाहरण है, जिन्होंने तीन पीढ़ियों से आशीर्वाद लिया और चार पीढ़ियों को अपना आशीर्वाद देकर उन्हें मजबूत नींव दी।बाबा रामदेव ने भावुक होते हुए कहा कि माता जी का जाना सिर्फ एक परिवार की नहीं, बल्कि लाखों लोगों की छत्रछाया का कम हो जाना है। वह प्रत्यक्ष रूप से 85 परिजनों की पूज्या थीं, लेकिन परोक्ष रूप से लाखों लोगों की जीवन प्रेरणा बन चुकी थीं। उनका जीवन पूर्ण समर्पण, त्याग और सेवा का प्रतीक था। उन्होंने न केवल अपने परिवार को संजोया, बल्कि आर्य समाज, गुरुकुल परंपरा और योग को भी नई दिशा दी। उनके आशीर्वाद से आज तीस से अधिक गुरुकुल संचालित हो रहे हैं। यह न केवल परिवार की उदारता का प्रमाण है, बल्कि माताजी की दिव्य दृष्टि का परिणाम भी है। माता परमेश्वरी देवी जी जीवनभर योग करती रहीं और अनुशासन उनका स्वभाव बन गया था। उनके भीतर दया और करुणा के साथ-साथ एक साध्वी जैसी दृढ़ता भी थी। उनके जाने से आशीर्वाद देने वाला एक हाथ भले ही कम हो गया हो, लेकिन उनकी स्मृतियां और संस्कार सदा साथ रहेंगे। वह परिवार को एकजुट कर चली गईं, यह उनकी सबसे बड़ी शक्ति थी। आर्य समाज में उनका नाम सदा आदरपूर्वक लिया जाता रहेगा।

**श्रद्धांजलि सभा में ये रहे मौजूदः** -प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह, मंत्री रणबीर गंगवा ने सिंधु भवन में पहुंच कर माता जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा भूपेंद्र चौधरी यूपी भाजपा अध्यक्ष, सुभाष मेहरिया पूर्व केंद्रीय मंत्री, बिजेंद्र कादयान पूर्व मंत्री, सहेंद्र सिंह पूर्व विधायक यूपी, पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा, पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल, पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़, दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा, भिवानी सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री शैलजा, पूर्व सांसद अशोक तंवर, पूर्व संगठन मंत्री सुरेश भट्ट, पूर्व सांसद संजय भाटिया, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व गृह मंत्री सुभाष बतरा, सतीश बंधू, कई प्रशासनिक अधिकारी सहित एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, महिला आयोग हरियाणा की पूर्व चेयरमैन प्रतिभा सुमन, विजय आर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश भाटिया, स्वामी कर्णपुरी महाराज, स्वामी परम चेतन्य व स्वामी आदित्यवेश आदि ने भी माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बेटे की तरह दुलार....

स्वर्गवास की खबर मिलेगी। बाबा रामदेव ने भावुक होकर कहा, अब वह हमारे बीच भौतिक रूप में नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें, उनका आशीर्वाद और उनका प्रेरणादायक जीवन सदा हमारे साथ रहेगा।

### भजनों ने किया ...

दुलारे याद करते हैं जैसी भावपूर्ण प्रस्तुति दी। सभा के दौरान 20 मिनट की एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रस्तुत की गई, जिसमें माता परमेश्वरी देवी के साधारण किंतु प्रभावशाली जीवन का चित्रण किया गया। स्वामी रामदेव के अलावा रूड़की गुरूकुल से पदमश्री आचार्य सुकामा, गौतम नगर दिल्ली गुरूकुल से स्वामी प्रवणानंद महाराज, आर्य प्रतिनिधि सभा टिटोली के अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश, ओडिशा से आए स्वामी व्रतानंद ने भी सभा को संबोधित किया और परमेश्वरी देवी के जीवन को आदर्श बताया।

### माता एक सामाजिक ....

अभिमन्यु, मेजर सतपाल और देव सुमन हैं, जबकि बेटियों में दया, बिमला और मधु हैं। उनके पति मित्रसेन सिंधु का निधन उनसे पहले ही हो चुका था।

### जनभागीदारी की ताकत...

के एक ऑडियो का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने आपातकाल की क्रूरता को बयां किया। इमरजेंसी में अमानवीय बर्ताव किया गया। लोगों के स्वतंत्रता के हक छीन लिए गए, अखबारों को कोई स्वतंत्रता नहीं रही। न्यायालय बिल्कुल निर्बल बना दिए गए। जिस ढंग से एक लाख से ज्यादा लोग जेल में बंद कर दिए और फिर सरकार की मनमानी होती रही, उसकी मिसाल दुनिया के इतिहास में भी मिलना मुश्किल है।

**फर्नांडिस को जंजीरों में जकड़ा गया :** इमरजेंसी लगाने वालों ने न सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था। इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। जॉर्ज फर्नांडिस को जंजीरों में बांधा गया था। अनेक लोगों को कठोर यातनाएं दी गई। 'मीसा' के तहत किसी को भी ऐसे ही गिरफ्तार कर लिया जाता था। विद्यार्थियों को भी परेशान किया गया और अभिव्यक्ति की आजादी का भी गला घोंट दिया गया।

**योग का सिलसिला भव्य बन रहा :** पीएम मोदी ने कहा 'आप सब इस समय योग की ऊर्जा और 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' की स्मृतियों से भरे होंगे। इस बार भी 21 जून को देश-दुनिया के करोड़ों लोगों ने 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' में हिस्सा लिया। अब 10 साल में ये सिलसिला हर साल पहले से भी ज्यादा भव्य बनता जा रहा है। 'हिमालय की बर्फीली चोटियां और` जवानों ने योग किया वडनगर में 2121 लोगों ने एक साथ भुजंगासन किया और नया रिकॉर्ड बना दिया। न्यूयॉर्क, लंदन, टोक्यो, पेरिस, दुनिया के हर बड़े शहर से योग की तस्वीरें आईं।

**प्रभु से जोड़ रहीं ये यात्राएं :** 'मेरे प्यारे देशवासियो, जब कोई तीर्थयात्रा पर निकलता है, तो एक ही भाव सबसे पहले मन में आता है, 'चलो, बुलावा आया है'। यही भाव हमारे धार्मिक यात्राओं की आत्मा है। ये यात्राएं शरीर के अनुशासन का, मन की शुद्धि का, आपसी प्रेम और भाईचारे का, प्रभु से जुड़ने का माध्यम हैं। ये धार्मिक यात्राएं सेवा के अवसरों का एक महाअभियान भी होती हैं।

**भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर गर्व जताया :** पीएम मोदी ने इस एपिसोड में भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर गर्व जताया। उन्होंने कहा कि इस समय सबकी निगाहें अंतरराष्ट्रीय स्पेस सेंटर पर भी हैं। भारत ने एक नया इतिहास रचा है। इस संदर्भ में उन्होंने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से अपनी हालिया बातचीत का जिक्र किया, जो इस समय अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### डीएम व एसपी का...

दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। वहीं, पुरी के डीएम और एसपी का तबादला कर दिया है। सीएमओ की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि पुरी के जिला कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर स्वैन और एसपी विनीत अग्रवाल का तबादला कर दिया गया है। वहीं, डीसीपी विष्णु पति और कमांडेंट अजय पाधी को ड्यूटी में लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। चंचल राणा को पुरी का नया जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है, जबकि पिनाक मिश्रा ने नए एसपी का कार्यभार दिया गया है। सीएम माझी ने विकास आयुक्त की देखरेख में मामले की प्रशासनिक जांच के भी आदेश दिए। ओडिशा सरकार ने एक और बड़ा फैसला लेते हुए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अरविंद अग्रवाल को रथ यात्रा की समग्र निगरानी का प्रभार सौंपा है। उन्हें पहले भी रथ यात्रा आयोजन का अनुभव है। वे फिलहाल उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव और खेल एवं युवा मामलों के विभाग में विशेष सचिव के अतिरिक्त प्रभार में हैं।

**मृतक श्रद्धालु के परिजनों को 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायताः** माझी ने प्रत्येक मृतक श्रद्धालु के परिजनों को 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। सीएम ने विकास आयुक्त की देखरेख में विस्तृत प्रशासनिक जांच के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं से इस घटना को लेकर क्षमा मांगी।

### दो ट्रकों के बीच....

के रथों के पास भीड़भाड़ वाले स्थान पर घुसने के बाद अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और छह लोगों की हालत गंभीर है। मृतकों की पहचान बोलागढ़ निवासी बसंती साहू और बालीपटना निवासी प्रेमकांत मोहंती व प्रवती दास के रूप में हुई है।

### महिला की हत्या...

संबंध था। पुलिस के मुताबिक हरिनी अपने परिवार को इस बारे में पता चलने के बाद इस संबंध को खत्म करना चाहती थी। यशस ने उसे आखिरी बार मिलने के लिए कहा और कथित तौर पर एक होटल के कमरे में उसकी हत्या कर दी। महिला के शव को एक बोरी में भरकर कचरा ढोने वाले ट्रक में फेंक दिया गया। इलाके के सीसीटीवी फुटेज में आरोपी ऑटो-रिक्शा में आते और बोरी को कचरा ढोने वाले ट्रक में फेंकते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हत्यारों की तलाश कर रही है। चन्नम्मानकेरे अच्चुकट्टू पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

### आजादी के बाद...

और संसाधनों की जानकारी ली जाती है। वहीं दूसरा चरण- जनसंख्या गणना का है, यह चरण 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा। इसमें हर व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक जानकारी ली जाएगी।

### रेल यात्री कृपया ध्यान दें...

का पत्थर साबित होंगे।

**आरक्षण चार्ट में सुधारः 8 घंटे पहले मिलेगी स्पष्टता :** अभी भारतीय रेलवे ट्रेन के प्रस्थान से 4 घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करती है। इससे यात्रियों, खासकर दूर-दराज के क्षेत्रों या उपनगरीय इलाकों से आने वाले यात्रियों को अनिश्चितता का सामना करना पड़ता है। आखिरी मिनट में टिकट की स्थिति (कन्फर्म, आरएसी, या वेटलिस्ट) जानने के कारण यात्रियों को वैकल्पिक व्यवस्थाओं के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलता। रेलमंत्री ने अब आरक्षण चार्ट ट्रेन प्रस्थान से 8 घंटे पहले तैयार करने का आदेश दिया है। यदि ट्रेन दोपहर 2 बजे से पहले प्रस्थान करती है, तो चार्ट एक दिन पहले रात 9 बजे तैयार कर लिया जाएगा। इस बदलाव का उद्देश्य यात्रियों को उनकी टिकट स्थिति पहले से जानने का मौका देना है, ताकि वे अपनी यात्रा की बेहतर योजना बना सकें। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस प्रस्ताव को चरणबद्ध तरीके से लागू करने के निर्देश दिए हैं, ताकि रेल संचालन में कोई व्यवधान न हो। रेलवे ने इस सुधार को लागू करने के लिए पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसका सकारात्मक रुख देखने को मिल रहा है। बीकानेर डिवीजन में चल रहे इस ट्रायल के आधार पर इसे जल्द ही पूरे देश में लागू करने की योजना है।

### नई यात्री आरक्षण ...

मिलेगी। बहुभाषी और यूजर-फ्रेंडली इंटरफेस, जो हिंदी, अंग्रेजी, और क्षेत्रीय भाषाओं में काम करेगा। यात्रियों को अपनी पसंद की सीट (विंडो, गलियारा, आदि) चुनने की सुविधा। किराया कैलेंडर, जो विभिन्न तारीखों के लिए किराए की तुलना आसान बनाएगा। दिव्यांगजन, छात्रों, और रोगियों के लिए एकीकृत छूट और आरक्षण विकल्प। रेल मदद पोर्टल के साथ एकीकरण, जिससे शिकायत दर्ज करना और उनकी स्थिति ट्रैक करना आसान होगा।

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश

# प्रतिदिन मेडिकल कॉलेज का राउंड लगाएंगे प्राचार्य और मंत्री को फोटो भेजेंगे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज, कानपुर के हृदय रोग संस्थान व जेके कैंसर इंस्टीट्यूट में इलाज की व्यवस्था और दुरुस्त करने के डिप्टी सीएम ने निर्देश दिए है। कॉलेज के प्राचार्य व संस्थान के निदेशक खुद प्रतिदिन राउंड लेंगे। राउंड के दौरान ली गई फोटो भेजेंगे। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने यह आदेश जारी किए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि यदि कोई प्राचार्य या निदेशक किसी दिन राउंड नहीं ले पाते हैं तो उनके स्थान पर उप प्राचार्य व सीएमएस राउंड लेंगे।

राउंड के वक्त सुरक्षाधिकारी व सफाई सुपर वाइजर भी साथ रहेंगे। ताकि किसी भी तरह की कमी मिलने पर उसका तत्काल निस्तारण कराया जा सके। कॉलेज व संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता होगी। भूतपूर्व सैनिकों की तैनाती की



जाएगी। परिसर में गर्ल्स हॉस्टल, इमरजेंसी आदि संवेदनशील जगहों पर पूर्व सैनिकों की तैनाती की जाएगी। इसके लिए प्राचार्य सैनिक कल्याण निगम से संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं।

हॉस्टल व अस्पताल परिसर में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। सीसीटीवी कैमरों की सर्विलांस की व्यवस्था पुख्ता की जाएगी। कैंमरों का एक्सेस प्राचार्य, सीएमएस, वार्डन व सुरक्षाधिकारी के मोबाइल पर रहेगा। साफ सफाई, भोजन, लांड्री आदि में कमी मिलने पर एजेंसी पर कार्रवाई की जाएगी। पेमेंट में कटौती भी की जाएगी।

## पिता के बुलावे पर पहुंची थी पुलिस

# पटना में युवक ने बीच सड़क एएसआई की वर्दी फाड़ी, चश्मा भी तोड़ डाला

एजेंसी ▶▶ पटना

यहां एक पुलिसवाले की बीच सड़क पिटाई कर दी गई। बताया जा रहा है कि पटना के गांधी मैदान इलाके में एक युवक का अपने पिता से किसी बात पर झगड़ा हुआ था। युवक के पिता ने डायल 112 पर फोन कर इसकी सूचना दी थी। जानकारी मिलने के बाद एएसआई संजय कुमार मंडल वहां पहुंचे। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जब एएसआई संजय कुमार मंडल ने पिता से लड़ रहे शिवतेन रजा को रोका तो एएसआई से उलझ गया।

थोड़ी ही देर बाद उसने पुलिसकर्मी से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद शिवतेन रजा ने एएसआई की वर्दी फाड़ दी और उनका चश्मा तोड़ डाला। बीच सड़क पर एएसआई के साथ जमकर मारपीट की गई है। पटना में



पुलिसकर्मी के साथ बीच सड़क पर मारपीट को देख लोग हैरान रह गए।

पुलिस कि पिटाई करने वाले युवक का नाम मोहम्मद शहजाद खान बताया जा रहा है। अचानक हुए हमले के दौरान एएसआई को संभलने का मौका तक नहीं मिला। सूचना मिलते ही गांधी मैदान, कोतवाली और कदमकुआं की पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को तुरंत पकड़ लिया।

## चंद्रशेखर आजाद को रोकने पर भड़का गुस्सा

# भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने की तोड़फोड़, पुलिस पर पथराव

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

यूपी के प्रयागराज में भीम आर्मी के अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर को इसौटा गांव में प्रवेश करने से पुलिस ने रोक दिया। इस कार्रवाई से नाराज पार्टी कार्यकर्ता उग्र हो गए और हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने चक्का जाम किया, जोरदार नारेबाजी की और कई गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की। पुलिस पर पथराव में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

प्रयागराज के भड़ेवरा बाजार में रविवार को उस समय तनाव फैल गया जब भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। दरअसल, भीम आर्मी प्रमुख और सांसद चंद्रशेखर आजाद को पुलिस ने



इसौटा गांव में प्रवेश करने से रोक दिया था। इससे नाराज कार्यकर्ताओं ने चक्काजाम कर जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने पुलिस की गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया और पुलिस टीम पर पथराव किया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालात को काबू में करने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

### कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए चंद्रशेखर को गांव में जाने से रोका

मालूम हो कि कुछ दिन पहले इसी गांव में एक दलित युवक को जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के विरोध में चंद्रशेखर आजाद मृतक के परिजनों से मिलने आ रहे थे, लेकिन प्रशासन ने कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्हें गांव में जाने से रोक दिया। इसी के चलते भीम आर्मी कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने सड़क पर उतरकर बवाल कर दिया।

**1 मई 1936 - 20 जून 2025**



## एमडीयू में योगगुरु बाबा रामदेव, गुरुकुलों व सामाजिक संगठनों की मौजूदगी में श्रद्धांजलि सभा

# माता परमेश्वरी देवी को भावांजलि देने उमड़ा जनसैलाब



### माता परमेश्वरी देवी जी सामाजिक विरासत की वाहक

माता परमेश्वरी देवी अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। जिसमें उनके 6 बेटे और 3 बेटियां शामिल हैं। उनके बेटों के नाम रुद्रसेन, वीरसेन, व्रतपाल, कैप्टन अभिमन्यु, मेजर सत्यपाल और देव सुमन हैं, जबकि बेटियों में दया, बिमला और मधु हैं। उनके पति मित्रसेन का निधन उनसे पहले ही हो चुका था। उल्लेखनीय है कि चौधरी मित्रसेन जी आर्य समाज सेवा में एक अग्रणी व्यक्ति थे और सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका रहती थी। मित्रसेन जी के निधन के बाद माता परमेश्वरी देवी जी ने उनके द्वारा स्थापित इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ाया। उन्होंने अपने जीवनकाल में परिवार को एकजुट रखने के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों और परंपराओं का दृढ़ता से निर्वहन किया।

### माता परमेश्वरी की स्मारिका पढ़ते मुख्यमंत्री



*रोहतक। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिंधु निवास पहुंचकर सिंधु परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने पूर्व वित्त मंत्री एवं भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु के निवास स्थान सिंधु निवास पहुंचकर उनकी माता दिवंगत परमेश्वरी देवी के निधन पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने इस अवसर पर पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु व परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। वहीं राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह, चूरू सांसद राहुल कसवां ने भी सिंधु भवन पहुंचकर माता परमेश्वरी देवी को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, भाजपा के जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, भाजपा के प्रदेश सचिव अजय बंसल, पूर्व मीडिया कोर्डिनेटर राजकुमार कपूर, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, संध्या बजाज, अनिता बधवार, सतेंद्र परमार, राजेंद्र रावत, ईश्वर सिंघल, बोबी गजराज, विकास रोहिल्ला उपस्थित रहे।*

### माता परमेश्वचरी की पौत्री साहिबा सिंधु



भिवानी सांसद धर्मवीर सिंह



पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा



पूर्व सांसद डॉ. अशोक तंवर



रोहतक

आर्य समाज के पथिक स्व. चौधरी मित्रसेन की अर्धांगिनी परमेश्वरी देवी जी की श्रद्धांजलि सभा रविवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार में भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इससे पहले सेक्टर-14 स्थित सिंधु भवन में सुबह वैदिक विधि-विधान के साथ हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में न केवल हरियाणा के कोने-कोने से बल्कि अन्य राज्यों से भी गणमान्य व्यक्तियों, संतों, सामाजिक संगठनों, गुरुकुलों और शिक्षाविदों ने शिरकत कर माता परमेश्वरी देवी के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धाजंलि सभा में लोगों की आंखें नम थीं लेकिन दिलों में माता जी के द्वारा दिए गए संस्कार और उनके जीवन की प्रेरणा की छाप साफ झलक रही थी।

सभा के दौरान 20 मिनट की एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रस्तुत की गई, जिसमें परमेश्वरी देवी के साधारण किंतु प्रभावशाली जीवन का चित्रण किया गया। फिल्म में उनके पारिवारिक जीवन, छह बेटों, तीन बेटियों के परिवार को एक साथ जोड़कर रखने की भावना, उनके त्याग और सेवा की झलक दिखाई गई। यह फिल्म देखकर कई लोगों की आंखों से अश्रुधारा बह निकली। भजन गायक दिनेश पथिक ने अपने भजनों से कहां हो मां, तुझे तेरे दुलारे याद करते हैं जैसी भावपूर्ण प्रस्तुति दी कि वहां उपस्थित हर व्यक्ति को मां के प्रति अपनी भावनाएं पुनः जीवित करने पर विवश कर दिया। श्रद्धांजलि सभा में कई संत और सामाजिक संगठन भी विशेष रूप से शामिल हुए।

स्वामी रामदेव, रूड़की गुरुकुल से पदमश्री आचार्य सुकामा, गौतम नगर दिल्ली गुरूकुल से स्वामी परमानंद महाराज, आर्य प्रतिनिधि सभा टिटोली के अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश, उड़ीसा से आए स्वामी व्रतानंद ने भी सभा को संबोधित किया और परमेश्वरी देवी के जीवन को आदर्श बताया।

### श्रद्धासुमन अर्पित किए

हरियाणा सरकार के कई मंत्रीगण, पूर्व सांसद, विधायकगण, प्रशासनिक अधिकारी और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी समारोह में भाग लिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि परमेश्वरी देवी जैसा जीवन जीना दुर्लभ है। उन्होंने परिवार और समाज को जो मूल्य दिए, वे अनमोल हैं। माताजी ने परिवार को जो संस्कार दिए वे पूरे समाज के लिए प्रेरणा हैं।

### परिवार ने सभी से कृतज्ञता जताई

कैप्टन अभिमन्यु एवं उनके परिजनों ने इस अवसर पर सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा, हमारी माता जी ने जो जीवन जिया, वह हमारे लिए एक उदाहरण है। उन्होंने हमें अनुशासन, प्रेम, त्याग और सेवा का जो पाठ पढ़ाया, उसे हम जीवनभर याद रखेंगे।

### दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने पुष्प अर्पित किए



माता परमेश्वरी देवी जी को श्रद्धांजलि देने के लिए दिल्ली सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह भी पहुंचे और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। प्रवेश साहिब सिंह ने कैप्टन अभिमन्यु व उनके परिवार को सांत्वना दी और भगवान से परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

### सांसद नवीन जिंदल ने शोक प्रकट किया



सांसद नवीन जिंदल ने किए श्रद्धासुमन अर्पित भाजपा सांसद नवीन जिंदल ने कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी की रस्म क्रिया में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। नवीन जिंदल ने टैगोर सभागार में पहुंचकर कैप्टन अभिमन्यु व उनके परिवार से मुलाकात करते हुए शोक प्रकट किया।

### सांसद कुमारी सैलजा ने दुख जताया



बॉक्स-मुझे बेटी मानती थी माताजी-कुमारी शैलजापूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी मुझे अपनी बेटी की तरह मानती थी। उन्हें माता जी से बहुत स्नेह मिला। उनके जाने का उन्हें बहुत गहरा दुख है। माताजी में संस्कार, दया, प्रेम, अनुशासन जैसे भाव कूट-कूट कर भरे थे। उन्होंने पूरा जीवन लोगों के जन कल्याण के लिए कार्य किया।

### ये गणमान्य लोग मौजूद रहे

कार्यक्रम में भूपेंद्र चौधरी यूपी भाजपा अध्यक्ष, सुभाष मेहरिया पूर्व केंद्रीय मंत्री, बिजेंद्र कादयान पूर्व मंत्री, सहेंद्र सिंह पूर्व विधायक यूपी, पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़, दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा, भिवानी सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री शैलजा, पूर्व सांसद अशोक तंवर, पूर्व संगठन मंत्री सुरेश भट्ट, पूर्व सांसद संजय भाटिया, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व गृह मंत्री सुभाष बतरा, सतीश बंधू, कई प्रशासनिक अधिकारी सहित एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, महिला आयोग हरियाणा की पूर्व चेयरमैन प्रतिभा सुमन, विजय आर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश भाटिया, स्वामी कर्णपुरी महाराज, स्वामी परम चेतन्य व स्वामी आदित्यवेश आदि भी मौजूद रहे।

### श्रद्धांजलि सभा में मंचासीन संत समाज







*मदवि के टैगोर ऑडिटोरियम में आयोजित माता परमेश्वरी देवी की श्रद्धांजलि सभा में भजन की प्रस्तुति देते गायक दिनेश पथिक व उनकी टीम के सदस्य।*

### परिवार ने सुबह सिंधु भवन में हवन करके आहुति दी

माता परमेश्वरी देवी जी की श्रद्धांजलि सभा से पहले सेक्टर 14 स्थित सिंधु भवन में हवन यज्ञ किया गया। जिसमें पदमश्री आचार्य सुकामा, आर्य समाज के प्रतिनिधियों ने मंत्रोचारण किया और परिवार से आहुति दिलवाई।



**रोहतक।** सिंधु भवन में आयोजित हवन के दौरान आहुति देते सिंधु परिवार के सदस्य।

## श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे वक्ताओं ने शब्दों में पिरोई माता परमेश्वरी जी की स्मृति

*भावुक हुए बाबा रामदेव*

### मां का साथ न होना बहुत दु:खद आशीर्वाद देने वाला एक हाथ कम हो गया




माता परमेश्वरी देवी की श्रद्धांजलि सभा में योगगुरु बाबा रामदेव स्वामी रामदेव जी माता परमेश्वरी देवी जी को याद कर भावुक हो गए। बाबा रामदेव ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी अपनी यात्रा पूर्ण करके गई हैं। मां का साथ न होना बहुत दुखद होता है। वह परिवार को एकजुट करके गई हैं। माताजी में अनुसाशन और दया थी। उनके जाने से मुझे आशीर्वाद देने वाला एक हाथ कम हो गया। परिवार में जो भी अनुसाशन देखते हैं वह माता जी की देन है। आर्य समाज में माता परमेश्वरी देवी का नाम बहुत ही आदर के साथ लिया जाता रहेगा। माताजी के आशीर्वाद से तीस से ज्यादा गुरुकुल चल रहे हैं। यह परिवार की उदारता है। माता जी जीवन भर बहुत योग करती रहीं। उन्होंने कहा कि जो ईश्वर का भक्त होता है, वह कभी भयभीत नहीं होता। माता परमेश्वरी देवी का जीवन इसका प्रमाण था।

*स्वामी वृत्तानंद महाराज ओडिसा*

### समाजिक कार्यों के लिए माता जी हमेशा याद रहेंगी



स्वामी वृत्तानंद महाराज उड़ीसा ने कहा कि माता के जाने का दुख तो है, लेकिन उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को नहीं भुलाया जा सकता। वह उन्हीं कार्यों के साथ हम सभी के बीच जीवित है। उन्होंने जनकल्याण के लिए जो कार्य किए, हमें पूरी उम्मीद है परिवार भी उन्हीं पदचिन्हों पर चलकर जनकल्याण के लिए अनेक कार्य करेंगे। उन्होंने परिवार को एक सूत्र में पिरोकर रखा, कभी किसी को अलग नहीं होने दिया। परमेश्वरी देवी 25 से ज्यादा पड़पोत्र व दोहते दोहहती हैं, जो कि अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है। समाज सेवा के लिए माता जी को हमेशा याद रख जाएगा।

*पदमश्री आचार्य सुकामा*

### समाज के लिए प्रेरणास्रोत ऐसे व्यक्तित्व समाप्त नहीं होते



श्रद्धांजलि सभा के दौरान पदमश्री से सम्मानित आचार्य सुकामा (रुड़की गुरुकुल) ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी का जीवन वैदिक आदर्शों पर आधारित था। उन्होंने परिवार को जिस अनुशासन और एकता से पाला, वह आधुनिक समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। ऐसे व्यक्तित्व कभी समाप्त नहीं होते, वे युगों तक प्रेरणा देते रहते हैं। आज उनके सभी बेटे माता जी के कारण ही प्रतिष्ठित पदों पर विराजमान हैं। यज्ञ के माध्यम से ही यह सब चीजें जीवित हैं। इसको संजोकर रखना अपने आप में बहुत बड़ी बात है। माता जी हम सभी के लिए प्रेरणा हैं, हमें बहुत कुछ उनसे सीखना होगा।

*स्वामी प्रवणानंद महाराज, दिल्ली गुरुकुल*

### उनकी यादें हम सबके हृदय में अमर रहेगी



स्वामी प्रवणानंद महाराज (गौतम नगर दिल्ली गुरुकुल) ने कहा कि एक मां का होना ही सबसे बड़ा आशीर्वाद होता है। परमेश्वरी देवी ने इस आशीर्वाद को हर दिन अपने परिवार और समाज को दिया। उनकी स्मृति हम सबके हृदय में अमर रहेगी। मां की जगह कोई नहीं ले सकता।

*स्वामी आर्यवेश, आर्य प्रतिनिधि सभा, टिटोली*

### संस्कृति की जीवंत मूर्ति थीं माता परमेश्वरी



स्वामी आर्यवेश (आर्य प्रतिनिधि सभा टिटोली) ने कहा कि श्रद्धा, समर्पण और वैदिक संस्कृति की जीवंत मूर्ति थीं माता परमेश्वरी देवी। उन्होंने अपने आचरण से यह सिद्ध किया कि सच्चा धर्म परिवार और समाज को जोड़ने में है, तोड़ने में नहीं। उन्हें कभी नहीं भुलाया जा सकता जो इतने बड़े परिवार का निर्माण कर उन्हें सालों साल और अभी तक एक रखे हुए है।

एक या दो तारीख से चुनाव प्रक्रिया संभावित

# जुलाई के पहले सप्ताह में मिल सकता है भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष

## जल्दी ही चुनाव अधिकारी मप्र पहुंचकर अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की सरगर्मी अब और तेज हो गई है। जल्दी ही चुनाव अधिकारी मप्र पहुंचकर अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराएंगे। संभावना जताई जा रही है कि अगले महीने के पहले सप्ताह में मप्र को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए एक जुलाई को नामांकन पत्र दाखिल होंगे। जबकि दो को कार्यसमिति की बैठक होगी। इसके बाद अध्यक्ष को चुन लिया जाएगा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव को लेकर पिछले छह महीने से बना असमंजस अब दूर होने जा रहा है। एक या दो जुलाई को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के संभावित चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र प्रधान भोपाल आएंगे। प्रधान के भोपाल आने की तारीख अभी तय नहीं हैं। वह एक या दो जुलाई को भोपाल आएंगे।




### चुनाव का कार्यक्रम का पूरा शेड्यूल घोषित होगा

प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव का कार्यक्रम आधिकारिक तौर पर भाजपा के केन्द्रीय चुनाव अधिकारी करते हैं। चुनाव की तारीख एक दो दिनों में जारी हो जाएगा। चुनाव कार्यक्रम में उम्मीदवार के नामांकन दाखिल करने, स्क्रूटनी और नाम वापसी के साथ ही निर्वाचन की घोषणा का पूरा शेड्यूल घोषित होगा।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए दावेदारों की लंबी फेहरिस्त

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव काफी देर से होने जा रहा है, किंतु अंदरखाने में प्रदेश अध्यक्ष को लेकर कई नेताओं की दावेदारी सामने आ रही है। दावेदारों की भी लंबी फेहरिस्त चल रही है, किंतु जिस तरह से भाजपा में परपंरा रही है, ऐसे में कोई भी नेता खुलकर सामने नहीं आ रहा है। चुनाव अधिकारी की घोषणा के साथ ही चुनाव में यह साफ हो सकेगा कि किस नेता को हाईकमान मौका देती है। सूत्रों ने बताया कि दावेदारों की संख्या ज्यादा होने की स्थिति में इस बार भी सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने के प्रयास होंगे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए दलित या आदिवासी पर हो सकता है विचार

देश व प्रदेश में जिस ढंग से माहौल चल रहा है, ऐसे में भाजपा दलित या आदिवासी अध्यक्ष पर भी दांव आजमा सकती है। हालांकि यह भी देखने की कोशिश की जाएगी कि 2028 का आम चुनाव कराने में कौन सक्षम होगा। इसके साथ ही यह भी देखा जाएगा प्रदेश में जातिगत समीकरण किस तरफ जा रहे है। जहां तक दावेदारों की बात है तो आदिवासी नेताओं में खरगोन सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, मंडला सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक कुंवर सिंह टेकाम और राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी अध्यक्ष के दावेदारों में शुमार हैं। दलित चेहरे के लिए अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, देवास सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी के नाम पर भी विचार मंथन चल रहा है।

### किसी नए नाम पर बन सकती है सहमति

*सूत्रों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के दावेदारों की रेस में बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल का नाम सबसे ऊपर है। हेमंत के पिता दिवंगत सांसद व प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय खंडेलवाल का नाम पुराने नेताओं में शुमार था, किंतु उन्हें कोई अहम पद नहीं मिला था बताते हैं कि हेमंत खंडेलवाल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ संघ की ओर से भी ग्रीन सिग्नल है। ऐसे में खंडेलवाल प्रदेश अध्यक्ष की रेस में सबसे आगे हैं। दूसरी तरफ वीडी शर्मा की जगह भाजपा ब्राह्मण पर फिर से दांव लगाती है, तो पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा प्रबल दावेदार हैं। नरोत्तम के अलावा वरिष्ठ नेता गोपाल भार्गव, अर्चना चिटनीस, विधायक और पूर्व प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा, सांसद आलोक शर्मा भी इस रेस में शामिल हैं। सूत्र बताते हैं कि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का नाम भी प्रदेश अध्यक्ष बनने की दौड़ में हैं।*

### इन समाज के नेताओं को भी नजरअंदाज करना मुश्किल

*विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। इनके बाद किसी भी राजपूत नेता को कमान नहीं मिली। ऐसे में चुनावों में भाजपा को अपेक्षित परिणाम मिले। ऐसे में ठाकुर नेताओं की दावेदारी भी मजबूत है। पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया, विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह इस रेस में शामिल हैं।*

## खबर संक्षेप

### जयस पार्टी के प्रदेश सचिव सहित जनप्रतिनिधियों ने ली भाजपा की सदस्यता

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के समक्ष शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनूपपुर जिले की पुष्पराजगढ़ विधानसभा के जयस पार्टी के प्रदेश सचिव राजेश कुमार सरठिया, जनपद सदस्य नेमा सिंह मार्को, पूर्व जनपद सदस्य धनीराम सिंह मरावी, ग्रामसभा अध्यक्ष जगदीश सिंह धुर्वे, सरपंच महेन्द्र सिंह परस्ते, पूर्व पंच, सरपंच सहित 31 से अधिक जयस के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया।

### पटवारी पर एफआईआर के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पीसीसी के सामने प्रदर्शन किया। वहीं सरकार के खिलाफ नारे लगाए। एनएसयूआई कार्यकर्ता कागज की तलवार लेकर प्रदर्शन करते रहे। इसके बाद मुख्यमंत्री निवास की ओर बढ़े तो पुलिस ने दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने कहा कि जब-जब जीतू पटवारी शोषितों, दलितों, वंचितों के साथ खड़े होकर उनकी आवाज उठाते हैं, जब उनके साथ खड़े होते हैं, तब तब सरकार उनके विरोध में कार्रवाई करते हैं। इसी कारण कायरता पूर्ण रवैया दिखाते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है।

दंदरौआ धाम में 44.50 करोड़ की लागत वाले विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

# भिंड के किसानों के लिए 2800 करोड़ रुपए से बनाई जाएगी रतनगढ़ माता बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना

*परीक्षण कराकर धारौली एवं अमायन को बनाएंगे नगर परिषद*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सबके कल्याण के लिए हमारी सरकार लगतार काम कर रही है। हमारी सरकार मिशन मोड पर इनके कल्याण के लिए प्रयासरत है। किसानों के खेत-खलिहान और घर द्वार में समृद्धि आए इसके लिए सरकार सभी प्रयास कर रहे है। खेतों में सिंचाई के लिए पर्याप्त जल, पीएम किसान सम्मान निधि, मौसम की मार और कीट प्रकोप से सुरक्षा कवच देते हुए फसल योजना जैसी सुविधाओं के साथ अब हमारी सरकार किसानों को सोलर पम्प देने जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ, यादव शनिवार को भिंड जिले की मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के दंदरौआ सरकार धाम परिसर में आयोजित किसान एवं रोजगार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इसी पावन धरती से प्रदेश के सभी किसानों के लिए प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत रिमोट का बटन दबाकर राज्य स्तरीय सोलर पॉवर पंप पोर्टल लांच किया। इन सोलर पम्पों के लिए किसान अपनी जरूरत के अनुसार सौर ऊर्जा से बिजली पैदा कर अपने खेतों में सिंचाई कर सकेंगे। सोलर पंप के जरिए हम किसानों को बिजली आपूर्ति और बिजली बिल की चिंता से मुक्ति दिला देंगे।

### खास बातें

- दंदरौआ धाम में आयुर्वेदिक, आयुर्वेदिक नर्सिंग कॉलेज और पैरा मेडिकल स्टाफ के लिए ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट खुलेगा
- मेहगांव में युवाओं के लिए खेल स्टेडियम और छोटे बच्चों के लिए अमृत 2 योजना से बनाया जाएगा चिल्ड्रन पार्क




### नगर परिषद बनाने की घोषणा की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धारौली एवं अमायन ग्राम पंचायत को नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग से परीक्षण कराकर नगर परिषद बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेहगांव में युवाओं के लिए खेल स्टेडियम और छोटे बच्चों के लिए अमृत-2 योजना से एक सुंदर चिल्ड्रन पार्क बनाया जाएगा। दंदरौआ सरकार धाम में दूर दराज से आने वाले श्रद्धाजुओं एवं भक्तों के लिए इस धाम तक सुगम आवागमन के लिए मौ से गोहद तक वर्तमान एकल मार्ग का चौड़ीकरण कराकर इसे टू लेन रोड बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने दंदरौआ सरकार धाम से ही भिंड जिले के लिए 44.50 करोड़ से अधिक की लागत वाले करीब 50 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया।

### पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहाकि राज्य सरकार ने ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के किसानों की आय बढ़ाने के लिए पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना की सौगात दी है। प्रदेश का सिंचाई रकबा अभी 55 लाख हेक्टेयर है, इसे आगामी वर्षों में 100 लाख हेक्टेयर तक बढाएंगे। प्रदेश सरकार ने किसानों के लिए सोलर पंप योजना का शुभारंभ हुआ है। इस योजना के तहत किसानों को मात्र 90 प्रतिशत अनुदान 5 हार्स पॉवर से लेकर 10 हार्स पॉवर तक के सोलर पंप दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों को 5 हार्सपॉवर का सोलर पावर पंप मात्र 30 हजार रुपए में, 7.5 हार्स पॉवर का पंप 41 हजार रुपए में और 10 हार्स पॉवर को सोलर पावर पंप 58 हजार रुपए में मुहैया कराएगी।

परियोजना की लागत करीब 2800 करोड़ रुपए होगी

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान सम्मेलन में भिंड जिले को कई सौगातें दीं। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि भिंड जिले की पावन धरती दंदरौआ धाम में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, आयुर्वेदिक नर्सिंग कॉलेज और पैरा मेडिकल स्टाफ के लिए ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट खोला जाएगा। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर भिंड जिले के किसानों के हित में रतनगढ़ माता बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना प्रारंभ करने को मंजूरी दी। परियोजना की लागत करीब 2800 करोड़ रुपए होगी। इस परियोजना से मेहगांव और गोहद विधानसभा क्षेत्र के किसानों को विशेष लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कई उपयोगी जानकारियां साझा कीं



# मुख्यमंत्री निवास में सीएम साय ने सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना और इसे प्रेरणादायी बताया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश के कोने-कोने में हो रहे नवाचारों, जन-भागीदारी और सकारात्मक प्रयासों की चर्चा करते हैं, जिससे राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित लोगों को पहचान और सम्मान मिलता है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों से प्रेरणा लेकर छत्तीसगढ़ में जनभागीदारी के साथ स्वास्थ्य और प्रकृति की रक्षा के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के 'मन की बात' कार्यक्रम में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उपयोगी जानकारियां साझा की। प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चल रहे नवाचारों के बारे में बताया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जीवन में छोटे-छोटे प्रयास बड़े बदलाव का आधार बनते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का यह दृष्टिकोण हम सभी को प्रेरित करता है और यदि हम नियमित रूप से छोटे लेकिन सार्थक कदम उठाएं, तो समाज और देश में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

### हर छोटी-बड़ी उपलब्धि पर करते हैं चर्चा

*मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री देश की छोटी-छोटी से लेकर बड़ी उपलब्धियों पर भी अपनी बात साझा करते हैं और उसकी सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने योग दिवस की भव्यता, पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी, महिला सशक्तिकरण, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की उपलब्धि, 1975 के आपातकाल और भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की वियतनाम यात्रा और भारत के ट्रेकोमा मुक्त होने जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत हम सभी का संकल्प है और राष्ट्र को आगे ले जाने के लिए छत्तीसगढ़ हर मोर्चे पर दृढ़ संकल्प के साथ खड़ा है।*

### स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज भी रहे मौजूद

*इस अवसर पर निरंजन पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरी जी महाराज, केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास सावित्री ठाकुर, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक राजेश मूणत, विधायक अनुज शर्मा, विधायक राजेश अग्रवाल, विधायक संपत अग्रवाल, विधायक प्रबोध मिंज, राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, सीजीएमएससी के चेयरमैन दीपक म्हस्के, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैंकरा, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।*

गरज चमक और वज्रपात की गतिविधियों में बढ़ोतरी भी संभव

# आज से प्रदेश भर में तीव्र बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय हो गया है। गरज चमक और बारिश के साथ वज्रपात की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। रविवार को प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में हल्की मध्यम बारिश हुई।

वहीं कुछ क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ भारी बारिश हुई। मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि 30 जून से प्रदेश में बारिश की तीव्रता में बढ़ोतरी होने की संभावना है। पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश होने की संभावना है। वहीं राजधानी रायपुर में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। बारिश की स्थिति बनी हुई है। वहीं रात में कई इलाकों में बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की उत्तर पश्चिमी खड़ी, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के समवर्ती तटीय क्षेत्रों पर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जो की चक्रवर्ती परिसंचरण के साथ दक्षिण की ओर झुका हुआ है। ओडिशा और समवर्ती पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदान झारखंड और छत्तीसगढ़ के पश्चिम उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। इसके प्रभाव से प्रदेश में अधिकांश जगहों पर हल्की मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं एक दो जगह पर मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ भारी बारिश हो सकती है। राजधानी रायपुर में रविवार को सुबह से ही बादल छाए हुए थे। पिछले 48 घंटे के दौरान छत्तीसगढ़ के सभी संभागों में भारी बारिश हुई है। सभी इलाकों में तीव्र बारिश दर्ज की गई है।

रोजगार सहायक पर गिरी गाज

# पीएम आवास के हितग्राहियों से पैसे मांगने पर बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला प्रशासन की ओर से कदाचरण और कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कठोर करवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से जिओ टैगिंग और मस्टर रोल प्रस्तुत करने के एवज में राशि लेने की शिकायत जांच में पुष्टि होने पर रोजगार सहायक को बर्खास्त कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलारी (क) में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक गौरीशंकर पैकरा के विरुद्ध प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से जिओ टैगिंग व मस्टर रोल प्रस्तुत करने के एवज में राशि लेने एवं अभद्र व्यवहार करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कसडोल द्वारा शिकायत जांच कराई गई। जांच में रोजगार सहायक गौरीशंकर पैकरा के विरुद्ध शिकायत सही पाए जाने तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के अनुमोदन उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कसडोल द्वारा ग्राम पंचायत बिलारी (क ) के रोजगार सहायक गौरीशंकर पैकरा को संविदा पद से पृथक कर दिया गया है।

मंत्री सावित्री ठाकुर को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर किया सम्मान

# केन्द्रीय राज्य मंत्री ने की सीएम साय से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास सावित्री ठाकुर ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के साथ प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के संकल्प के तहत विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि नक्सल प्रभावित



बीजापुर, सुकमा, कांकेर, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिलों में नियद नेल्लानार योजना के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 159 आंगनबाड़ी केंद्रों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। यह पहल उन दुर्गम क्षेत्रों में शासन की योजनाओं को सीधे अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केंद्रीय राज्य मंत्री ठाकुर को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा उपस्थित थीं।

# युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पुराना बस स्टैंड स्थित एसपी कार्यालय के सामने बनी गुमटी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सुबह घूमने निकले लोगों ने शव को लटकते देखा, जिसके बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि मृतक कवारास का रहने वाला था और वह शायद ग्राम पंचायत कावापाल सरपंच के पति कमलोचन बघेल है।



मृतक ने आत्महत्या एसपी कार्यालय के सामने चाय की गुमटी पर की है। उसका उपचार डिमरापाल अस्पताल में चल रहा था। वह सुबह डिमरापाल अस्पताल से 5.30 बजे निकला था। उसका बेटा डिमरापाल में ही है ऐसा बताया जा रहा है। वहीं मृतक का एक भाई पुलिस आरक्षक है।

प्रदेश के किसानों को एक्सपोर्ट के लिए किया जा रहा है तैयार

मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से मिलेगी नई उड़ान

# पेरिस और लंदन में महकेगा गुना का गुलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुलाबों की नगरी के रूप में नई पहचान बनाते जा रहे गुना के किसानों की मेहनत को मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से नई उड़ान मिलने जा रही है।

गुना के 20-25 किसान उद्यानिकी विभाग और एनबीसी के सहयोग से गुलाब की खेती कर गुलाबी नगरी जयपुर और देश की राजधानी दिल्ली में अपनी पहचान बना रहे हैं। गुना के गुलाब को लंदन और पेरिस तक पहुंचाने के प्रयास प्रारंभ हो गए हैं। जल्दी ही इसकी महक लंदन और पेरिस के बाजार में बिखरेगी।

### किसानों की आय को दोगुना करने का रखा लक्ष्य

राज्य शासन उद्यानिकी (फ्लोरी-कल्चर) के माध्यम से किसानों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में गुना के गुलाब को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए मप्र औद्योगिक विकास निगम एमपीआईडीसी भी आगे आ गया है। आगामी 16 जुलाई एमपीआईडीसी एक्सपर्टस की टीम गुना का भ्रमण करेगी। टीम में शामिल विशेषज्ञ किसानों को एक्सपोर्ट की संभावनाओं के साथ एक्सपोर्ट करने में आने वाली फॉर्मेलिटी के लिए तैयार करेंगे। एमपीआईडीसी किसानों का एक्सपोर्टर के साथ समन्वय स्थापित करने में भी सहयोग करेगा। इससे गुना का गुलाब पुणे और बेंगलुरु की तर्ज पर पेरिस, लंदन में अपनी खुशबू फैला सकेगा।



### 20 से 25 किसान कर रहे 25 एकड़ मे खेती

वर्तमान में गुना जिले में 20 से 25 किसान लगभग 25 एकड़ में गुलाब की खेती कर रहे हैं। एक आकलन के अनुसार एक एकड़ में, एक किसान, एक वर्ष में गुलाब की खेती से 10 से 12 लाख रुपया शुद्ध मुनाफा कमा लेता है। गुना जिले में किसानों में गुलाब उत्पादन के बढ़ते हुए उत्साह को देखते हुए उद्यानिकी विभाग द्वारा इस वर्ष 2025-26 में गुना जिले में 50 एकड़ में पॉलीहाउस तैयार कर 150 किसानों को गुलाब की खेती के लिए तैयार किया जाएगा। इसे 5 वर्षों में 500 एकड़ करने का रोडमेप तैयार किया जा रहा है। उद्यानिकी विभाग द्वारा पॉलीहाउस में गुलाब की खेती की बारीकियां समझने के लिए गुलाब उत्पादकों के दल को महाराष्ट्र से पुणे और तलेगांव ले जाने का कार्यक्रम बनाया गया है।

## चिंतन

# सामाजिक सुरक्षा दायरे को निरंतर मजबूती की जरूरत

हाल के दस वर्षों में निश्चित रूप से सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ा है। इसका ही नतीजा है कि करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। देश में अब करीब पांच प्रतिशत लोग ही अत्यंत गरीबी के भंवर में हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा है कि करीब 95 करोड़ लोग सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं, जबकि वर्ष 2015 तक सरकारी योजनाएं 25 करोड़ से भी कम लोगों तक पहुंची थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, देश की 64 प्रतिशत से अधिक आबादी किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ उठा रही है। सामाजिक सुरक्षा कवरेज का दायरा 19 प्रतिशत से बढ़कर 64.3 प्रतिशत (94.3 करोड़ से अधिक लोग) हो गया है। लाभार्थियों की संख्या के मामले में, नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने में भारत अब चीन के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर है। यह दर्शाता है कि जब नीति, प्रौद्योगिकी और राजनीतिक इच्छाशक्ति लोगों की सेवा के लिए मिलकर काम करती है तो बड़ा लक्ष्य भी संभव है। भारत में सामाजिक सुरक्षा प्रणाली व्यापक है, जिसमें केंद्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर सामाजिक बीमा और सामाजिक सहायता योजनाएं शामिल हैं। श्रम कानून सरल बनाए गए, आयुष्मान योजना के साथ कई बीमा योजनाएं, मनरेगा, पेंशन, मुफ्त अनाज व छात्रवृत्ति योजनाएं, जेएएम, डिजिटल कनेक्टिविटी, डीबीटी, किसान सम्मान निधि, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की पेंशन के लिए श्रम योगी मानधन योजना, उज्ज्वला व लखपति दीदी योजनाएं, पीएम ग्रामीण व शहरी आवास योजना, लोन के लिए मुद्रा, विश्वकर्मा व स्वनिधि योजनाएं, दिव्यांग व ट्रांसजेंडरों के लिए सहायता योजनाएं आदि के चलते जहां सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ा है, वहीं गरीबी उन्मूलन में भी मदद मिली है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को आंखों के रोग 'ट्रेकोमा' मुक्त घोषित किया जाना भी उल्लेखनीय उपलब्धि है। सामाजिक सुरक्षा कवरेज में इस व्यापक विस्तार को मोदी सरकार द्वारा गरीबों और श्रम कल्याण योजनाओं की सफलता के रूप में देखा जा सकता है और इसका फोकस समावेशी और अधिकार आधारित सामाजिक सुरक्षा इकोसिस्टम बनाने पर है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभार्थियों को दारूण गरीबी से बाहर आने में मदद मिली है, लेकिन इसका दूसरा पहलू है कि वे न ही आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने हैं और न ही उनकी जीविका के साधन सुनिश्चित हो सके हैं। वे सरकार की योजनाओं से बस गरीबी रेखा के दायरे से बाहर आए हैं, इन्हें अर्थशास्त्र की भाषा में नियो मिडिल क्लास कहते हैं, जिनके वापस बीपीएल श्रेणी में आने का खतरा बना रहता है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को अनंतकाल तक नहीं चलाया जा सकता है, सरकार पर सब्सिडी को तर्कसंगत बनाने का दबाव भी है, ऐसे में जहां सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का सोशल ऑडिट होते रहना चाहिए, वहीं सभी सोशल वेलफेयर स्कीम्स को मर्ज कर रोजगार सृजन योजना पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। गरीबी उन्मूलन लक्ष्य के लिए जरूरी है कि नागरिक सक्षम बनें, समर्थ बनें और आत्मनिर्भर बनें। वे आश्रित आबादी न रहें। रोजगार योजनाओं के सतत क्रियान्वयन से जहां एक से डेढ़ दशक में स्थाई गरीबी खत्म करने में मदद मिलेगी, सरकार का बोझ कम होगा, वहीं देश विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल कर सकेगा। सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अभी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है।

# सहकारिता क्षेत्र की दिक्कतें हों दूर



**आर्थिकी**
शंभू भद्रा

सहकारिता मंत्री के तौर पर अमित शाह ने सोये हुए कॉपरेटिव सेक्टर को न केवल जगाया है, बल्कि नई नीतियों व कार्यक्रमों से इसमें ऊर्जा का संचार भी किया है। आज देश में सहकारिता 'सहकार से समृद्धि' के मोटो के साथ एक आर्थिक बदलाव और गरीबी उन्मूलन का केंद्रीय अस्त्र बन चुकी है। देश में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सहकारी योजनाओं ने भी अहम भूमिका निभाई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2025 को संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया। साफ है कि दुनिया सहकारी अर्थशास्त्र की ओर तेजी से बढ़ रही है। भारत के पास इस क्षेत्र में प्रगति के लिए पारिस्थितिकी भी है और प्रगाढ़ आवश्यकता भी।

आज केंद्र सरकार सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने के लिए मंथन बैठक कर रही है। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह देश में सहकारिता के विकास में खास रुचि ले रहे हैं। सहकारिता मंत्री के तौर पर अमित शाह ने सोये हुए कॉपरेटिव सेक्टर को न केवल जगाया है, बल्कि नई नीतियों व कार्यक्रमों से इसमें ऊर्जा का संचार भी किया है। आज देश में सहकारिता 'सहकार से समृद्धि' के मोटो के साथ एक आर्थिक बदलाव और गरीबी उन्मूलन का केंद्रीय अस्त्र बन चुकी है। देश में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में कॉपरेटिव योजनाओं ने भी अहम भूमिका निभाई है।

जब मौजूदा विश्व में पूंजीवादी अर्थवाद और कॉरपोरेट पूंजीवाद उम्मीदें नहीं जगा रहे हैं, उल्टे ये आर्थिक असमानता की खाई बढ़ा रहे हैं व आर्थिक क्रांति के तौर पर पेश किए गए साम्यवाद नब्बे के दशक में ही दम तोड़ चुका है और सही मायने में इस वक्त दुनिया नव आर्थिक वैचारिकी (नए आर्थिक मॉडल) के संकट के दौर से गुजर रही है, तब कॉपरेटिव इकोनॉमिक सिस्टम (सहकारी आर्थिक तंत्र) उम्मीद जगाता है। आर्थिक स्वतंत्रता, समावेशी विकास, गरीबी उन्मूलन, आर्थिक लोकतंत्र, आर्थिक असमानता के गैप को भरने के भागीरथ लक्ष्यों को सहकारी आर्थिक तंत्र के कुशल क्रियान्वयन से हासिल किया जा सकता है। भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति भी की है, लेकिन अभी भी भारत की आर्थिक नीति व विकास मॉडल में कॉपरेटिव इकोनॉमिक सिस्टम को केंद्रीय स्थान नहीं मिला है। यूं तो भारत की प्राचीनता और संस्कृति में सहकारिता के बीज हैं। वैदिक काल से स्वतंत्रता एक सहकारिता अनेक सामाजिक व आर्थिक बदलाव की शनैः शनैः साधन बनी है। आजादी के बाद इसे सरकार ने नीतिगत तौर पर गति दी। देश में आर्थिक शक्ति का विकेंद्रीकरण करने तथा सामाजिक न्याय पर ध्यान केंद्रित करते हुए आर्थिक विकास में लोक भागीदारी को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया, पंचवर्षीय योजनाओं में सहकारिता को शामिल किया गया। वर्ष 1963 में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) और वर्ष 1982 में नाबार्ड बना। 97वें संविधान संशोधन अधिनियम 2011 द्वारा सहकारी समितियां बनाने के अधिकार को मूल अधिकार (अनुच्छेद 19) के रूप में स्थापित किया गया। हालांकि कांग्रेस नीत सरकारों की लचर नीतियों, लाल फीताशाही और संस्थागत भ्रष्टाचार के चलते सहकारिता क्षेत्र को वैसी मजबूती नहीं मिली, जिसकी जरूरत थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने सहकारिता के आर्थिक क्रांति सामर्थ्य को पहचाना और वर्ष 2021 में अलग से सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। अमित शाह जैसे फोकस्ड और दूरदर्शी विजन वाले नेता को इस मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई। नीतिगत तौर पर मोदी सरकार ने सहकारिता क्षेत्र का कायाकल्प किया है, शाह के मंत्रित्व में अनेक कार्यक्रम चल रहे हैं। बहु-राज्य सहकारी समितियां (संशोधन) अधिनियम 2023 लाया गया। कृषि, बागवानी, डेयरी, मत्स्य पालन, अनाज भंडारण, सस्ती दवा विपणन, सुलभ ऋण वितरण, सौर पंप, और ब्रिकी केंद्र जैसे क्षेत्र में सहकारिता कार्यक्रम क्रियान्वित हो रहे हैं। भारत ने गत नवंबर में अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) वैश्विक सम्मेलन की



मेजबानी की है। इसके बावजूद सहकारिता क्षेत्र अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, जिन्हें एड्रेस करने की जरूरत है। उम्मीद है कि इस मंथन बैठक में चुनौतियों को हल करने की दिशा में पहल हो। सहकारिता आंदोलन देश की समावेशी विकास रणनीति का आधार है। वित्तीय समावेशन, सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के माध्यम से सहकारी समितियों ने असमानताओं को कम करने एवं स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सहकारी समितियां पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतांत्रिक निर्णय लेने की प्रक्रियाओं की कमी की चुनौतियों से जूझती हैं। कई सहकारी समितियों की वित्तीय संसाधनों तक पहुंच नहीं है। उनके पास वित्तीय संस्थाओं द्वारा अपेक्षित औपचारिक दस्तावेज़ का अभाव होता है, जिससे ऋण प्राप्त करना कठिन हो जाता है। सहकारी समितियों को अक्सर समावेशिता की कमी, संरचनात्मक असमानताओं के अस्तित्व आदि से संबंधित मुद्दों का सामना करना पड़ता है। अवसंरचना संबंधी बाधाएं और कनेक्टिविटी की कमी उनकी दक्षता और प्रभावशीलता को प्रभावित करती है, जिससे पहुंच सीमित हो जाती है। तकनीकी और प्रबंधकीय प्रशिक्षण और कौशल विकास पहलों का अभाव एक और चुनौती है, जो मानव संसाधनों को पंगु बना देती है। सहकारी समितियों के कामकाज में राजनीतिक हस्तक्षेप उनकी स्वायत्तता को कमज़ोर करता है और सदस्यों के हितों को प्रभावी ढंग से पूरा करने की उनकी क्षमता को प्रभावित करता है। मूल्य श्रृंखलाओं को मज़बूत करने और सहकारी उत्पादों के लिए बाज़ार पहुंच बढ़ाने के लिए गोदामों, शीत भंडारण सुविधाओं और प्रसंस्करण इकाइयों जैसे बुनियादी ढांचे के विकास में अधिक निवेश की आवश्यकता है। सहकारिता की धारणा को नव प्रयोग और नवप्रवर्तन के केंद्र के रूप में परिवर्तित करना जरूरी है। सहकारी नेतृत्व वाली पर्यटन पहल होनी चाहिए। यह नया क्षेत्र होगा। वित्तीय सहकारी समितियां संसाधनों, विशेषज्ञता और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए क्रेडिट यूनियनों सहित अन्य सहकारी समितियों के साथ सहयोग कर सकती हैं। इससे कार्यकुशलता में सुधार और लागत कम करने में मदद मिल सकती है।

वित्तीय सहकारी समितियां पारंपरिक बचत और ऋण से आगे बढ़कर निवेश उत्पादों, बीमा और वित्तीय शिक्षा को शामिल करने के लिए अपनी सेवाओं का विस्तार कर सकती हैं। सहकारिता को केंद्रीय आर्थिक मॉडल के घटक रूप में अपनाया जाना चाहिए। दरअसल, सहकारी अर्थशास्त्र 1700 के दशक के अंत और 1800 के दशक की शुरुआत में औद्योगिक पूंजीवाद के सिद्धांत के साथ स्टेट सोशलिज्म के रूप में विकसित हुआ। सहकारिता समाजवाद की स्थापना का ही मार्ग है। सहकारी अर्थशास्त्र आवास, भोजन, रोजगार और गरीबी की समस्याओं को हल करने में सक्षम है, जो आधुनिक पूंजीवादी व औद्योगिक व्यवस्था अब तक हल करने में असमर्थ हैं। 2012 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया था, जिसमें सामाजिक-आर्थिक विकास में सहकारी समितियों के योगदान पर प्रकाश डाला गया। अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली महिला एलिनोर ओस्ट्रोम ने सहकारी उद्यमों और संगठनों की प्रबंधन की क्षमता को राजनीतिक या बाजार के साधनों से कहीं अधिक प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया। वैश्विक मानवता का 12 फीसदी हिस्सा किसी न किसी सहकारी समिति का सदस्य है। फरवरी 2024 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2025 को संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया। साफ है कि दुनिया सहकारी अर्थशास्त्र की ओर तेजी से बढ़ रही है। भारत के पास इस क्षेत्र में प्रगति करने के लिए पारिस्थितिकी भी है और आवश्यकता भी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व आर्थिक जानकार हैं। ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## जयंती विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह



# फ़रिश्ता होने से इंसान होना श्रेष्ठ मानते थे बाबा नागार्जुन

मैं यानी /अर्जुन नागा/उर्फ बैजनाथ मिसिर/ उर्फ यात्री जी/साकिन मौजे तरउनी बड़की/ थाना बहेड़ा/ जिला दरभंगा/ बिहार राज्य/ होशोहवास/अपनी धर्मपत्नी/आदरणीय श्रीमती/ अपराजिता देवी के/चंद लफ़्ज़ों के मुताबिक/ 'हम तो आज तक/इन्हें समझ ही नहीं पाये'/ हां/ वही, जो/कोटि-कोटि/अन्नहीन वस्त्रहीन जनों का प्रतिनिधि/ नागार्जुन है न। हिंदी व मैथिली के अलबेले बहुभाषाविद प्रगतिशील कवि व कथाकार बाबा नागार्जुन ने अपनी इस कविता में स्वयं अपने हाथों अपने कान उमेठते हुए-से अपना जैसा परिचय दिया है, शायद ही किसी और साहित्यकार ने दिया हो। निस्संदेह, यह उनकी उस प्रवृत्ति के अनुरूप ही है, जिसमें वे यावत्जीवन हर चंद कोशिश करते नजर आते हैं कि उनके और उनके पाठकों (या कि जनता) के बीच कहीं भी कोई छद्म न रह पाए। इसीलिए अपने इस परिचय में वे यह भी नहीं छिपाते कि वे रात को बहुत थोड़ा सोने वाले, दमा के सनातन मरीज और घुमक्कड़ी के शौकीन हैं। इस आत्म-परिचय के बरक्स उन्हें किसी दूसरी



अपनत्वभरी निगाह से देखना चाहें तो प्रसिद्ध आलोचक विजय बहादुर सिंह याद आते हैं, जो 1967 के बाद के कई दशकों तक इस मायने में बाबा के 'सहचर' रहे कि उस दौर में मध्य प्रदेश में विदिशा स्थित उनका घर बाबा के प्रवास का सबसे पसंदीदा ठौर हुआ करता था। यों तो बाबा को बीसवीं सदी का ऐसा सबसे बड़ा यायावर कहा जाता है, पूरा देश ही जिसका अपना घर था। विजय बहादुर उनके 'कुछ कुछ अष्टावक्री तेवर और बहुत कुछ दुर्वासाई अंदाज' को इन शब्दों में याद करते हैं, सरलता ऐसी कि बच्चा भी सटकर बतिया ले और गूढ़ता ऐसी कि बड़े-बड़े पंडित भी खौफ खा जाएं। प्रखरता ऐसी कि रौब-दाब वाली कथित प्रवर बौद्धिकता भी पानी भरे।.. वेश जैसे नगरपालिका के चुंगी नाके का रिटायर्ड नाकेदार।...ठाठ देखें तो लगे, जैसे खैनी तम्बाकू का कोई बूढ़ा व्यापारी। गले में पुरबिया गमछा। धड़ पर कुर्ता या कोट। कमर में पतलून या पैजामा और दाढ़ी बिल्कुल ऋषियों जैसी।...हंसे तो कत्थई मटमैले दांतों के साथ मसूड़े भी मुसकी मारें। खीझे तो भौंहों और नथुनों से बरसे कोप। ठेंपी खुले तो खुली ही रह जाये। बंद रहे तो गूंगापन भी झख मारे। आगे, बाबा की इन सारी पहचानों से ऊपर उनकी उपस्थिति को लेकर वे लिखते हैं कि वह इतनी सतेज व जीवंत थी कि गांधी के भक्तजन तो उससे चौंकते ही रहते थे, मार्क्स और लेनिन के चेले भी ...। बहरहाल, एक वाक्य में कहें तो बाबा अपनी मिसाल आप ही थे। भले ही उनकी घुमक्कड़ी के चलते उनको दूसरा राहुल सांकृत्यायन कहा जाता था और फक्कड़पने को लेकर दूसरा कबीर, जानकारों का उनके जीवन और साहित्य के बारे में यही निष्कर्ष है कि अपनी सहज रूप से जिंदादिल और संप्रेषणीय कविताओं की मार्फत वे ऐसा मनोरम काव्य संगीत रच गये हैं जो बार-बार हमें जीवन के विविध छंदों व लक्ष्यों की याद दिलाता रहेगा। हम जानते हैं कि बाबा अपनी कविताओं में जनविरोधी सत्ता प्रतिष्ठानों पर प्रायः हमलावर हो उठते और उनसे इस तरह सवाल पूछने लगते थे कि जैसे जवाब लिये बिना टलेंगे ही नहीं। कुछ समीक्षकों के अनुसार हिंदी व मैथिली में लिखे बाबा के संपूर्ण साहित्य में अन्याय के खिलाफ लड़ाई का आह्वान तो है ही, जनविरोधी शक्तियों के खिलाफ उद्वेलन भी है, क्रांति के सपने भी और भूख व गरीबी से गरिमा के साथ जूझने की यथार्थवादी तरकीबें भी। कह सकते हैं कि हिंदी के गद्य साहित्य में जो काम कभी प्रेमचंद ने किया, पद्य में वही काम बाबा ने। प्रसंगवश, अपनी कविताओं की बाबत एक साक्षात्कार में बाबा ने कहा था कि वे कविताएं तब लिखते हैं, जब उन्हें समाज या व्यवस्था पर बहुत गुस्सा आता है। एक आदर्श कवि के बारे में उन्होंने बताया था कि वे अच्छे कवि की अपेक्षा अच्छे नागरिक को कहीं अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। यह पूछे जाने पर कि तब क्या वे अपने को कवि नहीं मानते, उनका उत्तर था : कविता की मैंने कभी परवाह नहीं की और इस सवाल का जवाब मांगने के लिए मैं सही पात्र नहीं हूं। हां, किसी शायर की ये पंक्तियां मेरे दिमाग में गूंजती रहती है : फ़रिश्ते से इंसान बनना है बेहतर, मगर इसमें पड़ती है मुश्किल जियादह। उन्होंने कहा था : हम तो ऐसे हैं, साधु का लबादा छोड़ने पर भी जो एक अच्छा पति नहीं बन सका, एक अच्छा पिता नहीं हो सका। वह भला अच्छा कवि और अच्छा नागरिक कैसे होगा? प्रत्येक बंधन से छुटकारा पाने की कोशिश में, किसी प्रकार के दायित्व को न निभा पाने की निराशा में आहिस्ता-आहिस्ता औघड़ बन जाना ही मैं अपने लिए सहज मानता आया हूं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# कण-कण में हैं भगवान, मुझमें भी, तुझमें भी



संकलित
**दर्शन**

ज्ञान प्राप्त कर लौटे श्वेतकेतु को देखते ही महर्षि उद्दालक समझ गए कि पुत्र में घमंड घर कर गया है। उन्होंने एक दिन श्वेतकेतु से पूछा, पुत्र क्या तुमने कभी उस ज्ञान की खोज की है, जिसके द्वारा अनसुना सुना जा सकता है, अदृश्य देखा जा सकता है और अज्ञेय जाना जा सकता है? महर्षि ने तब मिट्टी, पानी और बीज के उदाहरण से समझाया कि किस तरह संपूर्ण सृष्टि एक ही तत्त्व से बनी है। बीज का उदाहरण- महर्षि उद्दालक ने श्वेतकेतु को बरगद का एक फल देते हुए काटने को कहा। अंदर क्या निकला, श्वेतकेतु ने जवाब दिया, बीज। अब इस बीज को काटकर देखो कि इसके भीतर क्या है? इसमें तो कुछ भी नहीं है पिताजी, पुत्र की इस बात पर महर्षि ने मुस्कराते हुए कहा, जिसे तुम नहीं देख पा रहे, उसी से बरगद का एक बड़ा पेड़ बनेगा। पानी में नमक- इसी तरह, एक गिलास पानी में नमक घोलकर उन्होंने बेटे से पूछा, नमक कहां है? नमक तो पानी में घुल गया, पर इसका स्वाद हर बूंद में है। श्वेतकेतु को असली ज्ञान मिल चुका था कि जिस तरह नमक पानी में अदृश्य होकर भी हर जगह मौजूद है, उसी तरह संपूर्ण ब्रह्मांड में ब्रह्म व्याप्त है। वह हर कण में है, हर जीव में। वह मुझमें भी है, वह तुम में भी। किसी का भी अस्तित्व केवल वहीं तक सीमित नहीं होता, जैसा वह बाहर दिखता है। मूल तो वह ब्रह्म है, वह एटम, जो दिखता नहीं, लेकिन हमेशा से वहीं है जो नष्ट नहीं होता और अनंत काल से चक्र में चला आ रहा है।

# मन ही इंसान का प्रिय मित्र और परम शत्रु




संकलित
**प्रेरणा**

भगवद्गीता में कहा गया है 'बन्धुरात्मात्मनस्तस्य येनात्मैवात्मना जितः। अनात्मनस्तु शत्रुत्वे वर्तेतात्मैव शत्रुवत॥ 6.6॥' अर्थात जो मनुष्य मन को वश में कर लेता है, उसका वह मन ही परम मित्र बन जाता है, लेकिन जो मनुष्य मन को वश में नहीं कर पाता है, उसके लिए वह मन ही परम शत्रु के समान होता है। अब यदि हम अपने मन को वश करना चाहते है, तो उसका वशीकरण मंत्र है खुद को आत्मा समझना जी हां! मन, बुद्धि, संस्कार यह तीनों ही चैतन्य आत्मा के साधन हैं, अतः इन तीनों को यदि कोई नियंत्रित कर सकता है, तो वह है उनका स्वामी यानी की आत्मा। तो आइए हम सभी खुद को आत्मनिश्चय करें और तटस्थ भाव से शरीर रूपी साधन व उसके संसाधनों का उपयोग कर ध्यान साधना द्वारा अपने जीवन को सुखी व शांतमय बनाएं। आज हालात ऐसे हो गए है कि हम आत्मा रूपी सारथी को दिव्य गुणों से श्रृंगारने के बजाय शरीर रूपी रथ को स्वर्ण आभूषणों से सजा रहे हैं। परमात्म ज्ञान रूपी शक्तिवर्धक खुराक से आत्मा को वंचित करके हम उसे भूखा मार रहे हैं और शरीर रूपी स्थूल साधन को दूध और घी पिला रहे है, यह कैसी विचित्र स्थिति है। ऋषियों के मतानुसार इसी को 'कलियुग' कहा जाता है कि जहां पर स्वामी (आत्मा) अपने उत्तरदायित्वों को सर्वदा भुलाकर सेवकों (शरीर) की सेवकाई में लगा रहे। इन सभी बातों के पीछे का सार यह है कि जब तक मनुष्य अपनी विस्मृति से बहार निकलकर उसे स्मृति में नहीं बदलेगा, तब तक वह किसी भी प्रकार की 'ध्यान साधना' में अपना मन लगा नहीं सकेगा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**बरसात के दिनों में पानी का जमाव न होने दे**

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनाफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक होना चाहिए। अक्सर बरसात के दिनों में पानी का जमाव होता है, जिससे मच्छर पैदा होने का खतरा बढ़ जाता है। इससे हमें बचना चाहिए। *–विनोद कुमार साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

# जंग से ईरान- इजरायल को लगी आर्थिक चपत



इजरायल व ईरान में फिलहाल युद्ध विराम हो गया है लेकिन 12 दिन की इस जंग में दोनों देशों को लंबी चपत लगी है। दोनों देशों को इस त्रासदी से उबरने में लंबा वक्त लगेगा। ईरान ने युद्ध में अपने जीडीपी का लगभग छह से नौ प्रतिशत तक खो दिया है। वहीं ईरानी मिसाइलों से इजरायल को करीब तीन अरब डॉलर से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। इजरायल की ओर से युद्ध में कूदे अमेरिका को भी झटका लगा है लेकिन पश्चिम एशिया में अपनी धमक बरकरार रखने के लिए वह यह भार आसानी से उठा सकता है। ईरान ने युद्ध में अपने जीडीपी का लगभग छह से नौ प्रतिशत तक खो दिया कुछ अनुमानों के अनुसार, ईरान ने युद्ध में अपने जीडीपी का लगभग छह से नौ प्रतिशत तक खो दिया है। रक्षा विश्लेषक क्रेग ने बताया कि ईरान का कुल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नुकसान 24 से 35 अरब डॉलर के बीच हो सकता है। अमेरिका और इजराइल के हमलों ने ईरान के बुनियादी ढांचे को बुरी तरह तहस-नहस कर दिया है। इसे दुरुस्त करने में लंबे वक्त के साथ अरबों डॉलर का खर्च आएगा। ईरान के तेल निर्यात भी ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमलों से प्रभावित हुए हैं। इससे देश की रिकवरी की गति और भी कम हो सकती है क्योंकि यह तेल निर्यात पर बहुत निर्भर है।

## ऑफ बीट

# सूर्य मंदिर में पांडवों ने काटा था अपना अज्ञातवास



हिमाचल प्रदेश के रामपुर से 18 किलोमीटर दूर सतलुज नदी के किनारे बसा नीरथ गांव, यहां बने सूर्य मंदिर के लिए जाना जाता है। मंदिर के गर्भगृह में पाषाण सूर्य मूर्ति तीन फुट ऊंची और 4 फुट चौड़ी है। इस मूर्ति में भगवान सूर्य को सप्त अश्वों पर सवार दिखाया गया है। माना जाता है कि यह मंदिर भगवान परशुराम ने बनाया है। यह मंदिर नागर शैली में बना है। यह उत्तर भारत में स्थित एकमात्र सूर्य मंदिर है। मंदिर का अधिकतर हिस्सा लकड़ी का बना है। मुख्य मंदिर लाल रंग का है और दीवारों पर खास शिल्पकला को उकेरा गया है। इस मंदिर में मूर्तिकला को भी चित्रों में देखा जा सकता है। मंदिर प्रांगण में कई शिवलिंग रखे गए हैं। इस गांव में रहने वाले लोग हिंदू धर्म में आस्थावान है और यह गांव सूर्यदेव को समर्पित है। यह भी कहा जाता है कि पांडव अपने अज्ञातवास के दौरान यहां पर रुके थे। इस मंदिर का उल्लेख साल 1908 में मार्शल ने किया था। हर साल बूढ़ी दिवाली के मौके यहां पर मेला लगता है। इस मेले में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इस मंदिर तक पहुंचने का रास्ता बेहद खस्ताहाल है। रास्ते के नाम पर यहां सिर्फ दो फुट की पगडंडी है। नीरथ गांव के इस सूर्य मंदिर को प्रसिद्ध पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित किया जा सकता है।

## ट्रेंड

### पौधरोपण करें




हम गांधीनगर को सबसे हरित लोकसभा क्षेत्र बनाने की दिशा में निरंतर काम कर रहे हैं। पिछले 4 वर्षों में गांधीनगर में 42 लाख से अधिक पौधे लगाये जा चुके हैं। सभी अधिक से अधिक पौधरोपण करें।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### कोटि-कोटि नमन!



काकोरी ट्रेन एक्शन' के वीर नायक, महान क्रांतिकारी राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन! उनका बलिदान राष्ट्र की अमिट धरोहर है, जो हमें देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा का पथ दिखाता रहेगा।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### गो सेवा का सौभाग्य



आज आर्ष गुरुकुल खानपुर महेंद्रगढ़, हरियाणा में बाल एवं युवा - संस्कार प्रशिक्षण शिविर समापन के दौरान पूज्य आचार्य श्री प्रद्युम्न जी महाराज का आशीष मिला। इस अवसर पर गो सेवा का सौभाग्य मिला।
- डा. भूपेंद्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री

### भगदड़ की घटना दुःखद



पुरी में रथ यात्रा के दौरान हुई भगदड़ की घटना अत्यंत दुःखद है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना और घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। ओडिशा सरकार से अपील है कि राहत कार्यों में तेजी लाए और कांग्रेस कार्यकर्ता इसमें हरसंभव मदद करें।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# बाहरी ताकतें कॉलेजियम सिस्टम को कर रहीं प्रभावित

## जजों की नियुक्ति पर जस्टिस दत्ता ने कहा

### समाज की धारणा की आलोचना की, सीजेआई से की अपील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कॉलेजियम सिस्टम और न्यायिक नियुक्ति प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली बाहरी ताकतों के बारे में गंभीर चिंताएं जताईं। उन्होंने इस धारणा की कड़ी आलोचना की कि जज ही जजों की नियुक्ति करते हैं और कहा कि यह धारणा गलत है। दत्ता ने कहा कि इन बाहरी ताकतों से कड़ी कार्रवाई से निपटा जाना चाहिए। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार जस्टिस दत्ता ने कहा कि हमें समाज को यह बताने की ज़रूरत है कि अगर जज जजों की नियुक्ति करते तो सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सभी सिफारिशों पर अमल होता। लेकिन ऐसा नहीं होता।

### योग्यता पर विचार तय हो, अपना उदाहरण भी बताया

कलकत्ता हाई कोर्ट कॉलेजियम में अपने कार्यकाल के दौरान 2019 के एक उदाहरण को याद करते हुए उन्होंने उल्लेख किया कि कैसे एक वकील की न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की थी, लेकिन उस पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है और अब 6 साल हो गए हैं। ऐसा क्यों होता है? कोई भी इस पर सवाल नहीं उठाता है। जस्टिस दत्ता ने कहा कि कॉलेजियम की सिफारिशों पर कार्रवाई करने से रोकने वाली बाहरी ताकतों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

### सीजेआई कॉलेजियम सिस्टम में अधिक पारदर्शिता लाएं

न्यायमूर्ति दत्ता ने सीजेआई बीआर गवई से अपील की कि वे इस गलत धारणा को तोड़ें कि न्यायाधीश न्यायाधीशों की नियुक्ति करते हैं और कॉलेजियम सिस्टम में अधिक पारदर्शिता लाएं। दत्ता ने कहा कि सर (सीजेआई गवई) यह आपसे एक अपील है। अब समय आ गया है कि हम इस गलत धारणा को दूर करें। आलोचक मुखर हो गए हैं। कॉलेजियम प्रणाली पर सवाल क्यों नहीं उठाया जाना चाहिए?

### हाईकोर्ट के 3 न्यायाधीशों पर दी जानकारी

उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे 1980 के दशक में बॉम्बे हाई कोर्ट के तीन मुख्य न्यायाधीशों एमएन चंदुरकर, चित्तोश मुखर्जी और पीडी देसाई को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत नहीं किया गया था। उन्होंने सवाल किया कि कॉलेजियम से पहले के दौर में उनकी क्षमताओं के बावजूद ऐसे बहिष्कारों की आलोचना क्यों नहीं की जाती? क्या कोई सवाल करता है कि सीजे चंदुरकर, सीजे मुखर्जी या सीजे देसाई अपनी साख के बावजूद सुप्रीम कोर्ट में क्यों नहीं आ सके?

### वर्तमान नेतृत्व के तहत प्रणाली पारदर्शी बनी

जस्टिस दत्ता ने कॉलेजियम में अतीत की अस्पष्टता को स्वीकार किया, लेकिन कहा कि वर्तमान नेतृत्व के तहत प्रणाली पारदर्शी हो गई है। दत्ता ने कहा कि सीजेआई गवई के तहत हम पूरी तरह से पारदर्शी प्रक्रिया की उम्मीद करते हैं। योग्यता पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।

## सीजेआई ने नागपुर में विधि विश्वविद्यालय भवन का किया उद्घाटन, पुस्तकालय भी लोकार्पित



**नागपुर।** भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने रविवार को नागपुर में महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन और केंद्रीय पुस्तकालय भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान सीजेआईगवई ने संकाय और छात्रों से एमएनएलयू को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक बनाने को कहा। गवई एमएनएलयू के कुलाधिपति भी हैं। उन्होंने संस्थान की एक दशक लंबी यात्रा को भी याद करते हुए इसमें योगदान देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया तथा फडणवीस और गडकरी के सहयोग की सराहना की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दीक्षांत समारोह में आज शामिल होंगी राष्ट्रपति



**बरेली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को बरेली के पशु चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान के 11 वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया सोमवार को संस्थान के स्वामी विवेकानंद सभागार में दीक्षांत समारोह होगा और समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू होंगी।

### पूर्व पीएम वाजपेयी की जीवनी का अगला भाग 20 जुलाई को



**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पर लिखी गई अभिषेक चौधरी की दो भागों वाली जीवनी का दूसरा और अंतिम खंड 20 जुलाई को बाजार में आएगा। प्रकाशन गृह पैन मैकमिलन इंडिया ने घोषणा की। 'बिलिवर्स डाइलेमाः वाजपेयी एंड द हिंदू राइट्स पाथ टू पावर', पुरस्कृत 'वाजपेयीः द एसेन्ट ऑफ द हिंदू राइट' (2023) की अगली कड़ी है।

### मिट्टी की ढाय गिरने से 4 लोगों की मौत



**आगरा।** यहां के फतेहपुर सीकरी के राजस्थान सीमा में ग्राम दौलत गढ़ के पास चंबल पाइपलाइन के लिए खोदाई कार्य चल रहा है। यहां गड्ढे में से मिट्टी लेने गए दर्जनभर महिला-पुरुष ढाय गिरने से दब गए। सूचना पर राजस्थान के गहनोली थाना की फोर्स मौके पर पहुंच गई है। बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। घटना में 3 महिला समेत 4की मौत हो गई।

### विशाखा एक्सप्रेस में डकैती की कोशिश नाकाम

**पिडुगुराल्ला।** सिकंदराबाद से भुवनेश्वर के बीच चलने वाली विशाखा एक्सप्रेस में डकैती की कोशिश को नाकाम कर दी गई। रविवार को तड़के 3:30 से 3:45 बजे के बीच दो अज्ञात संदिग्धों ने अलार्म चेन खींची। पुलिस जांच के लिए ट्रेन से उतरी लेकिन तब तक अपराधी खेतों की तरफ भाग गए। चेतावनी के बावजूद उन्होंने पुलिस पर पत्थर फेंके। उन्हें रोकने के लिए सुरक्षा कर्मियों ने 9 एमएम पिस्तौल से पांच राउंड और .303 राइफल से चार राउंड गोलियां हवा में चलायीं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'मप्र में निवेश अवसरों' पर सूरत में इन्टरैक्टिव सेशन को किया संबोधित

# सूरत में 15,710 करोड़ रुपये से अधिक के 'निवेश' प्रस्ताव मिले

**11 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा**

### अहमदाबाद में स्थापित होगा मप्र औद्योगिक विकास निगम का कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में औद्योगिक विकास को गति देने तथा प्रदेश में निवेश प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए मप्र औद्योगिक विकास निगम का एक कार्यालय अहमदाबाद में शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मप्र में निवेश आकर्षित करने की पहल सूरत में रंग लाई, जहां निवेशकों से 15,710 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव हुए हैं। इन प्रस्तावों के फलीभूत होने पर 11,250 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। यादव मप्र में निवेश के अवसरों पर होटल मैरियट सूरत में आयोजित इन्टरैक्टिव सेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य के औद्योगिक विकास के दीर्घकालिक दृष्टिकोण, अधोसंरचना विस्तार और निवेशकों के लिए बनाए गए भरोसेमंद वातावरण पर प्रकाश डाला। सीएम ने कहा कि औद्योगिक, व्यापार गतिविधियों को विस्तार देने प्रक्रियाओं में सरलता, सुगमता, निष्पक्षता, पारदर्शिता और समय सीमा का पालन महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार इन सभी बिंदुओं के साथ प्रदेश में पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

**सीएम ने कहा** कि प्रदेश में वस्त्र उद्योग, फार्मास्युटिकल, स्वास्थ्य,पर्यटन सहित सभी क्षेत्रों में विस्तार की पर्याप्त संभावना




***मुख्यमंत्री ने कहा** कि मप्र के पन्ना से निकला हीरा गुजरात के सूरत में ही तराशा जाता है, इसी प्रकार मप्र भले ही कॉटन कैपिटल हो, लेकिन कपड़ा और साड़ी उद्योग तो सूरत से ही संचालित हो रहा है*

❑ मप्र भारी उद्योग, एमएसएमई और कुटीर उद्योगों में तेजी से बढ़ रहा है आगे

❑ **मुख्यमंत्री** ने टैक्सटाइल, केमिकल, फार्मा, इंजीनियरिंग और जेम्स और ज्वेलरी सेक्टर के 18 से अधिक उद्योग प्रतिनिधियों, कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों से वन-टू-वन बैठक में विस्तृत चर्चा की

◆ ***गुजरात के उद्योग समूहों की गतिविधियों का विस्तार मप्र में भी हो***

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सूरत सहित गुजरात के उद्योग समूहों की गतिविधियों का विस्तार मप्र में भी हो इसी उद्देश्य से यह इन्टरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया है। राज्य सरकार उद्योग-व्यापार तथा निवेश गतिविधियों के विस्तार में हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर है।*

### मप्र की 39 प्रतिशत कृषि विकास दर, यह देश में सर्वाधिक

डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाते हुए प्रदेश भारी उद्योग, एमएसएमई सहित लघु और कुटीर उद्योगों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सूरत ऐतिहासिक रूप से देश- दुनिया में उद्योग और व्यापार का प्रमुख केंद्र रहा है। प्रदेश में निवेश और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से औद्योगिक समूहों से जुड़ाव बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की ओर से यह इन्टरैक्टिव सेशन आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के भौगोलिक विस्तार, औद्योगिक क्षमताओं, अधोसंरचना और नीतिगत नवाचारों की जानकारी देते हुए कहा कि मप्र की 39 प्रतिशत कृषि विकास दर है। यह देश में सर्वाधिक है। प्रदेश में वस्त्र उद्योग, फार्मास्युटिकल, स्वास्थ्य,पर्यटन सहित सभी क्षेत्रों में विस्तार की पर्याप्त संभावना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने संकल्प लिया है कि सब्सिडी डीबीटी के माध्यम से सीधे संबंधित के बैंक खाते में पहुंचनी चाहिए। सरकार ने छोटे और बड़े सभी कारोबारियों को उनके हक का एक-एक रुपया भेजने का कार्य किया है।

**भारत कुछ ही वर्षों में विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में शामिल हुआः** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुजरात भारत ही नहीं दुनिया में सिरमौर है। उन्होंने महात्मा गांधी और सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत कुछ ही वर्षों में विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में शामिल हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आज सुरक्षित और समृद्ध है। गुजरात ने ही देश को सरदार वल्लभ भाई पटेल और अमित शाह जैसे विलक्षण गृह मंत्री दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुजरात वासियों ने अपनी क्षमता, योग्यता और प्रबंधन के बलबूते पर व्यापार, उद्योग और तकनीक के क्षेत्र में श्रेष्ठता स्थापित की है। इतना ही नहीं गुजरात वासियों ने देश-दुनिया में अपनी विशेष पहचान बनाई है। न्यूनतम संसाधनों में श्रेष्ठतम जीवन जीने और व्यापार- उद्योग संचालन के उनके कई उदाहरण सभी के सामने हैं।

## 'कर्नाटक डैमेज' कंट्रोल करेंगे सुरजेवाला

# कांग्रेस में खिंची तलवारें, सरकार पर ही लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी में बढ़ते असंतोष और अंदरूनी कलह को सुलझाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला आज, सोमवार को बेंगलुरु पहुंच रहे हैं। यह दौरा मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली सरकार में नेतृत्व परिवर्तन, मंत्रिमंडल फेरबदल और भ्रष्टाचार के आरोपों से उपजे विवादों के बीच हो रहा है। पार्टी के कई विधायकों द्वारा सार्वजनिक रूप से सरकार की कार्यशैली और निधि आवंटन पर सवाल उठाने के बाद यह स्थिति और जटिल हो गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नये अध्यक्ष पद पर नई नियुक्तियों को लेकर जहां कांग्रेसियों के बीच जबरदस्त खीचतान चल रही है वहीं उपमुख्यमंत्री से मुख्यमंत्री बनने की चाहत रखने वाले डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री नहीं बनाये जाने तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा नहीं देने पर अडे हुए हैं। शीर्ष नेतृत्व हताश, निराश दिख रहा है।

कांग्रेस के विधायक, मंत्री अपनी ही सरकार के खिलाफ तमाम तरह के भ्रष्टाचार के आरोप चस्पां कर रहे हैं। इससे कांग्रेस की खूब फजीहत हो रही है। यह विवाद तब और बढ़ गया जब सहकारिता मंत्री के.एन. राजन्ना ने सितंबर के बाद क्रांतिकारी राजनीतिक बदलाव की भविष्यवाणी की, जिससे नेतृत्व परिवर्तन और मंत्रिमंडल फेरबदल की अटकलें तेज हो गईं। आवास विभाग में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए आलंद के विधायक बीआर पाटिल ने आवास विभाग में रिश्वतखोरी का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि आवास आवंटन में अनियमितताएं हो रही हैं, जिसे उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने खारिज किया। कागवाड विधायक राजू कागे ने भी पाटिल के आरोपों का समर्थन करते हुए कहा कि विकास कार्यों की गति धीमी है और वह इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं।

विपक्षी भाजपा और जनता दल (सेक्युलर) ने इन आरोपों को भुनाते हुए मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और आवास मंत्री बी.जेड. जमीर अहमद खान के इस्तीफे की मांग की है। कई विधायकों ने शिकायत की है कि उनके निर्वाचन क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए पर्याप्त निधि नहीं दी जा रही है। रामनगर विधायक एच.ए. इकबाल हुसैन ने नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा को फिर से हवा दी, जिससे पार्टी के भीतर असंतोष और गहरा गया। गृह मंत्री जी. परमेश्वर के उस बयान ने भी विवाद को बढ़ाया, जिसमें उन्होंने मजाक में कहा था कि राज्य में सारी राशि मुफ्त भोजन और अन्य योजनाओं पर खर्च हो गई है। बाद में उन्होंने इसे मजाक बताया, लेकिन भाजपा ने इसे सरकार की वित्तीय कुप्रबंधन का सबूत बताया।

सहकारिता मंत्री के.एन. राजन्ना ने संकेत दिया कि सार्वजनिक कार्य विभाग के मंत्री सतीश जारकीहोली कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बन सकते हैं। इससे पहले, 2.5 साल का फॉर्मूला चर्चा में था, जिसके तहत सिद्धरमैया के बाद शिवकुमार मुख्यमंत्री बन सकते हैं। हालांकि, कांग्रेस हाईकमान ने इस पर चुप्पी साधने को कहा था।

## कोलकाता में गैंगरेप के बाद बयानबाजी चरम पर

# हनीमून से आते ही उन्होंने किया हमला एक परिवार को तोड़ने का आरोप जड़ा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता में गैंगरेप के बाद सियासत गरम है। इस बीच पार्टी के वरिष्ठ सांसद कल्याण बेनर्जी और महुआ मोइत्रा के बीच ज़ुबानी जंग निजी आरोपों तक पहुंच गई है। पार्टी की आंतरिक कलह खुलकर सामने आ गई है। बेनर्जी ने कहा कि महुआ नई शादी कर हनीमून पर गई थीं और आते ही उन्होंने मेरे ऊपर हमला बोल दिया है। उन्होंने उन पर एक परिवार को तोड़ने का भी आरोप लगाया। पिछले महीने महुआ ने पूर्व बीजद सांसद और सीनियर वकील पिनाकी मिश्रा के साथ बर्लिन में शादी की थी।

■ कल्याण ने साधा मोइत्रा पर निशाना

### हिरासत से छूटे मजूमदार बोले

### हमने सोती पुलिस को जगाया

कोलकाता में विरोध-प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए गए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्रीसुकांत मजूमदार को रविवार सुबह रिहा कर दिया गया है। मजूमदार ने कहा कि मेरे साथ 32 भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरी रात लालबाजार में बिताई है। जब हमें विरोध प्रदर्शन के लिए गिरफ्तार किया गया, तो पुलिस ने हमें रिहाई के लिए जमानत के कागजात पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा। हमने इसका विरोध किया और बिना हस्ताक्षर किए पूरी रात लालबाजार में बिताई।जब पुलिस सोती है तो किसी न किसी कार्यकर्ता को जागना पड़ता है और हमने पुलिस को जगाने का काम किया है।



## बिहार में वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण

# निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की दी सलाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों के बीच भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंसेटिव रिविजन) की शुरुआत की है। इस प्रक्रिया के दौरान, आयोग ने सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को सलाह दी है कि वे अपने कार्यकर्ताओं को सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट के रूप में नियुक्त करें, ताकि बाद में मतदाता सूची में खामियों की शिकायत करने के बजाय प्रक्रिया में पारदर्शिता और सहभागिता सुनिश्चित हो। यह कदम बिहार की 7.89 करोड़ मतदाताओं की सूची को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

निर्वाचन आयोग ने 24 जून को बिहार में वोटर लिस्ट की गहन पुनरीक्षण की घोषणा की थी, जिसका लक्ष्य राज्य के 243 विधानसभा क्षेत्रों में 7 करोड 89 लाख 69 हजार 844 मतदाताओं की पात्रता की जांच करना है। यह प्रक्रिया 25 जून से शुरू हो चुकी है और 26 जुलाई तक चलेगी।

का कहना है कि यह अभियान संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत उसकी जिम्मेदारी का हिस्सा है, जो यह सुनिश्चित करता है कि केवल 18 वर्ष से अधिक आयु के भारतीय नागरिक, जो किसी निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य निवासी हैं, मतदाता के रूप में पंजीकृत हो सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इस प्रक्रिया को सभी भारतीयों के लिए गर्व का क्षण करार देते हुए कहा, निर्वाचन आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ था, है और रहेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह अभियान मतदाता सूची में दोहराव, पुराने प्रविष्टियों, और गैर-नागरिकों के नाम हटाने के लिए शुरू किया गया है। निर्वाचन आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें।

अब तक, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों ने 1 करोड 54 लाख 977 एजेंट्स नियुक्त किए हैं, और उनके पास और अधिक एजेंट नियुक्त करने का विकल्प भी है। योजना के तहत, 77 हजार 895 बूथ लेवल ऑफिसर्स पहले से ही कार्यरत हैं, और नए मतदान केंद्रों के लिए 20 हजार 603 अतिरिक्त बीएलओ की नियुक्ति की जा रही है।

## कांग्रेस नेता और पूर्व पर्यावरम मंत्री जयराम ने पोस्ट कर फैसले पर उठाए सवाल

# छत्तीसगढ़ के गारे पेलमा कोल माइन को दोबारा पर्यावरणीय मंजूरीः एनजीटी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में गारे पेलमा सेक्टर-2 कोयला खदान परियोजना को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। इस परियोजना को 15 जनवरी 2024 को नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल (एनजीटी) की भोपाल पीठ ने 209 पन्नों के फैसले में पर्यावरणीय मंजूरी रद्द कर दी थी, लेकिन मात्र सात महीनों बाद, 13 अगस्त 2024 को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इस परियोजना को फिर से मंजूरी दे दी। इस फैसले के खिलाफ जहां कुछ स्थानीय समुदाय और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने हाईकोर्ट की ओर रुख किया है ,वहीं कांग्रेस पार्टी के नेता और पूर्व पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट कर कुछ सवाल भी खड़े किए हैं।

### परियोजना का विवरण

गारे पेलमा सेक्टर-II कोयला खदान परियोजना महाराष्ट्र स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड की है, जिसका संचालन गारे पाल्मा II कॉलियरीज प्राइवेट लिमिटेड कर रही है। यह खुली और भूमिगत खदान 2583.48 हेक्टेयर में फैली है, जो तमनार तहसील के 14 गांवों, तिहली रामपुर, कुंजेमुरा, गारे, सरायटोला, मुदागांव, रडोपाली, पाटा, चितवाही, ढोलनारा, झिंका बहाल, डोलेसरा, भालुमुरा, सरसमाल और लिब्रा को प्रभावित करेगी। इस परियोजना में 1,050.29 मिलियन टन कोयले के भंडार हैं और यह लगभग 1,700 परिवारों को विस्थापित करेगी, जिनमें ज्यादातर आदिवासी समुदाय शामिल हैं। परियोजना का 214.87 हेक्टेयर हिस्सा घने जंगलों वाला है, और इसका अनुमानित लागत 7,465 करोड़ रुपये है।

### एनजीटी का जनवरी 2024 का फैसला

एनजीटी ने 15 जनवरी 2024 को अपने फैसले में 11 जुलाई 2022 को दी गई पर्यावरणीय मंजूरी को रद्द करते हुए कई खामियां उजागर की थीं: कानूनी प्रक्रिया का 2019 में हुई जनसुनवाई को एनजीटी ने गैरकानूनी करार दिया, क्योंकि यह पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 के अनुसार नहीं थी। जनसुनवाई में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे और स्थानीय लोगों की चिंताओं को नजरअंदाज किया गया था।


**अपर्याप्त पर्यावरणीय मूल्यांकनः** एनजीटी ने विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति और पर्यावरण मंत्रालय पर तमनार-घरघोड़ा क्षेत्र में स्वास्थ्य, जलविज्ञान और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों की अनदेखी का आरोप लगाया। 2019-20 के भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अध्ययन को नजरअंदाज किया गया, जिसमें क्षेत्र में खनन से स्वास्थ्य समस्याओं का जिक्र था। केलो नदी पर परियोजना के प्रभाव का भी कोई ठोस अध्ययन नहीं हुआ।

**क्षमता अध्ययन की कमीः** क्षेत्र में पहले से ही 14 कोयला खदानें और दो बिजली संयंत्र होने के बावजूद, क्षेत्र की पर्यावरणीय वहन क्षमता का अध्ययन निजी एजेंसी द्वारा किया गया, जो एनजीटी के 2018 के दिशानिर्देशों का उल्लंघन था। एनजीटी ने मंत्रालय को निर्देश दिया था कि नई जनसुनवाई और व्यापक पर्यावरणीय मूल्यांकन के बाद ही परियोजना पर पुनर्विचार किया जाए।

### दोबारा मंजूरी और विवाद

13 अगस्त 2024 को पर्यावरण मंत्रालय ने परियोजना को फिर से मंजूरी दे दी, जिसके बाद क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई शुरू हो गई। कांग्रेस नेता और पर्यावरण कार्यकर्ता जयराम रमेश ने इस मंजूरी को एनजीटी के फैसले का खुला उल्लंघन करार दिया। उन्होंने कहा कि एनजीटी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पुराने कारणों को संबोधित किया गया है और इस बार जनसुनवाई, स्वास्थ्य, जलविज्ञान और पर्यावरणीय प्रभावों का मूल्यांकन निष्पक्ष रूप से हुआ है। रमेश ने कहा कि इस तरह के फैसले आश्चर्यजनक ही नहीं, बल्कि पर्यावरणीय न्याय के लिए चिंता का विषय है।

## छात्रा का सनसनीखेज आरोप, मां दे रही सेक्स की ट्रेनिंग



**बेंगलुरु।** यहां चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां पर नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा ने अपनी ही मां पर सनसनीखेज आरोप लगाया है। छात्रा का दावा है कि उसकी मां ही उसका यौन उत्पीड़न कर रही है। छात्रा का आरोप है कि उसकी मां, उसे सेक्स करने की ट्रेनिंग देती है। छात्रा के मुताबिक मां कहती हैं कि यह ट्रेनिंग शादी के बाद पति के साथ संबंध बनाने में काम आएगी। महिला अपने बेटी के इन आरोपों से इनकार किया है। अब पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

# आरबीआई 12.5 किलो ईंट के रूप में रखता है अपना स्वर्ण भंडार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में हर घर की तरह भारतीय रिजर्व बैंक सोने की अहमियत को समझता है। यही कारण है कि वह 1991 के आर्थिक संकट के बाद सोने का भंडार कई गुणा बढ़ा चुका है और वर्तमान में यह लगभग 870 टन पहुंच गया है। केंद्रीय बैंक 12.5 किलो वजन की सोने की ईंट के रूप में विभिन्न जगहों पर यह स्वर्ण भंडार रखता है। आरबीआई ने अपने कामकाज और भूमिकाओं को लोगों के सामने लाने के लिए हाल में जारी वृत्तचित्र के जरिये यह भी बताया है कि हमारा देश दुनिया में करेंसी नोट के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है।

■ वर्तमान में केंद्रीय बैंक का स्वर्ण भंडार लगभग 870 टन पहुंच गया

## वर्ष 1991 के आर्थिक संकट के बाद कई गुना बढ़ा सोने का भंडार

### आज नोट की छपाई के सभी चीजों का विनिर्माण भारत में

वृत्त चित्र में दी गयी जानकारी के अनुसार, ''आज करेंसी नोट की छपाई में इस्तेमाल होने वाली मशीन, इंक से लेकर सभी प्रकार की चीजों का विनिर्माण भारत में ही होता है।'उल्लेखनीय है कि पहले, आयातित कागज से नोटों की छपाई होती थी। यह कागज दुनिया की कुछ कंपनियां ही बनाती थीं, जिससे बाजार में इन कंपनियों का दबदबा रहता था और इस कारण बाजार में नकली नोट आने की आशंका बनी रहती थी।



**सोना केवल धातु नहीं देश की ताकत** : केंद्रीय बैंक के अधिकारी कहते हैं, ''सोना केवल धातु नहीं बल्कि देश की ताकत है। देश बनते रहेंगे, बिगड़ते रहेंगे। अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव होता रहेगा लेकिन सोना हमेशा अपना मूल्य बनाये रहेगा। 20 जून को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 57.3 करोड़ डॉलर घटकर 85.74 अरब डॉलर रहा। वहीं विदेशी मुद्रा भंडार इस दौरान 1.01 अरब डॉलर घटकर 697.93 अरब डॉलर रहा।

### नोट के लिए कागज बनाने का कारखाना चार राज्यों में

इसमे कहा गया है, ''इस स्थिति को देखते हुए आरबीआई ने अपनी मुद्रा के लिए कागज बनाने को लेकर देवास (मध्य प्रदेश), सालबोनी (पश्चिम बंगाल) , नासिक (महाराष्ट्र) और मैसूर (कर्नाटक) में कारखाने लगाये हैं। और आज जो भी करेंसी में कागज का उपयोग हो रहा है, वह भारत में ही विनिर्मित हो रहा है।

### आरबीआई के कार्य वित चित्र के जरिए लाए गए

जहां अमेरिका में यह लगभग 5,000 करोड़ इकाई, यूरोप में 2,900 करोड़ इकाई है वहीं भारत में यह 13,000 करोड़ इकाई (दो मई, 2025 की स्थिति के अनुसार चलन में कुल नोट का मूल्य 38.1 लाख करोड़ रुपये) है। यह पहली बार है जब आरबीआई के कार्यों को वृत्तचित्र के रूप में लाया गया है।

### पहले नोट के लिए कागज आयात करना पड़ता था

वृत्त चित्र में आरबीआई की पूर्व डिप्टी गवर्नर ऊषा थोराट कहती हैं, ''हमें करेंसी नोट के लिए कागज आयात करना पड़ता था। नासिक और देवास में आयातित कागज से नोटों की छपाई होती थी। ये कागज कुछ ही इकाइयां विनिर्माण करती थीं...। वर्ष 2010 में पाया गया कि कई नकली नोट अच्छी गुणवत्ता के थे और वो देखने में बिल्कुल यहां छपे नोट की तरह थे।''

## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी रिन्यूएबल ने शुरू की शाजापुर सौर परियोजना

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने रविवार को कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी ने 120 मेगावाट की तीसरी और अंतिम क्षमता का संचालन करने के बाद 220 मेगावाट की शाजापुर सौर परियोजना (यूनिट-II) का पूर्ण परिचालन शुरू कर दिया है। एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी की एक इकाई है, जो एनटीपीसी लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है।

### हाइड्रोजन वाहनों के लिए नई नंबर प्लेट का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाले वाहनों के लिए पंजीकरण नंबर प्लेट की एक नई श्रेणी का प्रस्ताव दिया है। सड़क परिवहन द्वारा जारी एक मसौदा अधिसूचना के अनुसार, हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाले वाणिज्यिक वाहन के मामले में, नंबर प्लेट का ऊपरी आधा हिस्सा हरा और निचला आधा हिस्सा नीला होगा, जबकि अंक पीले रंग में होंगे। निजी वाहनों के मामले में, नंबर प्लेट का ऊपरी आधा भाग हरा और निचला आधा भाग नीला होगा, जबकि अंक सफेद रंग के होंगे।

### पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही

**नई दिल्ली।** संसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 2,34,565.53 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,650.73 अंक या दो प्रतिशत चढ़ गया। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 69,556.91 करोड़ रुपये बढ़कर 20,51,590.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## अनंत, मुकेश अंबानी के सबसे छोटे पुत्र हैं

# रिलायंस के अनंत अंबानी को मिलेगा 10-20 करोड़ रुपए वेतन, लाभ कमीशन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी के सबसे छोटे पुत्र और तीन भाई-बहनों में सबसे पहले प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किए गए अनंत अंबानी को सालाना 10-20 करोड़ रुपये का वेतन और कंपनी के मुनाफे पर कमीशन सहित कई भत्ते दिए जाएंगे। शेयरधारकों को भेजी गई सूचना में यह जानकारी दी गई है।

जहां सबसे अमीर एशियाई के तीनों बच्चे - जुड़वां आकाश और ईशा, और अनंत को 2023 में गैर-कार्यकारी निदेशकों के रूप में तेल-से-दूरसंचार-और-खुदरा समूह के निदेशक मंडल में शामिल किया गया था, वहीं सबसे छोटे अनंत को इस साल अप्रैल में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया था।

### अनंत सभी आवश्यक शर्तों के हकदार होंगे

गैर-कार्यकारी निदेशकों के रूप में, तीनों को कोई वेतन नहीं मिल रहा था और प्रत्येक को वित्त वर्ष 2023-24 में चार लाख रुपये का शुल्क और 97 लाख रुपये का लाभ पर कमीशन दिया गया था। हालांकि, कार्यकारी निदेशक के तौर पर 30 वर्षीय अनंत वेतन और अन्य आवश्यक शर्तों के हकदार होंगे।

**रिलायंस इंड में अनंत कार्यकारी निदेशक नियुक्त किए गए**

**कंपनी के मुनाफे पर कमीशन सहित कई भत्ते दिए जाएंगे**

**शेयरधारकों को भेजी गई सूचना में दी गई जानकारी**

### रिलायंस ने नियुक्ति के लिए शेयरधारकों से मंजूरी मांगी थी

रविवार को शेयर बाजार को दिए गए नोटिस में रिलायंस ने कहा कि नियुक्ति के लिए शेयरधारकों की मंजूरी पोस्टल बैलेट के जरिये मांगी गई है। साल 2023 में नियुक्तियां भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी में उत्तराधिकार योजना का हिस्सा थीं, जिसे कई लोगों ने 2002 में उनके पिता की मृत्यु के बाद भाई-बहन के झगड़े से बचने के लिए अंबानी के प्रयास के रूप में देखा।



### अनंत कंपनी द्वारा दी जाने वाले सुरक्षा के हकदार होंगे

अनंत को अपने या पत्नी तथा व्यावसायिक यात्राओं के दौरान सहायकों के लिए यात्रा, भोजन तथा आवास पर किए गए व्यय की पैसा भी मिलेगा। साथ कंपनी के व्यवसाय के लिए कार की व्यवस्था तथा निवास पर संचार व्यय का खर्च भी मिलेगा। वह चिकित्सा के साथ-साथ अपने और अपने परिवार के सदस्यों के लिए कंपनी द्वारा व्यवस्थित सुरक्षा के भी हकदार होंगे।

### ईशा खुदरा, ई-कॉमर्स व लक्जरी कारोबार संभालती है

सबसे बड़े पुत्र आकाश कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद 2014 में समूह की दूरसंचार इकाई जियो की नेतृत्व टीम में शामिल हुए। उन्हें जून, 2022 में दूरसंचार इकाई जियो इन्फोकॉम का चेयरमैन बनाया गया। वह इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस क्रिकेट टीम का प्रबंधन भी करते हैं। ईशा कंपनी के खुदरा, ई-कॉमर्स और लक्जरी कारोबार को संभालती हैं।

### अनंत रिलायंस के ऊर्जा कारोबार से जुड़े

कहा जाता है कि कंपनी के ई-कॉमर्स ऐप के ज़रिए फैशन के क्षेत्र में कंपनी की मौजूदगी बढ़ाने और शीर्ष अंतरराष्ट्रीय लक्जरी ब्रैंड के साथ बढ़ती साझेदारी के पीछे भी उनका ही हाथ है। अनंत रिलायंस के ऊर्जा कारोबार से जुड़े हैं, जिसमें जीवाश्म ईंधन से लेकर सौर पैनल निर्माण का विकास शामिल है। ब्राउन यूनिवर्सिटी से स्नातक अनंत, अपनी मां के साथ रिलायंस फाउंडेशन के बोर्ड में भी हैं, जो समूह की परमार्थ इकाई है।

# एस्कॉर्ट्स कुबोटा का भारतीय ट्रैक्टर बाजार में दूसरे नंबर पर आने का लक्ष्य



■ कंपनी अपनी लागत दक्षता व जापानी भागीदारी से उच्च गुणवत्ता हासिल करेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृषि मशीनरी और निर्माण उपकरण कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड भारतीय ट्रैक्टर बाजार में दूसरे नंबर की कंपनी बनने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

एस्कॉर्ट्स कुबोटा के शीर्ष अधिकारियों का कहना है कि कंपनी अपनी लागत दक्षता और जापानी भागीदार की प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता की ताकत के संयोजन से यह लक्ष्य हासिल करना चाहती है। एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड (ईकेएल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक निखिल नंदा और उप-प्रबंध निदेशक सेजी फुकुओका ने पीटीआई-भाषा के साथ संयुक्त साक्षात्कार कहा कि कंपनी 2031 तक के लिए एक मध्यावधि योजना (एमटीपी) को अंतिम रूप देने के लिए काम कर रही है। इस योजना के तहत कई उत्पादों को उतारने की तैयारी है। नंदा ने आगे की राह के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, ''अगले चार से पांच साल में तीन ब्रांड - फार्मट्रैक, पावरट्रैक और कुबोटा - के बीच सफलता नए उत्पादों से मिलेगी, जिन्हें हम पेश करने जा रहे हैं। बहुत सारा काम हो चुका है, और अब से लेकर अगले पांच साल के बीच बहुत सारे उत्पाद लाइन पेश करने की योजना है...।'' उन्होंने अधिक ब्योरा दिए बिना कहा कि ये उत्पाद घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए हैं।

### कंपनी ने लक्ष्य की समय सीमा नहीं बताई

वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में ट्रैक्टर की खुदरा बिक्री 8,83,095 इकाई रही है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 8,92,410 इकाई थी। हालांकि, कंपनी ने ट्रैक्टर बाजार में दूसरे नंबर का खिलाड़ी बनने के लक्ष्य की समयसीमा नहीं बताई है।

# रिलायंस जियो वैश्विक स्तर पर अग्रणी 'फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस' प्रदाता बनने की राह पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय दूरसंचार क्षेत्र की दिग्गज रिलायंस जियो ग्राहक आधार के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी 'फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस' प्रदाता बनने की राह पर है। एक विश्लेषक रिपोर्ट में रविवार को कहा गया है कि इस लिहाज से रिलायंस जियो अमेरिका स्थित दूरसंचार कंपनी टी-मोबाइल को पीछे छोड़ देगी। फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) ऐसी तकनीक है, जो तारों या केबलों के बिना रेडियो तरंगों का उपयोग करके किसी निश्चित स्थान पर उच्च गति वाली इंटरनेट सेवा देती है। दूरसंचार नियामक ट्राई के आंकड़ों के अनुसार रिलायंस जियो का कुल 5जी एफडब्ल्यूए ग्राहक आधार (बिना लाइसेंस वाले बैंड रेडियो सहित) मई में 68.8 लाख तक पहुंच गया, जबकि मार्च में टी-मोबाइल के 68.5 लाख ग्राहक थे। ट्राई के आंकड़ों के आधार पर विश्लेषकों संजेश जैन, मोहित मिश्रा और अपराजिता चक्रवर्ती ने आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज की रिपोर्ट में कहा कि रिलायंस जियो जून 2025 के अंत तक वैश्विक स्तर पर एफडब्ल्यूए ग्राहक के मामले में प्रमुख कंपनी बनने की राह पर है।

रिलायंस जियो ने ब्रॉडबैंड खंड में 50.72 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत के बाजार पर अपना दबदबा बनाया है, जिसमें वायर और वायरलेस दोनों खंड शामिल हैं।

# अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रमों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

■ आईआईपी और वृहद आर्थिक आंकड़े भी डालेंगे प्रभाव

■ कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की निगाह रहेगी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) जैसे वृहद आर्थिक आंकड़ों, अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रमों तथा अन्य वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की निगाह रहेगी। बजाज ब्रोकिंग रिसर्च के अनुसार, ''इस सप्ताह भारत और अमेरिका से कई महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े जारी किए जाएंगे, जो बाजार की धारणा और केंद्रीय बैंक के परिदृश्य को प्रभावित करेंगे। भारत में सप्ताह की शुरुआत 30 जून को मई के लिए औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों से होगी।''इसके अलावा एक जुलाई को विनिर्माण पीएमआई के आंकड़े आएंगे, जिससे भारत के औद्योगिक क्षेत्र और ऑर्डर प्रवाह की स्थिति की जानकारी मिलेगी। इसके बाद तीन जुलाई को सेवा पीएमआई के आंकड़े जारी किए जाएंगे। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के कारण पिछले सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार में तेज उछाल आया। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,650.73 अंक या दो प्रतिशत चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 525.4 अंक या दो प्रतिशत के लाभ में रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''जैसे-जैसे पहली तिमाही के नतीजों का सत्र नजदीक आ रहा है, निवेशक वृद्धि के रुझानों के शुरुआती संकेतकों के रूप में कंपनियों के प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## अमेरिका के व्यापक आंकड़े जारी होने के बीच अगले सप्ताह भी दबाव में रहेगा सर्राफा बाजारः विश्लेषक

**नई दिल्ली (भाषा)।** सोना बाजार में अगले सप्ताह भी दबाव रहने की संभावना है क्योंकि निवेशक ब्याज दरों पर फेडरल रिजर्व की संभावित दिशा का संकेत पाने के लिए अमेरिका के व्यापक आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक राजनीतिक तनाव में कमी आने और शेयर बाजार जैसी जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों में झुकाव से बाजार धारणा सोने जैसी सुरक्षित परिसंपत्तियों से दूर जा रही है। इस बीच अमेरिका का फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में गिरावट को लेकर सतर्क बना हुआ है। फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल ने पिछले सप्ताह कहा था कि ब्याज दरों में कटौती संभव है लेकिन तत्काल नहीं होगी। इससे दुनियाभर में सोने की कीमत दबाव में बनी रहेगी। शुक्रवार को एमसीएक्स पर सोना वायदा भाव 1,563 रुपये या 1.61 प्रतिशत घटकर 95,524 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।एलकेपी सिक्योरिटीज में जिंस एवं मुद्रा के शोध विश्लेषक खंड के उपाध्यक्ष जतिन त्रिवेदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनावपूर्ण स्थितियों के कम होने से सोने को लेकर धारणा पर दबाव बना है। इससे निवेशकों का रुख सुरक्षित निवेश से शेयर बाजार जैसी जोखिमपूर्ण निवेशों की ओर हो रहा है।

## राशिफल

**मेष** बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों का ध्यान रखें। कठिनाइयां आ सकती हैं। कारोबार के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। अध्ययन में रुचि रहेगी।

**वृष** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। मानसिक शान्ति के लिए प्रयासरत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**मिथुन** कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार में आपसी मनमुटाव से बचें।

**कर्क** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे।

**सिंह** शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। शासन-सत्ता का सहयोग। कारोबार को गति मिलेगी। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या** आय में वृद्धि होगी। भागदौड़ बढ़ेगी। परिश्रम भी अधिक रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**तुला** शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। मन परेशान रहेगा।

**वृश्चिक** शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। कारोबार से आय में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। जिम्मेदारियों का विस्तार होगा।

**धनु** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

**मकर** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है।

**कुंभ** व्यर्थ के क्रोध से बचें। मन परेशान हो सकता है। माता-पिता का सानिध्य मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मान-सम्मान मिल सकता है। पारिवारिक समस्याओं पर ध्यान दें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं।

# बफेट का बड़ा फैसला, दान किए 6 बिलियन डॉलर के शेयर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट दान देने के मामले में कभी पीछे नहीं हटते हैं। उन्होंने गेट्स फाउंडेशन और चार फैमिली चैरिटी संस्थाओं को बर्कशायर हैथवे के 6 बिलियन डॉलर के अतिरिक्त शेयर दान कर दिए हैं। यह लगभग दो दशक पहले अपनी संपत्ति दान करने के बाद से उनका सबसे बड़ा वार्षिक दान है। बर्कशायर क्लास बी के लगभग 12.36 मिलियन शेयरों के दान ने बफेट के दान को चैरिटी को 60 बिलियन डॉलर से भी अधिक तक बढ़ा दिया। बफेट ने गेट्स फाउंडेशन को 9.43 मिलियन शेयर, सुसान थॉम्पसन बफेट फाउंडेशन को 9,43,384 शेयर और अपने बच्चों हॉवर्ड, सूसी और पीटर द्वारा संचालित तीन चैरिटी में से प्रत्येक को 6,60,366 शेयर दान किए।

**बफेट निदेशक मंडल के चेयरमैन बने रहेंगेः** बीते दिनों बताया गया कि ग्रेग एबेल के 2026 की शुरुआत में बर्कशायर हैथवे का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बनने के बाद भी अरबपति निवेशक वॉरेन बफेट निदेशक मंडल के चेयरमैन बने रहेंगे।

# विश्व बैंक ने दी 39 नाजुक देशों को चेतावनी

**वाशिंगटन।** दुनिया के सबसे नाजुक देश और भी पीछे जा रहे हैं, क्योंकि लगातार बढ़ते संघर्षों के कारण उनकी स्थिति खराब हो रही है। विश्व बैंक के पहले व्यापक अध्ययन में ये गंभीर निष्कर्ष दिए गए। 2020 में कोविड-19 महामारी के आने के बाद से ''''नाजुक और संघर्ष प्रभावित स्थितियों'''' से जूझ रहे 39 देशों का प्रदर्शन कैसा रहा है। विश्व बैंक के उप मुख्य अर्थशास्त्री अयहान कोसे ने कहा, ''''संघर्ष और अस्थिरता से प्रभावित अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि के बजाय आर्थिक ठहराव आम बात है। प्रशांत क्षेत्र में मार्शल द्वीप से लेकर उप-सहारा अफ्रीका में मोजाम्बिक तक फैले इन 39 देशों की अर्थव्यवस्था 2020 से प्रति व्यक्ति आर्थिक उत्पादन के लिहाज से 1.8 प्रतिशत घटी है।

## शब्द पहेली - 5913



**बाएँ से दाए-**


1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**

1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

## शब्द पहेली -5912 का हल





## खबर संक्षेप



### भाटिया ने लगातार चार बर्डी लगाए, संयुक्त 55वें स्थान पर

**डेट्रॉयट।** अक्षय भाटिया ने पीजीए टूर के रॉकेट क्लासिक गोल्फ के तीसरे दौर के आखिरी चार होल में लगातार चार बर्डी लगाकर दो अंडर 70 का कार्ड खेला। भारतीय मूल का यह अमेरिकी खिलाड़ी 68, 70, 70 के कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 55 वें स्थान पर है। भाटिया ने सातवें और 11वें होल में बोगी करने के बाद पिछड़ रहे थे लेकिन वह 15वें से 18वें होल तक लगातार चार बर्डी लगाकर कुछ हद तक वापसी करने में सफल रहे।

### दीक्षा जर्मन मास्टर्स में संयुक्त आठवें पायदान पर



**हैम्बर्ग (जर्मनी)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में एक ओवर 74 का कार्ड खेलने के बावजूद तालिका में संयुक्त रूप से आठवें पायदान पर बनी हुई है। शुरुआती दो दौर में 69 और 73 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा तीसरे दौर में तीन बर्डी के मुकाबले चार बोगी कर बैठी। कट में प्रवेश पाने वाली अन्य भारतीयों में वाणी कपूर (76) संयुक्त 21वें और अवनि प्रशांत (74) संयुक्त 36वें स्थान पर हैं।

### सुरुचि, नीरज और सम्राट राणा ट्रायल्स में चमके



**देहरादून।** सुरुचि इंदर सिंह ने रविवार को यहां ग्रुप ए निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल में महिलाओं की 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को पछाड़कर जीत हासिल की जबकि नौसेना के निशानेबाज नीरज कुमार ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन पुरुष स्पर्धा में चमकदार प्रदर्शन किया। सितारों से सजे फाइनल में सुरुचि ने 245.6 का स्कोर बनाया जो मनु भाकर से 1.1 अंक बेहतर था। भाकर ने 244.5 का स्कोर बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया जबकि अनुभवी राही सरनोबत 223.1 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

### टी20 अंतरराष्ट्रीय में शतक लगाना बहुत खास है: स्मृति



**नॉटिंघम।** भारत की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी टीम को 97 रन से जीत दिलाने के बाद कहा कि इस प्रारूप में शतक लगाना उनके लिए विशेष मायने रखता है क्योंकि वह नैसर्गिक तौर पर पावर हिटर नहीं हैं। मंधाना ने अपने 149वें मैच में अपना पहला टी20 शतक लगाया। उन्होंने 62 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 112 रन बनाए, जिससे भारतीय टीम 210 रन बनाने में सफल रही। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर ढेर हो गई। मंधाना ने शनिवार को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''यह अच्छा अहसास है, क्योंकि यह प्रारूप ऐसा है जिसमें एक बल्लेबाज के तौर पर मुझे लगातार प्रयास और सुधार करते रहना होगा। यह मेरे लिए बहुत नैसर्गिक प्रारूप नहीं है।''उन्होंने कहा, ''मैं पावर हिटर नहीं हूं और मुझे अपनी टाइमिंग पर भरोसा रखकर शॉट मारना पसंद है लेकिन मैं अपनी पावर हिटिंग पर भी काम करने की कोशिश कर रही हूं।''


# वनडे में दबदबा बना सकता है भारत पर टेस्ट में बुमराह पर निर्भर

## दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एलन लैम्ब का मानना

एजेंसी ▶▶ बर्मिंघम

दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इंग्लैंड के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज एलन लैम्ब का मानना है कि भारत को टेस्ट मैच जीतने के लिए अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा लेकिन उनकी प्रतिभा को देखते हुए वे 50 ओवर के मैचों में किसी भी टीम को हराने की क्षमता रखते हैं। इंग्लैंड की तरफ से 79 टेस्ट मैच के अलावा तीन बार वनडे विश्व कप में खेलने वाले 71 वर्षीय लैम्ब भारतीय क्रिकेट के विकास विशेषकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने जिस तरह से दुनिया भर के खिलाड़ियों का जीवन बदला उससे काफी खुश हैं लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) जिस तरह से टेस्ट क्रिकेट को संचालित कर रही है उससे वह खुश नहीं दिखे। लैम्ब ने बात करते हुए काउंटी क्रिकेट में कपिल देव के साथ खेलने के दिनों के बारे में भी बात की और बताया कि वह सचिन तेंदुलकर को सुनील गावस्कर और विराट कोहली से बेहतर क्यों मानते हैं। लैम्ब से इंटरव्यू के अंश:

### भारत हमेशा शीर्ष पर रहेगा



- **प्रश्न:** आपने 1984-85 की श्रृंखला में पहली बार भारत का दौरा किया था और इससे पहले 1982 में भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। आप भारतीय क्रिकेट के उदय को किस तरह से देखते हैं?
- **उत्तर:** मेरा शुरू से मानना था कि भारतीय क्रिकेट आगे बढ़ेगा। यह धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। क्रिकेट भारत का नंबर एक खेल है और वह हमेशा शीर्ष पर रहेगा। आईपीएल ने भारत और दुनिया में क्रिकेट को बदल दिया है। 15 और 16 साल के इन युवाओं (वैभव सूर्यवंशी जैसे) को आगे बढ़ते हुए और अपनी विशिष्ट छाप छोड़ते हुए देखना अविश्वसनीय है। एक दिवसीय क्रिकेट में भारत को हर प्रतियोगिता जीतनी चाहिए। टेस्ट मैचों में आप बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर रहने वाले हैं और आपको विराट कोहली की बहुत कमी खलेगी।

### आईपीएल ने सभी क्रिकेटरों की जिंदगी बदली

- प्रश्न: क्या आप आईपीएल में खेलना पसंद करते और इसने एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के जीवन को किस तरह बदल दिया है?
- उत्तर: आईपीएल ने वर्तमान समय के सभी क्रिकेटरों की जिंदगी बदल दी है। उन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलने की ज़रूरत नहीं है। वे दुनिया भर में टी20 लीग के साथ अनुबंध कर सकते हैं और खूब पैसा कमा सकते हैं। मेरा मतलब है, जब हम खेलते थे तो हमें इतना पैसा नहीं मिलता था। लेकिन उनके लिए यह अच्छा है। वे लाखों डॉलर के हकदार हैं। और क्या मैंने आईपीएल का आनंद लिया होता। निश्चित तौर पर क्योंकि जब मैं खेलता था, तो मैं हमेशा आखिरी 20 ओवरों तक या अगर हम 50 ओवर का मैच खेलते थे तो आखिरी 10 ओवरों तक इंतजार करता था।

### कपिल का तरीका बहुत पसंद था

- प्रश्न: आपने नॉर्थम्पटनशर में कपिल देव के साथ खेला है तथा सुनील गावस्कर और सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेला है। आपका पसंदीदा भारतीय क्रिकेटर कौन है?
- उत्तर: मुझे कपिल देव का खेलने का तरीका बहुत पसंद था। हम नॉर्थम्पटन में साथ-साथ खेले हैं। मुझे याद है कि वह मेरे पास आए और मैंने कहा, 'कपी, मैं बहुत खुश हूं कि तुम यहां आए हो। हमें अपनी गेंदबाजी को मजबूत करने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'नहीं, मैं अपनी गेंदबाजी को नहीं अपनी बल्लेबाजी को बेहतर बनाने आया हूं। मैं यहां एक बल्लेबाज के तौर पर आया हूं, जिसका मैंने हमेशा आनंद लिया है।'

## बीसीसीआई ने सभी रिपोर्ट्स का किया खंडन

# एशिया कप में होगी भारत-पाक की भिड़ंत! सितंबर में तय होगी तारीख

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच संशय था कि एशिया कप 2025 का आयोजन होगा कि नहीं। पहले रिपोर्ट्स आईं थीं कि भारत ने एशिया कप में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया है, हालांकि बीसीसीआई सचिव ने इन सभी रिपोर्ट्स का खंडन कर दिया था। अब एशिया कप 2025 की संभावित तारीख सामने आई है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार इस टूर्नामेंट का आयोजन सितंबर में हो सकता है। टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान समेत कुल 6 टीमें हिस्सा लेने वाली है। अब देखने वाली बात यह होगी कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलता है या नहीं।

- एशिया कप 2025 का होगा आयोजन
- टूर्नामेंट का आयोजन सितंबर में हो सकता है

**खास बातें**

- भारत पाक समेत छह टीमें हिस्सा लेने वाली
- भारत-पाक के खिलाफ मैच खेलेगा या नहीं देखना होगा




### मुंबई हमले के बाद से द्विपक्षीय सीरीज बंद

2008 के मुंबई हमले के बाद से भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज बंद हैं। अब दोनों टीमें अब केवल आईसीस और एसीसी टूर्नामेंट में एक-दूसरे का सामना करती हैं। ऐसे में जब भी भारत-पाकिस्तान मैच होता है तो दुनियाभर के क्रिकेट फैंस की नजरें इस मुकाबले पर टिकी होती हैं। ऐसे में आयोजक और ब्रॉडकास्टर भारत-पाकिस्तान मैच से ज्यादा से ज्यादा कमाई करते हैं।

### आगाज 10 सितंबर 2025 से हो सकता है

*क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार एशिया कप 2025 का आगाज 10 सितंबर से हो सकता है और जुलाई के पहले हफ्ते में शेड्यूल जारी होने की भी संभावना है। बता दें, एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत के पास है। अगर टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत होती है तो मैच न्यूट्रल वेन्यू पर होगा।*

### भारत ने आठ बार जीता एशिया कप

*एशिया कप का आखिरी संस्करण 2023 में श्रीलंका और पाकिस्तान में आयोजित हुआ था। फाइनल में भारत और श्रीलंका की टीम पहुंची थी, जहां टीम इंडिया ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर 8वीं बार खिताब उठाया था।*

### न्यूट्रल वेन्यू के लिए यूएई सबसे आगे

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) जुलाई के पहले सप्ताह में छह टीमों के टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी करने की योजना बना रही है। इस साल, टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो एशिया कप 2025 में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और यूएई की टीमें भाग लेंगी। न्यूट्रल वेन्य पर खेले जाने वाले मुकाबलों के लिए यूएई मेजबानी की रेस में सबसे आगे है।

### मेजबानी भारत के पास

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एशिया कप को हाइब्रिड मॉडल में आयोजित करने के बारे में कुछ चर्चाएं चल रही हैं। मेजबानी वैसे तो भारत के पास है, लेकिन एसीसी ने पहले तय किया था कि जब भी भारत और पाकिस्तान की बारी आएगी, तो उनके मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे।

### हाइब्रिड मॉडल पर टूर्नामेंट कराने का हो सकता है फैसला

अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से 6-7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध खराब हैं। ऐसे में एशिया कप में पाकिस्तान के भारत आने की संभावना खत्म हो गई है। एसीसी जुलाई के पहले हफ्ते में टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर कराने का फैसला कर सकती है।

## ग्रासकोर्ट पर खेलना पसंद

# अल्काराज की लगातार तीसरे विम्बलडन खिताब पर निगाहें

एजेंसी ▶▶ लंदन



स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार को यहां सेंटर कोर्ट पर विम्बलडन के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे और उनकी निगाहें इस ग्रैंडस्लैम में लगातार तीसरा खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी।

- फैबियो के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे

ओपन युग में सिर्फ चार खिलाड़ी ही लगातार तीन बार विम्बलडन ट्रॉफी जीत सके हैं जो 1968 में शुरू हुआ था जिसमें ब्योर्न बोर्ग, पीट सम्प्रास, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच शामिल हैं। छह साल पहले 22 साल के अल्काराज ने यहां ग्रासकोर्ट पर पहला मैच खेला था। पिछले साल के पुरुष चैंपियन को ही सेंटर कोर्ट पर पहला मैच खेलने का मौका मिलता है। ग्रैंडस्लैम फाइनल में अल्काराज का रिकॉर्ड 5-0 है जिसमें दो बार फ्रेंच ओपन खिताब शामिल हैं। अमेरिकी ओपन में भी एक दफा वह ट्रॉफी जीत चुके हैं। अल्काराज ने तीन हफ्ते पहले फ्रेंच ओपन के फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से दो सेट पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए खिताब जीता था। पिछले साल दूसरी रैंकिंग पर काबिज अल्काराज किसी भी कोर्ट (ग्रास, क्ले और हार्ड कोर्ट) में मेजर ट्रॉफी जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए थे। लेकिन उन्हें ग्रासकोर्ट पर खेलना पसंद है। वह सोमवार को करियर में सर्वश्रेष्ठ लगातार 18 मैच जीतने की लय को जारी रखना चाहेंगे।

### जोकोविच के लिए 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का अच्छा मौका

*नोवाक जोकोविच से भले ही अब किसी टूर्नामेंट के शुरू होने पर अक्सर उनके संन्यास को लेकर सवाल किया जाता है लेकिन इस स्टार टेनिस खिलाड़ी की निगाह सोमवार से शुरू होने वाले विंबलडन पर टिकी हैं जिसे वह अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका मानते हैं। जोकोविच अभी 38 साल के हैं और विंबलडन से पहले उनसे यही सवाल पूछा गया कि क्या वह आखिरी बार इस प्रतियोगिता में खेलेंगे। इस 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन का जवाब भी रटा रटाया था। जोकोविच ने कहा, ''क्या यह मेरा आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट हो सकता है।*

### चेल्सी व पाल्मेरास क्लब विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में

**चार्लोट (अमेरिका)।** क्रिस्टोफर एनकुंकू ने अतिरिक्त समय में रिबाउंड पर गोल किया जिससे चेल्सी ने बेनफिका को 4-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। खराब मौसम और बिजली कड़कने के कारण इस मैच में व्यवधान पड़ा और इसे पूरा होने में करीब पांच घंटे लगे। चेल्सी क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में पाल्मेरास से भिड़ेगा। पाल्मेरास ने शनिवार को खेले गए अंतिम 16 के एक अन्य मैच में बोटाफोगो को 1-0 से हराया। दोनों टीम निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी। एनकुंकू ने 108वें मिनट में गोल करके चेल्सी को बढ़त दिलाई। इसके बाद पेड्रो नेटो और किरनान डेव्सबरी हॉल ने अतिरिक्त समय में गोल करके चेल्सी की बड़ी जीत सुनिश्चित की। इससे पहले रीस जेम्स ने 64वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके चेल्सी को 1-0 की बढ़त दिला दी।

## एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट

# निकहत-अंकुशिता शानदार जीत से सेमीफाइनल में

भाषा ▶▶ हैदराबाद

दो दफा की विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने रविवार को यहां एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट के दूसरे दिन शानदार जीत से 51 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। निकहत ने कल्पना पर 5 - 0 से शानदार जीत के साथ घरेलू दर्शकों को खुश कर दिया। पूर्व युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो ने भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और राजस्थान की मुक्केबाज़ पार्थवी पर 5 - 0 की शानदार जीत के साथ 65 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टरफाइनल के अन्य नतीजों में प्रीति (54 किग्रा), ज्योति (51 किग्रा) और देविका घोरपड़े (51 किग्रा) ने सर्वसम्मत फैसलों से सेमीफाइनल में जगह बनाई। तमिलनाडु की वी लक्ष्या (51 किग्रा) ने लक्ष्मी देवी पर 5 - 0 की जीत से प्रभावित किया जबकि तनु (54 किग्रा), शशि (65 किग्रा) और यशी शर्मा (65 किग्रा) भी मजबूत प्रदर्शन की बदौलत अगले दौर में पहुंची। अंकुशिता की 'टॉप्स' साथी गीतिमोनी गोगोई 70 किग्रा में आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) के जरिए आगे बढ़ीं और बेबीरोजसाना चानू (57 किग्रा) ने भी जीत दर्ज की। सेमीफाइनल सोमवार को होंगे। यह टूर्नामेंट पटियाला में होने वाले एलीट राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने के लिए आयोजित कराया जा रहा है।

### भारतीय महिला टीम की एफआईएच प्रो लीग में आठवीं हार

**बर्लिन।** एफआईएच प्रो लीग से पहले ही बाहर हो चुकी भारतीय महिला हॉकी टीम को रविवार को यहां दो बार एक गोल की बढ़त गंवाने के बाद चीन से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की इस प्रतियोगिता में यह लगातार आठवीं हार है। भारत इस हार के बाद 16 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ टीमों की तालिका में सबसे नीचे रहा। आखिरी स्थान पर रहने के कारण भारतीय महिला टीम शीर्ष स्तर के प्रो लीग से दूसरे स्तर की वैश्विक टूर्नामेंट नेशंस कप में रेलीगेट हो गयी। सुनेलिता टोप्पो (नौवें मिनट) और रुतुजा पिसल (38वें) ने भारत के लिए गोल किये जबकि झांग यिंग (19वें, 39वें) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत की बढ़त को खत्म किया और फिर जू वेन्यू ने 53वें मिनट में गोल कर चीन की जीत पक्की कर दी।

**महिला टी20 मैच में भारत के खिलाफ तय समय में दो ओवर कम किए**

# धीमी ओवर गति के कारण इंग्लैंड पर लगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नॉटिंघम

इंग्लैंड पर भारत के खिलाफ पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया जिसमें मेहमान टीम ने 97 रन से जीत हासिल की थी। एमिरेट्स आईसीसी अंतरराष्ट्रीय पैनल ऑफ मैच रैफरी की हेलेन पैक ने निर्धारित समय में दो ओवर कम फेंकने के बाद इंग्लैंड पर यह जुर्माना लगाया।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को एक बयान में कहा, ''खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता का अनुच्छेद 2.22 न्यूनतम ओवर गति उल्लघंन से संबंधित है जिसके अनुसार खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।''



### दूसरा मैच मंगलवार को ब्रिस्टल में

बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित भारत ने कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना के 112 रन से पांच विकेट पर 210 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर सिमट गई थी जिससे भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। दूसरा मैच मंगलवार को ब्रिस्टल में खेला जाएगा।

## बुमराह पर बोझ कम करने स्पिनर यादव को खिलाना चाहिए

# भारत को अनुभवी गेंदबाजों की जरुरत : अजहरुद्दीन

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने कहा कि भारत को अपने गेंदबाजी आक्रमण में अधिक अनुभव जोड़ने और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर बोझ कम करने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट में बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए।

लीड्स में पहले टेस्ट में भारतीय टीम पांच विकेट से हार गई जिसमें मेहमान टीम विकेटों के लिए बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर थी। अजहरुद्दीन ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''वे बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर हैं। यह आसान नहीं है क्योंकि आपको अधिक अनुभवी गेंदबाजों की जरूरत है और उन्हें कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए।




### हम बल्लेबाजी के विफल होने के कारण हारे

अजहर ने कहा, ''हम बल्लेबाजी के विफल होने के कारण हारे, लेकिन अब उन्हें सही खिलाड़ियों को चुनना होगा और गेंदबाजी भी सही होनी चाहिए।'' अजहरुद्दीन (62 वर्ष) ने नए टेस्ट कप्तान गिल का बचाव करते हुए कहा कि उन्हें अपनी क्षमता साबित करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''यह कप्तान के तौर पर उनका पहला मैच है। आप कप्तानी के बारे में बात नहीं कर सकते। कप्तानी के बारे में बात करना अभी जल्दबाजी होगी।'' भारत को कप्तान के तौर पर 47 टेस्ट में से 14 जीत दिलाने वाले अजहरुद्दीन ने कहा, ''हमें उन्हें उचित मौका देना चाहिए और उन्होंने अभी अभी कमान संभाली है।

### भारत का पहली पारी में अच्छा स्कोर रहा

अब भारतीय टीम दो जुलाई से बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में खेलेगी जिसमें पिच सूखी रहने की उम्मीद है जिससे कुलदीप को कुछ मदद मिल सकती है। भारत ने कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत के शतकों की मदद से पहली पारी में 471 रन का अच्छा स्कोर बनाया था।

### मध्य व अंतिम क्रम के बल्लेबाज विफल रहे

केएल राहुल और पंत के शतकों की मदद से उन्होंने दूसरी पारी में 364 रन बनाए। लेकिन दोनों ही पारियों में मध्य और अंतिम क्रम के बल्लेबाजों के विफल होने के कारण मेहमान टीम मजबूत स्कोर या लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। अजहरुद्दीन ने टीम संयोजन को सही रखने की बात की ताकि टीम को लीड्स की हार से बाहर निकाला जा सके।

# तन्वी और आयुष अमेरिकी ओपन के फाइनल में

एजेंसी ▶▶ आयोवा (अमेरिका)

प्रतिभाशाली भारतीय शटलर तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

भारत की 16 वर्षीय गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी तन्वी ने महिला एकल के सेमीफाइनल में यूक्रेन की सातवीं वरीयता प्राप्त पोलिना बुहरोवा को 34 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। यह उनकी यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ करियर की दूसरी जीत थी। फाइनल में तन्वी का मुकाबला अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त बेइवेन झांग से होगा।



पुरुष एकल में भारत के चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व के छठे नंबर के चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन को एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-23, 21-15, 21-14 से हराकर बड़ा उलटफेर किया।

**यमुनोत्री धाम** की ओर जानकीचट्टी, फूलचट्टी, खरसाली राना चट्टी, स्याना चट्टी क्षेत्र में भारी तबाही



# चारधाम यात्रा 24 घंटे के लिए स्थगित, भारी बारिश से यमुनोत्री हाईवे कई जगह बंद, 1 हजार श्रद्धालु फंसे



1 **सिलाई बैंड** के पास बादल फटने से कई मजदूर लापता

2 **यमुनोत्री हाईवे** से गंगोत्री डायवर्ट किया रूट



एजेंसी ▶▶ देहरादून

यमुनोत्री धाम की ओर जानकीचट्टी, फूलचट्टी, खरसाली, राना चट्टी, स्याना चट्टी क्षेत्र में करीब एक हजार से अधिक श्रद्धालु फंसे हुए हैं। भारी बारिश के चलते यमुनोत्री हाईवे समेत कई जगह रास्ते बंद हैं। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे ने बताया कि भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए चार धाम यात्रा को अगले 24 घंटों के लिए स्थगित कर दिया गया है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को हरिद्वार, ऋषिकेश, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, सोनप्रयाग और विकासनगर में तीर्थयात्रियों को रोकने के निर्देश दिए गए हैं। दुबाटा बैंड पर तैनात एसआई विक्रम सिंह ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से श्रद्धालुओं को क्षेत्र की स्थिति से अवगत करवाते हुए गंगोत्री की ओर भेजा जा रहा है। वहीं, यमुनोत्री धाम की ओर जानकीचट्टी, फूलचट्टी, खरसाली, राना चट्टी, स्याना चट्टी क्षेत्र में करीब एक हजार से अधिक श्रद्धालु फंसे हुए हैं। उधर चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह रावत ने बताया कि जानकीचट्टी यमुनोत्री पैदल मार्ग पर सामान्य स्थिति के चलते यहां पर कल से ठहरे हुए श्रद्धालुओं को यमुनोत्री धाम जाने दिया जा रहा है।

### मलबा आने से बदरीनाथ हाईवे समेत 72 से ज्यादा मार्ग बंद

*प्रदेश में बारिश ने जमकर कहर बरपाया है। बारिश के बाद जगह-जगह मार्गों पर मलबा आ गया है। इससे 72 मार्ग से ज्यादा मार्ग बंद हो गए हैं। सबसे अधिक 21 मार्ग चमोली जिले के हैं। बदरीनाथ हाईवे पार्थाडीप और सिरोहबगड़ में देर रात से बंद चल रहा है। सोनला में दलदल होने से यात्रियों के वाहन फंस रहे हैं। कर्णप्रयाग नैनीताल हाईवे रन्डोली के पास गदेरे में मलबा आने से बंद हो गया है। इस दौरान हाईवे के दोनों ओर काफी संख्या में लोग फंस गए है। कई लोग मलबे से ही होकर सड़क पार कर रहे हैं। यमुनोत्री हाईवे पालिगाड, कुथनोर, झाझरगड के पास और गंगोत्री हाईवे नेताला बिशनपुर, लालढांग, नालूणा में बाधित हुआ है।*

### उत्तराखंड में बादल फटने से 2 की मौत, 7 लापता

*उत्तरकाशी में यमुनोत्री मार्ग पर बादल फटने से दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि 7 लापता हैं। जिला मजिस्ट्रेट प्रशांत आर्य ने बताया कि मजदूर एक होटल के निर्माण में लगे हुए थे। जब भूस्खलन हुआ, तब कैंप साइट पर 29 मजदूर थे। उनमें से 20 को सुरक्षित निकाल लिया गया। वहीं, सरयू, अलकनंदा और सरस्वती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। शनिवार से जारी भारी बारिश के चलते चारधाम यात्रा अगले 24 घंटे के लिए रोक दी गई है। यात्रियों को हरिद्वार, ऋषिकेश, रुद्रप्रयाग, सोनप्रयाग और विकासनगर में ही रोकने के आदेश दिए गए हैं। यमुनोत्री हाईवे पर पालीगाड़ ओजरी डाबरकोट के बीच सिलाई बैंड के पास बादल फटने से तबाही मच गई। इस दौरान यहां होटल निर्माण स्थल तबाह हो गया है, जिससे कई मजदूर लापता हो गए। लापता मजदूरों की तलाश में प्रशासन की टीम और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है।*

## खबर संक्षेप

### तंजानिया में बस दुर्घटना में कम से कम 37 की मौत


**दार उस सलाम।** तंजानिया के सुदूर इलाके में दो बसों के टकराने और उनमें आग लगने से 37 लोगों की मौत हो गई।




अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। इस दुर्घटना में कम से कम 37 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। बसों के बीच यह टक्कर शनिवार शाम को किलिमंजारो क्षेत्र में मोशी-तांगा राजमार्ग के पास सबसाबा इलाके में हुई। पीड़ितों की पहचान और राष्ट्रीयता का पता नहीं चल सका है। आयुक्त नूरदीन बाबू, शोक व्यक्त किया है।

### बलूचिस्तान में 5.3 तीव्रता का भूकंप, 5 घायल


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को 5.3 तीव्रता का भूकंप आया,



जिससे कम से कम पांच लोग घायल हो गए। मीडिया में आई खबर से यह जानकारी मिली। अर्धसैनिक बल के अधिकारी तौकीर शाह ने बताया कि भूकंप का केंद्र बरकान शहर के निकट था और यह स्थानीय समयानुसार तड़के लगभग साढ़े तीन बजे आया। उन्होंने कहा, हमारे पास बरकार के पास रारा शाइम इलाके में कम से कम पांच लोगों के घायल होने की सूचना है, जिनमें एक दंपति भी शामिल है।

### ट्रंप पर भड़के मस्क कहा खत्म होंगी नौकरियां

**वाशिंगटन।** उद्योगपति एलन मस्क ने शनिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक



कर एवं व्यय कटौती विधेयक के प्रति एक बार फिर नाराजगी जताते हुए कहा कि जिस विधेयक को रिपब्लिकन पार्टी के सांसद पारित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उससे नौकरियां खत्म हो जाएंगी और उभरते उद्योग ठप्प पड़ जाएंगे। मस्क ने एक्स पर लिखा, सीनेट का नवीनतम मसौदा विधेयक अमेरिका में लाखों नौकरियां खत्म कर देगा और हमारे देश को भारी रणनीतिक नुकसान पहुंचाएगा।

## बांग्लादेश में पीड़िता का वीडियो बनाकर किया वायरल

# हिंदू महिला से दरिंदगी करने घर में घुसा फज्र अली, बीएनपी नेता समेत 5 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट और मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से हिंदुओं के प्रति हिंसा बड़े स्तर पर पढ़ गई है। कहीं हिंदुओं के मंदिरों को तोड़े जा रहे हैं तो कहीं उन पर जानलेवा हमला किया जा रहा है। हाल ही में सामने आई एक नई घटना में एक 21 साल की हिंदू महिला के साथ दुष्कर्म किया गया। महिला की शिकायत के बाद आरोपी फज्र अली को गिरफ्तार किया गया. बता दें कि आरोपी बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) का नेता है। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक पुलिस घटना को लेकर 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। फज्र अली इनमें से मुख्य संदिग्ध है।

वहीं 3 अन्य लोगों को पीड़िता का वीडियो रिकॉर्ड करने और उसे सोशल मीडिया पर शेयर करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह घटना 26 जून 2025 की है। रामचंद्रपुर पचकित्ता गांव का 38 साल का फज्र अली रात लगभग 10 बजे पीड़िता के पिता के घर में घुस गया। पीड़िता का पति दुबई में काम करता है। वह स्थानीय त्यौहार हरि सेवा सेलिब्रेट करने के लिए अपने बच्चों के साथ कुछ दिनों के लिए पिता के घर पर रह रही थी। पीड़िता की 27 जून 2025 को दी गई लिखित शिकायत के आधार पर फजोर अली के खिलाफ महिला और बाल उत्पीड़न निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं मामले को लेकर मुरादनगर पुलिस ने भी जांच शुरू की। इस घटना के बाद से क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन किया गया। लोगों ने हिंदू महिला के साथ हुए इस अत्याचार पर नाराजगी जाहिर की है।

» ***अराजक हुई बांग्लादेश सरकार हिंदुओं पर ढाए जा रहे जुल्म***

» ***अपनी इज्जत बचाने की पीड़िता लगाती रही गुहार***



घटना के विरोध में कई जगह हुए प्रदर्शन

### घर में जबरदस्ती घुसा मारपीट की

केस स्टेटमेंट के मुताबिक पीड़िता के दरवाजा खोलने से मना करने पर फज्र अली जबरदस्ती उसके घर में घुस गया और मारपीट करने लगा। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने अली को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई लगाई, हालांकि वह मौके से फरार होने में सफल हो गया। पुलिस ने रविवार 29 जून 2025 को सुबह करीब 5 बजे ढाका के सैदाबाद इलाके से फज्र अली को गिरफ्तार किया।

### दुबई में काम करता है पति

स्थानीय लोगों के मुताबिक पीड़िता का पति दुबई में काम करता है। स्थानीय त्यौहार हरि सेवा के लिए अपने बच्चों के साथ अपने पिता के घर पर रह रही थी। केस स्टेटमेंट के अनुसार, पीड़िता द्वारा दरवाजा खोलने से मना करने पर अली जबरन घर में घुस गया और उसके साथ मारपीट की। स्थानीय लोगों ने अली को पकड़ लिया और उसकी पिटाई की लेकिन वह मौके से भागने में सफल रहा।

### सड़कों पर फूटा लोगों का गुस्सा, हुए प्रदर्शन

*घटना के बाद मुरादनगर और कुमिल्ला के आसपास के इलाकों में लोगों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। स्थानीय लोगों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और सख्त सजा की मांग की है। पूरे बांग्लादेश में इस घटना को लेकर आक्रोश है और सोशल मीडिया पर भी लोग खुलकर इंसाफ की मांग कर रहे हैं।*

### बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमले

*बांग्लादेश में हिंदू समुदाय और उनके पूजा स्थलों पर हमले किसी से छिपे नहीं हैं। भारत लगातर अंतरराष्ट्रीय मंच पर इस मुद्दे को उठाता रहा है। इसी साल फरवरी में जारी संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में भी उल्लेख किया गया था कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हिंसक भीड़ के हमले शेख हसीना के भारत भागने से पहले ही शुरू हो गए थे। रिपोर्ट में यह भी खुलासा किया गया था कि हिंदुओं के साथ-साथ चटगांव हिल ट्रैक्ट्स में अहमदिया मुसलमानों और स्वदेशी समूहों को भी बांग्लादेश में अत्याचारों का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट में कहा गया कि विरोध प्रदर्शनों के दौरान और उसके बाद चटगांव पहाड़ी क्षेत्र में हिंदू समुदाय, अहमदिया मुसलमानों और स्थानीय समूहों के सदस्यों पर भीड़ की ओर से हिंसक हमले किए गए, जिनमें घरों को जलाना और पूजा स्थलों पर हमले शामिल थे।*

## पाकिस्तानी कनेक्शन आया सामने

# एलओसी के पास दो नाबालिगों के शव मिलने से 'सनसनी'




एजेंसी ▶▶ जोधपुर

राजस्थान के जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास एक युवक और नाबालिग लड़की का शव मिला है। जिले के एसपी ने इसकी पुष्टि की है। मौके से एक पाकिस्तानी सिम और आईडी कार्ड भी बरामद किया गया है। दरअसल, ये दोनों शव जैसलमेर जिले के साधेवाला क्षेत्र में स्थित भारत-पाकिस्तान सीमा के पास मिले हैं। मृतकों में एक 18 वर्षीय युवक और एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की शामिल हैं। शवों की हालत से अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों की मौत करीब सात दिन पहले हुई होगी। शव भारत-पाक तारबंदी से 10-12 किलोमीटर भीतर भारतीय क्षेत्र में पाए गए हैं। घटनास्थल पर एक पाकिस्तानी सिम कार्ड और एक आईडी कार्ड मिलने से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। आईडी कार्ड के अनुसार, युवक का नाम रवि कुमार (उम्र 18 वर्ष) है। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास दो शव मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हो गईं। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और बीएसएफ के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने शवों को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सीएचसी की मोर्चरी में रख दिया। जैसलमेर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुधीर चौधरी ने पुष्टि की है कि मामला अत्यंत संवेदनशील है और हर पहलू से जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास के गांवों में भी पूछताछ शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में शवों के पास कोई हथियार या जहर नहीं मिला है। मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### पाकिस्तानी सिम कार्ड और एक आईडी कार्ड बरामद हुआ

*साथ ही घटनास्थल का मुआयना किया, जिसमें उन्हें उनके पास से एक पाकिस्तानी सिम कार्ड और एक आईडी कार्ड बरामद हुआ है। आईडी कार्ड में युवक का नाम रवि कुमार और उम्र 18 वर्ष दर्ज है। हालांकि, नाबालिग लड़की की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है।*

## छह पुलिसकर्मी हुए घायल

# पुलिस से झड़पः हिरासत में लिए गए दर्जनों प्रदर्शनकारी

एजेंसी ▶▶ बेलग्रेड

सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में बड़ा प्रदर्शन हुआ। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं, जिसमें दर्जनों को हिरासत में लिया गया। यह प्रदर्शन सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जांदर वूचिच के खिलाफ था। लोग जल्द चुनाव की मांग कर रहे थे। इस विशाल रैली में हजारों लोग शामिल हुए, खासतौर पर विश्वविद्यालय के छात्र थे। पिछले आठ महीनों से लगातार हो रहे इन विरोध प्रदर्शनों ने वूचिच की सत्ता को हिला दिया




है। हमें चुनाव चाहिए के नारे लगाते हुए राजधानी के स्लाविजा चौक और उसके आस-पास की कई सड़कों पर भीड़ उमड़ पड़ी। इतने लोग इकट्ठा हुए कि कई लोग आयोजन स्थल तक भी नहीं पहुंच सके। सड़कों पर संघर्ष के दौरान पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हथकड़ी लगाकर गिरफ्तार किया।

## रिश्तेदारों से मदद की अपील

# शादी करने अमेरिका पहुंची भारतीय युवती हुई लापता

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय युवती सिमरन (24) भारत से अमेरिका अरेंज मैरिज के लिए पहुंची थी, लेकिन अब वह यूएस से लापता हो गई है। उसे 20 जून को न्यू जर्सी में आखिरी बार देखा गया था। न्यू जर्सी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में देखा कि वह अपने फोन लगातार चेक कर रही थी, जैसे किसी का इंतजार कर रही हो, लेकिन वह परेशान नहीं दिखी। एनआरआई समुदाय और रिश्तेदारों ने मदद की अपील की है। अधिकारियों के मुताबिक, सिमरन



को अंग्रेजी बोलने में मुश्किल है और उसके पास जो फोन है, वह सिर्फ वाई-फाई के जरिए ही काम कर सकता है। पुलिस का मानना है कि सिमरन की शादी के लिए अमेरिका आने का जो दावा किया गया है, वह शायद सही नहीं हो। अधिकारियों को शक है कि वह मुफ्त हवाई यात्रा करने के लिए अमेरिका आई हो सकती है। सिमरन के परिवार से संपर्क की कोशिश की जा रही है।

## अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का ट्रंप के पक्ष में फैसला

# अमेरिका में जन्मसिद्ध नागरिकता कानून का अब रास्ता हुआ साफ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अपने कार्यकाल के पहले दिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जन्मसिद्ध नागरिकता समाप्त करने के लिए एक कार्यकारी आदेश जारी किया, जोकि अमेरिका में जन्मे सभी बच्चों को नागरिकता प्रदान करता है। यह अधिकार संविधान में 160 वर्षों से निहित है। इस आदेश को चुनौती देने वाले मुकदमे दायर किए गए और कई राज्यों के न्यायाधीशों ने इसे रोकने के लिए निषेधाज्ञाएं जारी कीं। हाल ही में, सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन के पक्ष में निर्णय दिया, जिससे आदेश लागू होने का रास्ता साफ हो गया। इससे कई सवाल



उठते हैं जैसे कि क्या कुछ राज्यों में अवैध रूप से रहने वाले प्रवासियों के बच्चों को नागरिकता का अधिकार होगा? क्या ऐसे माता-पिता के बच्चों को निर्वासित किया जा सकता है? 22 राज्यों, जहां डेमोक्रेटिक सरकारें है, वहां जन्मसिद्ध नागरिकता आदेश के खिलाफ केस दायर किए गए थे। इसके विपरीत 28 राज्यों में जहां आदेश को चुनौती नहीं दी गई, अवैध रूप से रहने वाले प्रवासियों के बच्चों को अमेरिकी नागरिकता से वंचित किया जा सकता है। बता दें कि कई प्रवासी अधिकार समूहों ने इस आदेश के खिलाफ आपातकालीन रोक लगाने की मांग की है। इस निर्णय के संभावित प्रभावों पर चर्चा जारी है। बता दें कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने जन्मसिद्ध नागरिकता नीति को चुनौती देने वाले मामलों को निचली अदालतों में वापस भेज दिया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, निचली अदालतों यह तय करना होगा कि नए फैसले का पालन करने के लिए अपने आदेशों को कैसे तैयार किया जाए।

## ट्रंप ने लाखों भारतीयों को दी राहत

# रेमिटेंस टैक्स घटाकर किया 1% पैसे भेजने पर लगेगा 0% टैक्स

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में रहकर नौकरी कर रहे लाखों भारतीयों के लिए राहत भरी खबर है। इतना ही नहीं इसमें भी अगर कोई भारतीय एनआरआई बैंक खातों, डेबिट या क्रेडिट कार्ड के जरिए पैसे भेजता है तो उसपर 0 टैक्स लगेगा। वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट को संशोधित करके रेमिटेंस टैक्स कम किया गया है। वन बिग ब्यूटीफुल बिल के संशोधित मसौदे में प्रस्तावित पैसे ट्रांसफर करने पर पहले से प्रस्तावित 3.5% टैक्स को घटाकर मात्र 1% कर दिया गया है। ट्रंप सरकार के इस कदम से अमेरिका में रह रहे लाखों



भारतीयों को राहत मिली है। यह बिल अमेरिकी हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव से पारित हो गया है। सीनेट रिपब्लिकन ने 27 जून को इस बिल का अपडेटेड ड्राफ्ट जारी किया। डिबेट के बाद सीनेट से बिल पारित होने के बाद इसे राष्ट्रपति के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। इस प्रोसेस को 4 जुलाई तक पूरे होने की उम्मीद है। 27 जून, 2025 को जारी किए गए संशोधित विधेयक के अनुसार रेमिटेंस टैक्स को पहले प्रस्तावित 3.5% से घटाकर मात्र 1% कर दिया गया है। इसमें बैंक खातों, डेबिट या क्रेडिट कार्ड के जरिए अगर पैसे भेजे गए पैसे को इस टैक्स से पूरी तरह छूट दे दी गई है। लेकिन अगर आप नकद, मनी ऑर्डर, कैशियर चेक या अन्य समान भौतिक साधनों के जरिए पैसे भेजते हैं तो आपको इसके लिए 1 फीसदी का टैक्स चुकाना पड़ेगा। लेकिन अगर आप इससे भी बचना चाहते हैं तो आपको अमेरिका में जारी डेबिट या क्रेडिट कार्ड या किसी वित्तीय संस्थान के खाते के माध्यम से पैसे भेजने होंगे। वन बिग ब्यूटीफुल बिल में संशोधन गैर-निवासी भारतीयों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है।

## खेरसॉन में 2 लोगों की मौत, करीब 10 लोग घायल

226 ड्रोन और मिसाइलों को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से जाम किया

# रूस ने यूक्रेन पर किया 3 साल का सबसे बड़ा हमला 477 ड्रोन और 60 मिसाइलों से थर्रा गया पूरा कीव

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस ने शनिवार और रविवार की रात यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया है। रूस के इस हमले के बाद तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने की कोशिशों को बड़ा झटका लगा है। यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि यह हमला अभूतपूर्व पैमाने पर किया गया। इससे यूक्रेन को बड़े नुकसान की आशंका जाहिर की गई है। प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार 1 व्यक्ति की मौत की बात सामने आ रही है। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार रूस ने इस हमले के दौरान कीव पर कुल 477 ड्रोन और 60



**यूक्रेन ने 249 ड्रोन मार गिराने का दावा किया**

मिसाइलें दागीं। हालांकि यूक्रेनी सेना ने इनमें से 249 ड्रोन मार गिराने का दावा किया। जबकि 226 ड्रोन और मिसाइलों को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से जाम करने की बात कही गई है। वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनात ने बताया कि हमला यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला था।

### तेहरान की कुख्यात एविन जेल पर हमला, 71 की मौत

*ईरान से चल रहे युद्ध के दौरान इजराइल ने तेहरान की कुख्यात एविन जेल पर बहुत भयानक हमला किया था। ईरान की न्यायपालिका ने कहा कि जेल पर गत सोमवार को इजराइल द्वारा किए गए हमले में कम से कम 71 लोग मारे गए थे। इस जेल में कई राजनीतिक कार्यकर्ताओं को रखा गया है। यह ईरान के ऊपर इजराइल का बहुत बड़ा हमला माना जा रहा है। रविवार को प्रसारित खबर में न्यायपालिका के प्रवक्ता असगर जहांगीर ने कहा कि मारे गए लोगों में कर्मचारी, सैनिक, कैदी और मिलने आए परिवारों के सदस्य शामिल हैं।*

### ट्रंप ने बढ़ाया दबाव, हमास से कहा बंधकों को छोड़ें



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और हमास से गाजा में एक समझौता करने का आग्रह किया है। इस समझौते का मकसद 7 अक्टूबर 2023 को अपहरण किए गए शेष बंधकों को वापस लाना है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल नेटवर्क पर लिखा, गाजा में समझौता करें। ट्रंप के इस पोस्ट से ऐसा प्रतीत होता है कि वह इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर युद्धविराम समझौते को अंतिम रूप देने के लिए दबाव डाल रहे हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109